सोमवार, 9 मार्च 2026
ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।
epaper.samagya.in




# समाज्ञा




स्थानीय खबरें पृष्ठ चार, छ: और सात पर
कोलकाता, चैत्र कृष्णपक्ष षष्ठी, वि.स. 2082, पृष्ठ 12, मूल्य 3.00 रुपये
सुविचार : हर व्यक्ति को किसी न किसी बात पर अपने से बेहतर होता है।





All images are Artist's Impression

BOOKING OPEN

eden
DEVPRAYAG
River crafted lifestyle

THE HOLY GANGA AT YOUR DOORSTEP. AN OPEN BLUE SKY BEYOND.
JUST THE BEGINNING OF TIMELESS LIVING.





5 Stately Towers || 86% Open-to-sky Area || Elegant Simplex || Exclusive Duplex
Mostly South-facing Apartments || 90+ Amenities || Rooftop Infinity Swimming Pool

EXPERIENCE THE ALLURE OF PURE PRIVILEGE

Witness the river crafted essence of Prayag life.

1. Only residential project of **Kolkata & Howrah with Ganga in the South**
2. 1.85 lakh Sft **Prayag-inspired Landscaped Podium**
3. 75,000 Sft **Podium & Terrace Club**
4. Exclusive access to **Banaras-style Ganga Ghat**
5. **270-degree Ganga view** from the terrace
6. Enjoy **lower temperatures & better AQI** with lush greenery inside & outside
7. Witness the **rare experience of Sunrise & Sunset from the same balcony**
8. **Connected without compromise**-just 12 mins from Victoria Memorial
9. Unique experience of **Double/Quad-height terraces**
10. Iconic architectural marvel that echoes the **ever-flowing rhythm of the Ganga**

BetheBee.in
*T&C Apply

Pravah RERA No: WBRERA/P/HOW/2025/003782
www.rera.wb.gov.in

LOWER FORESHORE ROAD
12 mins from Victoria Memorial

033 6626 4242
www.edendevprayag.com

Scan for Location

## कर्नाटक-आंध्र का सोशल मीडिया पर अंकुश

डिजिटल क्षेत्र में भारत के अग्रणी राज्य कर्नाटक ने सोलह साल से कम उम्र के बच्चों को सोशल मीडिया के घातक प्रभावों से बचाने के लिये देश में सबसे पहले अनुकरणीय पहल की है। राज्य सरकार ने 2026-27 के बजट सत्र के दौरान घोषणा की है कि किशोरवय अब सोशल मीडिया का उपयोग नहीं कर सकेंगे। यह निर्णय अभिभावकों की उस चिंता को कम करता है जो अनियंत्रित डिजिटल गतिविधियों से उत्पन्न होने वाले जोखिम से परेशान थे। जिसमें साइबर बुलिंग व साइबर धोखाधड़ी भी शामिल है। कर्नाटक की पहल के बाद आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने भी विधानसभा में घोषणा की है कि अगले नब्बे दिनों के भीतर 13 साल से कम उम्र के बच्चों द्वारा सोशल मीडिया के इस्तेमाल पर रोक लगा दी जाएगी। इस तरह आंध्र प्रदेश कर्नाटक के बाद ऐसा सख्त फैसला लेने वाला दूसरा राज्य बनने जा रहा है। इस प्रकार ये दो राज्य तेजी से ऑनलाइन होती दुनिया में 'किशोरों की सुरक्षा कैसे की जाए', की वैश्विक बहस में शामिल हो गए हैं। उल्लेखनीय है कि ऐसी पहल पहले आस्ट्रेलिया और फ्रांस आदि देशों में हो चुकी है। हालांकि, इन राज्यों की पहल सराहनीय है, लेकिन इस प्रतिबंध का प्रभावी क्रियान्वयन कैसे सुनिश्चित होगा, इसका प्रारूप अभी स्पष्ट नहीं है। दरअसल, देश-दुनिया के मनोवैज्ञानिक और बाल स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने बार-बार चेतावनी दी है कि सोशल मीडिया का अनियंत्रित उपयोग किशोरों के मानसिक और भावनात्मक विकास पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकता है। उल्लेखनीय है कि इस चिंता का जिक्र 2025-26 के केंद्र सरकार के आर्थिक सर्वेक्षण में भी किया गया था। कर्नाटक व आंध्र प्रदेश की यह पहल तेजी से विकसित हो रहे तकनीकी परिदृश्य के प्रति एक सुरक्षात्मक दृष्टिकोण ही दर्शाती है। लेकिन यहां सवाल उठता है कि इस कार्य योजना को अमलीजामा कैसे पहनाया जाएगा? यह हकीकत जानते हुए कि आज के डिजिटल युग में, स्मार्टफोन और ऐप्स शिक्षा, संचार और दैनिक जीवन के अभिन्न अंग बन गए हैं।

यहां उल्लेखनीय है कि तमाम स्कूल असाइनमेंट और अपडेट के लिये मैसेजिंग एप्स, ऑनलाइन पोर्टल और डिजिटल प्लेटफॉर्मों पर निर्भरता बढ़ गई है। यही वजह है कि छात्रों द्वारा 'शैक्षिक' और 'सामाजिक' उपयोग के बीच अंतर करना मुश्किल साबित हो सकता है। वहीं चिंता की बात यह भी कि किशोरों की आयु का सत्यापन कैसे व्यावहारिक बनाया जा सकेगा। वहीं देखना होगा कि सोशल मीडिया को संचालित करने वाली तकनीकी कंपनियां किस हद तक इस दिशा में सहयोग करेंगी। सहयोग न मिलने पर प्रतिबंध की व्यावहारिकता पर सवालिया निशान लग सकते हैं। उन परिवारों में जहां एक ही मोबाइल फोन का परिवार के अन्य सदस्य भी उपयोग करते हैं, वहां प्रतिबंध की व्यावहारिकता पर सवाल लग सकते हैं। उल्लेखनीय है कि आस्ट्रेलिया में पहले ही सोलह साल से कम उम्र के बच्चों के लिये सोशल मीडिया के उपयोग पर प्रतिबंध लागू है। वहीं दूसरी ओर फ्रांस जैसे अन्य देश भी सख्त डिजिटल सुरक्षा नियमों को लागू करने को लेकर गंभीर हैं। इसमें दो राय नहीं कि बच्चों को बेहतर डिजिटल सुरक्षा दी जानी जरूरी है, लेकिन केवल नियमन मात्र से इस जटिल समस्या का समाधान संभव नहीं हो सकता है। इस दिशा में सार्थक परिवर्तन सरकारों, स्कूलों, तकनीकी प्लेटफॉर्मों और सबसे महत्वपूर्ण रूप से अभिभावकों के बीच एक संतुलित दृष्टिकोण पर निर्भर करेगा। हालांकि, किशोरों को सोशल मीडिया की विकृतियों से बचाने के लिये तात्कालिक पहल केंद्र सरकार की तरफ से की जाती तो उसका देशव्यापी प्रभाव होता। लेकिन इसके बावजूद यदि कर्नाटक व आंध्र प्रदेश ने इस दिशा में पहल की है तो उम्मीद की जानी चाहिए कि अन्य राज्य भी इससे प्रेरणा ले सकेंगे। फिर निश्चित तौर पर केंद्र सरकार को भी देश में एक केंद्रीय कानून लाने को बाध्य होना पड़ सकता है। वहीं केंद्र सरकार को इस मुद्दे पर विषय विशेषज्ञों और समाज के विभिन्न वर्गों से भी राय लेनी चाहिए। ऐसे वक्त में जब बच्चों का स्क्रीन टाइम एक लत के रूप में लगातार बढ़ा है तथा उनकी एकाग्रता कम होने से पढ़ाई बाधित हो रही है, तो इस संकट का समाधान केंद्र व राज्यों की प्राथमिकता होनी चाहिए।

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 9 मार्च, सोमवार, 2026, विक्रम सम्वत् 2082, चैत्र कृष्णपक्ष षष्ठी, 23:29 तक, नक्षत्र : विशाखा, 16:06 तक, योग : व्याघात, 07:31 तक, सूर्योदयः 05:52, सूर्यास्तः 17:43, चन्द्रोदय : 23:03, चन्द्रास्तः 09:07, शक सम्वतः 1947 विश्वावसु, सूर्य राशि : कुम्भ, चन्द्र राशि : तुला, राहू काल : 07:22 से 08:51

## राशिफल

**मेष :** आज आपका काम किसी पत्रकार या डिटेक्टिव जैसा होगा, जहां आपको सर्वे और डेटा की गहराई में उतरना पड़ सकता है। आपके करियर की साख कायम रहेगी।

**वृष :** आपका पेशेवर जीवन इस समय एक बड़े रूपांतरण के दौर से गुजर रहा है। कार्यक्षेत्र में वरिष्ठ अधिकारियों या भागीदारों के साथ वैचारिक टकराव की स्थिति बन सकती है।

**मिथुन :** आप आज प्रॉब्लम सॉल्वर की भूमिका में नजर आएंगे। वक्री बुध के कारण किसी पुराने प्रोजेक्ट या रिपोर्ट में छिपी हुई तकनीकी गलतियां सामने आ सकती हैं।

**कर्क :** पेशेवर रूप से आपकी इन्ट्यूशन ही आज आपकी सबसे बड़ी ताकत होगी। जटिल प्रशासनिक समस्याओं का समाधान आप बहुत ही चतुराई और शांति से खोज लेंगे।

**सिंह :** आज आप खुद को कार्यक्षेत्र और घरेलू जिम्मेदारियों के बीच एक संतुलन बनाने की जद्दोजहद में पाएंगे। वक्री बुध के कारण सार्वजनिक रूप से अपनी योजनाओं का ढिंढोरा न पीटें।

**कन्या :** कार्यक्षेत्र में आज का दिन किसी कड़ी परीक्षा जैसा महसूस हो सकता है। डेटा लॉस, सर्वर एरर या तकनीकी खराबी के कारण आपको काफी मशक्कत करनी पड़ सकती है।

**तुला :** ऑफिस के तनावपूर्ण माहौल में आपकी शांत और न्यायप्रिय उपस्थिति आज मरहम का काम करेगी। नेतृत्व करने के कई अवसर मिलेंगे, बस अपनी निष्पक्ष छवि को बनाए रखें।

**वृश्चिक :** आज 'बैकस्टेज' या पर्दे के पीछे रहकर काम करना आपके करियर ग्राफ के लिए सबसे ज्यादा फायदेमंद रहेगा। अपनी कार्यशैली को गुप्त रखना ही आज आपकी जीत का मंत्र है।

**धनु :** टीम वर्क आज सफल रहेगा, लेकिन तकनीकी संचार में सावधानी बरतें। पुराने व्यावसायिक संबंधों को फिर से जीवित करने के लिए यह एक अच्छा समय है।

**मकर :** ऑफिस में अपनी गरिमा और शालीनता बनाए रखें। वित्तीय रूप से आज सुरक्षा पर ध्यान देने का दिन है। सट्टा बाजार से आज दूरी बनाना ही समझदारी है।

**कुम्भ :** कार्यक्षेत्र में सबकी निगाहें आप पर टिकी होंगी। किसी भी प्रेजेंटेशन या ईमेल को अंतिम रूप देने से पहले उसे 'डबल चेक' करें। लक्ज़री आइटम्स पर खरीदारी से आज परहेज करें।

**मीन :** आप आज रिसर्च, लेखन या किसी छिपे हुए प्रोजेक्ट पर काम करना अधिक पसंद करेंगे। आपकी गोपनीयता और शांत कार्यशैली की मैनेजमेंट द्वारा सराहना की जाएगी।

# समाज के लिए जरूरी है समावेशी, संवेदनशील व निष्पक्ष न्याय

**(10 मार्च को विश्व महिला न्याय दिवस पर विशेष)**



अशोक प्रवृद्ध

न्याय की देवी की आंखों पर बंधी पट्टी तटस्थता का प्रतीक है, लेकिन न्याय प्रदान करने वाले हाथ जब विविधता और संवेदनशीलता से भरे होते हैं, तो लोकतंत्र और मजबूत होता है। इसी विचार को वैश्विक स्तर पर मान्यता देने के लिए संयुक्त राष्ट्र द्वारा प्रतिवर्ष 10 मार्च को विश्व महिला न्यायाधीश दिवस मनाया जाता है। यह दिन केवल उत्सव का नहीं, बल्कि न्यायपालिका में लैंगिक असमानता को पाटने, न्यायपालिका के प्रत्येक स्तर पर महिलाओं की पूर्ण और समान भागीदारी सुनिश्चित करने, महिला न्यायाधीशों की प्राथमिकताएं, न्याय प्रणाली को अधिक समावेशी, संवेदनशील व निष्पक्ष बनाने और कांच की छत को तोड़ने के संकल्प लेने का दिन है। न्याय में महिलाएं, न्याय के लिए महिलाएं- यह इस दिवस का मुख्य अभियान है, जिसका उद्देश्य उच्च न्यायपालिका, सर्वोच्च न्यायपालिका में महिलाओं की संख्या बढ़ाना, जहां वर्तमान में भारत में यह केवल 13-14 प्रतिशत के आस-पास है। महिलाओं को केवल न्यायाधीश के रूप में ही नहीं, बल्कि मुख्य न्यायाधीश और कॉलेजियम जैसे निर्णय लेने वाले पदों पर आसीन करना है। महिला न्यायाधीशों की उपस्थिति न्याय वितरण की गुणवत्ता में सुधार करती है। उनकी प्राथमिकताओं में आधी आबादी के अनुभवों व घरेलू हिंसा, यौन उत्पीड़न जैसे चुनौतियों को बेहतर ढंग से समझना और उन पर सहानुभूतिपूर्ण निर्णय देना आदि विविध दृष्टिकोण तथा अपराध के पीड़ितों, विशेषकर महिलाओं व बच्चों के लिए अदालतों को अधिक सुलभ और सुरक्षित बनाना आदि पीड़ित-केंद्रित दृष्टिकोण शामिल हैं।

भारत प्राचीन काल से ही महिला न्याय के प्रति संवेदनशील रहा है। वैदिक, औपनिषदिक और पौराणिक ग्रंथों के समीचीन अध्ययन से यह स्पष्ट होता है कि उस समय न्यायाधीश का आधुनिक पद विशेष रूप से महिलाओं के लिए उल्लेखित नहीं है, लेकिन न्यायिक निर्णयों, शास्त्रार्थ और सामाजिक न्याय में महिलाओं की भूमिका अत्यंत प्रभावशाली थी। ऋग्वेद और अथर्ववेद के अनुसार उस समय न्याय व्यवस्था मुख्य रूप से सभा और समिति जैसी संस्थाओं के माध्यम से संचालित होती थी। और महिलाएं न्यायिक और राजनीतिक संस्थाओं की सभा में सक्रिय रूप से भाग लेती थीं, हालांकि बाद के समय में यह भागीदारी कम होती गई। अथर्ववेद में महिलाओं को इन सभाओं में वक्ता और निर्णायक भूमिका निभाने के लिए साहसी और विद्वान होने का उपदेश दिया गया है। घोषा, अपाला और लोपामुद्रा जैसी विदुषी महिलाओं को ब्रह्मवादिनी कहा जाता था। वे केवल ऋचाओं की रचयिता नहीं थीं, बल्कि सामाजिक और नैतिक आचरण पर निर्णय देने वाली आध्यात्मिक गुरु भी थीं। उपनिषदों में महिलाओं की भूमिका दार्शनिक और बौद्धिक जिरह करने वाली के रूप में अधिक दिखाई देती है, जो न्याय का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। बृहदारण्यक उपनिषद में गार्गी वाचक्नवी ने राजा जनक के दरबार में ऋषि याज्ञवल्क्य को चुनौती दी थी। राजा जनक का दरबार उस समय का सबसे बड़ा न्यायिक और दार्शनिक मंच था, जहां गार्गी ने एक परीक्षक की भूमिका निभाई थी। इसी तरह उपनिषद पात्री मैत्रेयी ने भी अमरत्व और न्याय के दार्शनिक पहलुओं पर गंभीर संवाद किए, जो कानून के नैतिक आधार को समझने में मदद करते हैं। शंकराचार्य और मण्डन मिश्र के बीच हुए प्रसिद्ध शास्त्रार्थ में मण्डन मिश्र की पत्नी उभय भारती को मुख्य न्यायाधीश बनाया गया था, जिन्होंने दोनों विद्वानों के गले में फूलों की माला डाली और घोषणा की कि जिसकी माला पहले कुम्हला जाएगी, वह हार जाएगा। जब उनके पति हार गए, तो उन्होंने निष्पक्षता के साथ शंकराचार्य को विजयी घोषित किया। यह मामला दिखाता है कि प्राचीन भारतीय समाज में महिलाओं की बौद्धिक निष्पक्षता पर अटूट विश्वास था। इन उदाहरणों से स्पष्ट है कि प्राचीन काल में महिलाएं धर्म निर्णय की कस्टोडियन थीं। प्राचीन भारत के ग्रंथों में शास्त्रार्थ ही तत्कालीन न्याय और सत्य के निर्धारण का सबसे बड़ा मंच होते थे। महाभारत शांति पर्व में उल्लेख है कि सुलभा ने राजा जनक के साथ शास्त्रार्थ किया और यह सिद्ध किया कि ज्ञान और न्याय करने की क्षमता लिंग पर आधारित नहीं है। देवी महात्म्य आदि पुराणों में शक्ति को न्याय और दंड का प्रतीक माना गया है। यहां स्त्री शक्ति ही अंतिम निर्णायक के रूप में असुरों का दंड विधान तय करती है। पुराणों और महाकाव्यों में महिलाओं को न्याय की रक्षा और धर्म की व्याख्या करते हुए दिखाया गया है। मनुस्मृति और याज्ञवल्क्य स्मृति आदि ग्रंथों में भी महिलाओं को स्पष्ट रूप से औपचारिक न्यायाधीश, प्राडविवक्ता बनने का कोई उल्लेख कम से कम मेरी समझ में नहीं आता, लेकिन स्त्रीधन और उत्तराधिकार के मामलों में महिलाओं के अपने विशिष्ट कानूनी अधिकार सुरक्षित थे, जिनका निपटारा करने के लिए कई बार परिवार की वृद्ध महिलाएं मध्यस्थ की भूमिका निभाती थीं। कौटिल्य के अर्थशास्त्र में महिलाओं के संपत्ति अधिकारों (स्त्रीधन) और विवाह-विच्छेद (तलाक) से संबंधित कुछ व्यावहारिक कानूनी प्रावधानों का उल्लेख है। इस प्रकार, प्राचीन ग्रंथों में महिला न्यायाधीश शब्द का तकनीकी उपयोग कम मिलता है, लेकिन शास्त्रार्थ के माध्यम से सत्य की स्थापना और सभाओं में निर्णय प्रक्रिया में उनकी भूमिका आज की न्यायिक व्यवस्था की नींव जैसी थी।

आधुनिक ऐतिहासिक विवरणियों के अनुसार चौथी शताब्दी में प्रभावती गुप्ता आदि कुछ महिला शासकों ने न्यायाधीश नहीं, लेकिन वैदिक, पौराणिक, स्मृति ग्रंथों के आदर्शों पर चलते हुए राज्य के शासक और न्यायाधीश, सर्वोच्च अधिकारी के रूप में न्याय और प्रशासन के फैसले लिए थे। भारत में आधिकारिक रूप से महिला न्यायाधीशों की नियुक्ति आधुनिक औपनिवेशिक काल में शुरू हुई, जब न्यायमूर्ति अन्ना चांडी 1937 में त्रावणकोर (केरल) में मुंसिफ के रूप में भारत की पहली महिला न्यायाधीश बनीं और 1959 में उच्च न्यायालय की पहली महिला न्यायाधीश बनीं। स्वतंत्र भारत में न्यायपालिका के शीर्ष पदों पर महिलाओं की भागीदारी धीरे-धीरे बढ़ी है। 1989 में एम. फातिमा बीवी सर्वोच्च न्यायालय की पहली महिला न्यायाधीश बनीं, जो किसी एशियाई देश के सर्वोच्च न्यायालय में नियुक्त होने वाली पहली मुस्लिम महिला भी थीं। न्यायमूर्ति लीला सेठ 1991 में हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय की पहली महिला मुख्य न्यायाधीश बनीं। न्यायमूर्ति आर. भानुमति और ज्ञान सुधा मिश्रा ने 2013 में सर्वोच्च न्यायालय की पहली पूरी तरह से महिला पीठ का गठन किया था। वर्तमान में न्यायमूर्ति बी.वी. नागरत्ना 2027 में भारत की पहली महिला मुख्य न्यायाधीश बनने की कतार में हैं।

कुछ न्यायिक विद्वानों के अनुसार भारत के सर्वोच्च न्यायालय की महिला न्यायाधीशों के द्वारा दिए गए कुछ ऐतिहासिक फैसलों ने देश के सामाजिक और कानूनी ढांचे को नई दिशा दी है। बार अर्थात वकील से सीधे सर्वोच्च न्यायालय की न्यायाधीश बनने वाली न्यायमूर्ति इंदु मल्होत्रा सबरीमाला मामले में फैसला सुनाने वाली 5 जजों की पीठ में अकेली महिला न्यायाधीश थीं, जिन्होंने असहमति का निर्णय देते हुए स्पष्ट कहा था कि संवैधानिक नैतिकता को धार्मिक विश्वासों और प्रथाओं के साथ खिलवाड़ नहीं करना चाहिए। वे धारा 377 का विलोपन वाले मामले की पीठ का भी हिस्सा थीं, जिसने समलैंगिकता को अपराध की श्रेणी से बाहर किया था। उन्होंने अपने फैसले में कहा कि इतिहास को इन लोगों से माफी मांगनी चाहिए जिन्हें वर्षों तक न्याय से वंचित रखा गया। न्यायमूर्ति बी.वी. नागरत्ना अपनी स्पष्टवादिता और भविष्यवादी निर्णयों के लिए जानी जाती हैं। उन्होंने हाल ही में वैवाहिक विवादों में गोपनीयता मामले में फैसला सुनाया कि वैवाहिक विवादों में पति या पत्नी द्वारा चोरी-छिपे रिकॉर्ड की गई कॉल को सबूत के तौर पर स्वीकार किया जा सकता है, क्योंकि यदि विश्वास इतना टूट चुका है कि जासूसी करनी पड़ रही है, तो प्राइवेसी का मुद्दा गौण हो जाता है। 2016 की नोटबंदी के मामले में वे एकमात्र न्यायाधीश थीं, जिन्होंने इसे गैरकानूनी और बिना सोचे-समझे लिया गया निर्णय करार दिया था। न्यायमूर्ति आर. भानुमति निर्भया मामला में उस पीठ की सदस्य थीं, जिसने 2012 के दिल्ली सामूहिक दुष्कर्म मामले के दोषियों की मौत की सजा को बरकरार रखा था। इस श्रृंखला में न्यायमूर्ति लीला सेठ भी स्मरण किये जाने योग्य हैं, जिन्होंने सर्वोच्च न्यायालय में नहीं, बल्कि दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में हिन्दू उत्तराधिकार अधिनियम में संशोधन के लिए महत्वपूर्ण सिफारिशें की थीं, जिससे बेटियों को पैतृक संपत्ति में समान अधिकार मिला।

वर्तमान में भारतीय न्यायपालिका में महिलाओं की भागीदारी एक ऐतिहासिक मोड़ पर है। भारत के सर्वोच्च न्यायालय में कुल 34 पद में 3 महिला न्यायाधीश कार्यरत हैं- न्यायमूर्ति बी.वी. नागरत्ना, बेला एम. त्रिवेदी व हिमा कोहली। कर्नाटक उच्च न्यायालय से आई न्यायमूर्ति बी.वी. नागरत्ना सितंबर 2027 में भारत की पहली महिला मुख्य न्यायाधीश बनकर इतिहास रचने वाली हैं। गुजरात और तेलंगाना उच्च न्यायालय की पहली महिला न्यायाधीश रही क्रमशः न्यायमूर्ति बेला एम. त्रिवेदी और न्यायमूर्ति हिमा कोहली को सर्वोच्च न्यायालय में पदोन्नत किया गया। ये कई महत्वपूर्ण आपराधिक और संवैधानिक मामलों की सुनवाई कर रही हैं। भारत में सर्वोच्च व उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों की नियुक्ति कॉलेजियम सिस्टम के माध्यम से की जाती है। कॉलेजियम संरचना में भारत के मुख्य न्यायाधीश और सर्वोच्च न्यायालय के 4 सबसे वरिष्ठ न्यायाधीश शामिल होते हैं। यह कॉलेजियम नामों की सिफारिश केंद्र सरकार को भेजता है। सरकार द्वारा खुफिया ब्यूरो की जांच के बाद इन नामों को राष्ट्रपति की मंजूरी के लिए भेजा जाता है। संविधान में महिला न्यायाधीशों के लिए कोई औपचारिक आरक्षण नहीं है। हालांकि, हाल के वर्षों में कॉलेजियम ने विविधता बढ़ाने के लिए स्वेच्छा से अधिक महिलाओं के नामों की सिफारिश करना शुरू किया है। जिला और सत्र न्यायालयों में महिलाओं की संख्या तुलनात्मक रूप से बेहतर (लगभग 35%) है क्योंकि वहां प्रवेश परीक्षा के माध्यम से भर्ती होती है। उच्च न्यायपालिका में महिला न्यायाधीशों का प्रतिशत अभी भी लगभग 13-15 प्रतिशत के आस-पास है। वर्तमान में महिला न्यायाधीश सुरक्षित वातावरण में काम और परिवार के बीच संतुलन कायम करते हुए कार्यस्थल पर आने वाली व्यावहारिक चुनौतियों को दूर कर तकनीकी नवाचारों का उपयोग करके न्याय प्रक्रिया को तेज करने और लैंगिक आधारित हिंसा के मामलों को अधिक कुशलता से हल करने पर जोर दे रही हैं। विश्व महिला न्यायाधीश दिवस केवल उत्सव नहीं, बल्कि न्यायपालिका में मौजूद कांच की छत को तोड़ने और समाज के हर वर्ग के लिए न्याय को सुलभ और अधिक विश्वसनीय बनाने का एक संकल्प है।

-आध्यात्मिक चिन्तक व साहित्यकार

# बुलंद भारत की बुलंद तस्वीर- नारी शक्ति



डॉ आनंद प्रसाद नोनियाँ

भारतीय नारी के कई स्वरूप हैं, एक माँ, एक बहन, एक बेटी, एक पत्नी, एक बहू कितने ही रूपों में वह हमारे समाज में विद्यमान है। यदि नारी नहीं तो फिर संभावना नहीं। नारी के विषय में यह कहा जाता था कि-

*अबला जीवन हाय तुम्हारी यही कहानी।*
*आँचल में है दूध और आंखों में पानी।।*

इस किवदंती से आज की महिलाएँ बहुत आगे बढ़ चुकी हैं, अब न वे अबला हैं और न आँखों में पानी। आज की महिलाएं पुरुषों से कदम से कदम मिलाकर चल रही हैं, बल्कि कई जगह पुरुषों से बेहतर प्रदर्शन भी कर रही हैं। आज भारत के प्रथम व्यक्ति के रूप में एक नारी शक्ति ही हैं जिन्हें हम महामहिम राष्ट्रपति श्रीमती द्रोपदी मुर्मू के रूप में देख रहे हैं। आज की महिलाएँ आधी आबादी के नाम से जानी जा रही हैं।भारतीय नारी आत्मनिर्भर, कौशल, प्रेम, ममता, करुणा, परोपकार, दया, क्षमा जैसे गुणों से संपन्न हैं, उनमें सारी सकारात्मक संभावनाएँ हैं, जिनसे देश प्रगति के पथ पर अग्रसर हो सकता है।

प्रख्यात हिन्दी रचनाकार जयशंकर प्रसाद ने अपनी कालजयी व कालजीवी रचना कामायनी में अपनी नारी भावना को इस प्रकार व्यक्त किया है-

*नारी तुम केवल श्रद्धा हो, विश्वास - रजत- नग- पगतल में।*
*पियूष- स्रोत- सी बहा करो, जीवन के सुंदर समतल में।।*

इन पंक्तियों के माध्यम से प्रसाद जी ने नारी को श्रद्धा एवं विश्वास का पात्र माना है। आज की नारी व्यावसायिक तथा पारिवारिक जीवन दोनों में सामंजस्य स्थापित कर सफल समाज के साथ ही साथ स्वस्थ राष्ट्र के निर्माण में अपनी अहम भूमिका निभा रही है।

हमारे समाज में महिलाएँ प्रताड़ित होती हैं पर इस संबंध में, कुछ बोलना नहीं चाहती, लक्ष्मण रेखा लांघना नहीं चाहती क्योंकि अंतर्मन में यह उथल-पुथल रहता है कि कुछ तो लोग कहेंगे, लोग क्या कहेंगे? इसी कारण वह अपने मन की आवाज को अंधेरे बंद कमरे में तिलाजंलि दे देती है। महिलाओं को यह नहीं भूलना चाहिए कि-

**अन्याय सहकर बैठ रहना, ये महा दुष्कर्म है। न्यायार्थ अपने बंधु को भी दंड देना धर्म है।।**

आज की महिलाएँ जिज्ञासु, आशान्वित, सीमाओं को नजरअंदाज कर संभावनाओं को देखती, अंधेरे में ज्योति और रोशनी फैलाती, आशा की नई किरण को निहारती, उपलब्धि की आराधना करती, संकट के बादलों का मुँह मोड़ती, सफलता के शिखर को चूमती आगे बढ़नेवाली विदुषी हैं। जिसके लिए मान, मर्यादा, प्रतिष्ठा, सम्मान से बढ़कर इस दुनिया में कुछ भी नहीं है। उसके सोच में जीत की आग है। उसे जीतना पसंद है। आाज की महिलाएं अदम्य साहस का परिचय देने के साथ ही साथ कमजोर महिलाओं को भी सशक्त बनाने में उन्हें प्रेरित व प्रोत्साहित कर रही हैं। कविवर दुष्यंत कुमार ने लिखा है-

*सिर्फ हंगामा खड़ा करना मेरा मकसद नहीं।*
*मेरी कोशिश है कि यह*
*सूरत बदलनी चाहिए*
*मेरे सीने में नहीं तो, तेरे सीने में सही*
*हो कहीं भी आग लेकिन, आग जलनी चाहिए।*

आज की नारी को किसी सीमा में बांधा नहीं जा सकता है, वे किसी परिचय का मोहताज नहीं हैं। आज की महिलाओं में धैर्य है, कुशलता है, संभावना है, साहस है, प्रतिभा है, तेजस्विता है। सभी कुछ हैं इसलिए प्रायः यह सुनने को मिल ही जाता है कि-

*आज की नारी सब पर भारी।*
*दो-दो मात्राएँ लेकर, नर पर भारी है, नारी।*
*वह है आत्मनिर्भर व स्वाभिमानी,*
*बस यही है उनकी कहानी।*

-कवि, समीक्षक, शायर, प्रेरक वक्ता व राजभाषा अधिकारी

# आजम का समय खराब तो अखिलेश का नये चेहरे पर दांव



संजय सक्सेना

उत्तर प्रदेश की सियासत में मुस्लिम मतदाता सदैव निर्णायक भूमिका निभाते रहे हैं। करीब 125 सीटों पर इनका असर सीधे नतीजों को प्रभावित करता है, खासकर पश्चिमी इलाके में जहां मुस्लिम आबादी चालीस फीसद तक पहुंच जाती है। भाजपा को छोड़ अन्य सभी दल इन मतों को हथियाने के लिए होड़ लगाए रहते हैं, और समाजवादी पार्टी के नेता अखिलेश यादव इस दौड़ में सबसे आगे दिखते हैं। जेल में बंद आजम खान से लेकर बसपा और कांग्रेस छोड़ हाल ही में पार्टी में आए नसीमुद्दीन सिद्दीकी तक पर वे दांव लगा रहे हैं, ताकि यूपी में मुस्लिम वोटों के एक और सौदागर ओवैसी की बढ़ती चुनौती का मुकाबला हो सके। आज हालात यह है कि जेल में बंद आजम खान की कमी सपा के लिए गहरी चोट साबित हो रही है, क्योंकि रामपुर से सहारनपुर तक पश्चिमी उत्तर प्रदेश की उन 60 से अधिक सीटों पर उनका जादू बरकरार है जहां मुस्लिम मतदाता जीत हार तय करते हैं। जेल की चारदीवारी में बंद होते हुए भी उनके समर्थक बाहर चिल्ला रहे हैं, पश्चिमी इलाके के छह जिलों में मुस्लिम आबादी पैंतालीस फीसद से ऊपर होने के कारण वहां सपा का वोट बैंक डगमगाने लगा है। नसीमुद्दीन सिद्दीकी इस कमी को कितना भर पाएंगे, यह सवाल खड़ा हो गया है, क्योंकि बसपा से होते हुए कांग्रेस तक अपनी यात्रा में उन्होंने बुंदेलखंड के दर्जन भर जिलों में मुस्लिम मतों को संगठित करने का लोहा मनवा लिया है। हाल ही में पंद्रह फरवरी को सपा में शामिल होने के बाद वे बुंदेलखंड की उन पचास सीटों पर फोकस कर रहे हैं जहां मुस्लिम आबादी तीस फीसद के आसपास है, और पूर्व में बसपा के प्रमुख मुस्लिम नेता के रूप में उन्होंने वहां सत्रह विधायकों को जुटाया था। नसीमुद्दीन की ताकत उनकी रणनीतिक चतुराई में है, जो आजम की जमीनी पकड़ से अलग लेकिन पूरक साबित हो सकती है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश में आजम के खालीपन को वे पूरी तरह न भर सकें, क्योंकि वहां सहारनपुर से मुरादाबाद तक की इक्कीस मुस्लिम बहुल सीटों पर आजम का नाम ही वोट जुटाता रहा है। लेकिन बुंदेलखंड में उनकी पैठ गहरी है, जहां झांसी, बांदा, चित्रकूट जैसे जिलों की अट्ठारह सीटों पर मुस्लिम मतदाता निर्णायक हैं और नसीमुद्दीन ने बसपा काल में इनमें से आधे पर असर डाला था। सपा को कुल मिलाकर एक सौ पचास सीटों पर फायदा हो सकता है, क्योंकि नसीमुद्दीन पूर्वांचल से बुंदेलखंड तक सौ से अधिक सीटों पर मुस्लिम युवाओं को लुभाने का दावा कर रहे हैं। ओवैसी की पार्टी हर ग्राम पंचायत में इकसठ सदस्यीय समितियां गढ़ रही है, जो पश्चिमी इलाके की पचास सीटों पर सेंध लगा सकती है, लेकिन नसीमुद्दीन का अनुभव इस खतरे को कम कर सकता है। सपा के अन्य मुस्लिम नेताओं द्वारा नसीमुद्दीन को स्वीकारना आसान नहीं होगा, क्योंकि पार्टी में पहले से इमरान मसूद जैसे सहारनपुर के दिग्गज हैं जिन्होंने पश्चिमी इलाके में दर्जन भर सीटों पर असर जमाया है। आशु मलिक जैसे नेता भी जिले के निकाय चुनावों में इमरान से टकरा चुके हैं, और सिसामऊ से इरफान सोलंकी तक सपा के छत्तीस मुस्लिम विधायकों में आंतरिक खींचतान पुरानी है। नसीमुद्दीन को बुंदेलखंड संभालने का मौका मिला तो इमरान सहारनपुर की आठ सीटों पर असहज हो सकते हैं, क्योंकि दोनों का वोट बैंक ओवरलैप करता है। लेकिन अखिलेश की चतुराई से यह संतुलन बन सकता है, क्योंकि पिछले चुनावों में सपा ने इक्यावन मुस्लिम बहुल सीटों पर मजबूत प्रदर्शन किया था और नसीमुद्दीन जैसे चेहरे से वह संख्या सत्तर तक पहुंच सकती है। आजम की कमी का असर पश्चिमी उत्तर प्रदेश के उन छब्बीस जिलों में सबसे ज्यादा दिखेगा जहां मुस्लिम आबादी छब्बीस फीसद है, और सपा को वहां सत्तावन सीटें गंवाने का डर सता रहा है। नसीमुद्दीन इसकी भरपाई बुंदेलखंड से कर सकते हैं, जहां उन्होंने बसपा में अठारह नेताओं को संगठित किया था और अब सपा के सत्रह पूर्व विधायकों के साथ मिलकर चालीस सीटों पर दबदबा बना सकते हैं। ओवैसी का भूत सपा के सिर सवार है, क्योंकि उनकी पार्टी पंचायत स्तर पर बूथ मजबूत कर रही है और मुस्लिम युवाओं को छीनने की कोशिश में जुटी है, लेकिन नसीमुद्दीन का आना सपा को सांस लेने का मौका देगा। शिवपाल सिंह यादव की जेल मुलाकातें आजम का आशीर्वाद दिला सकती हैं, और अगर आजम ने हामी भरी तो नसीमुद्दीन को आगे बढ़ाया जाएगा। कुल मिलाकर नसीमुद्दीन आजम की कमी का आधा भर सकते हैं, क्योंकि पश्चिमी यूपी में आजम का जादू अनोखा है जो इक्कीस जिलों की सौ एक सीटों पर फैला है, जबकि नसीमुद्दीन बुंदेलखंड और पूर्वांचल की सौ सीटों पर मजबूत हैं। सपा के मुस्लिम नेताओं में कलह बरकरार रहेगी, क्योंकि सिकंदरपुर के जियाउर रिजवी से गोपालपुर के नफीस तक कई दावेदार हैं, लेकिन अखिलेश की रणनीति से संतुलन बनेगा। ओवैसी की आक्रामकता पश्चिमी इलाके में सेंध लगाएगी, लेकिन नसीमुद्दीन का सहारा सपा को मजबूत कर सकता है। योगी सरकार तुष्टीकरण पर हमला बोलेगी, पर अगर आजम का समर्थन मिला तो सपा बेदम नहीं पड़ेगी। इस जोड़ी की सफलता से सपा की कमर सीधी हो सकती है, वरना ओवैसी का डर हकीकत बन जाएगा।

## वर्ग पहेली नं. 3373

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | 3 | ■ | 4 | | 5 | ■ | 6 |
| | ■ | 7 | | 8 | | ■ | 9 | | |
| 10 | 11 | | ■ | 12 | | ■ | | ■ | |
| 13 | | ■ | 14 | | ■ | 15 | | 16 | |
| ■ | 17 | 18 | | ■ | 19 | | ■ | | ■ |
| 20 | ■ | 21 | | | | ■ | 22 | | 23 |
| 24 | | ■ | | ■ | 25 | 26 | | ■ | |
| | ■ | 27 | | 28 | ■ | 29 | | ■ | |
| 30 | | | ■ | 31 | | | ■ | 32 | |

*बायें से दायें:-* 1) सभाध्यक्ष, 4) शुरुआत, 7) हड़कंप, 9) गुदगुदा, 10) आसान, 12) नाश, 13) मथानी, 14) शपथ, 15) बाधा, 17) जन-समूह, 19) चाबुक, 21) वार्ता, 22) अवांछित, 24) वफ़ा, 25) झेलना, 27) निःसंदेह, 29) माला, 30) जुड़वाँ, 31) पक्षाघात, 32) अनेक.

*ऊपर से नीचे:-* 1) संपूर्णतः, 2) आरंभिक कर्म, 3) एक तिलहन, 4) भंडार; भवन, 5) भाग-दौड़, 6) ईंधन, 8) परंपरा, 11) अमीर, 14) जाँच, 15) विलंबित, 16) खुशामदी, 18) महीना, 19) समूहगीत, 20) आदानप्रदान; लेन-देन, 22) भोंदू; नासमझ, 23) मुठभेड़; गुत्थमगुत्था, 26) एक मीठा पकवान, 27) बिना तने का पौधा, 28) आगामी दिन.

*(उत्तरः अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| चु | ना | ■ | प | ह | रे | दा | री | ■ | अ |
| ग़ | ■ | गा | ढ़ा | ■ | ह | ■ | स | ज्ज | न |
| ल | द्ध | ड़ | ■ | स | न | द | ■ | ■ | गि |
| खो | ■ | ना | म | ■ | दा | स्ता | न | ■ | न |
| री | ता | ■ | स | त्का | र | ■ | ज़ | का | त |
| ■ | ब | द | ला | ■ | ■ | कौ | र | म | ■ |
| प | ■ | ह | ■ | वि | व | श | ■ | गा | ल |
| च | म | क | दा | र | ■ | ■ | आ | र | ती |
| ड़ा | ■ | ना | ■ | ल | घु | त | म | ■ | फ़ा |

## सुडोकू-पहेली-3331

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 8 | 6 | | | 4 |
| | | | | | | | 9 | |
| 9 | | | | | 2 | 6 | 5 | 3 |
| | | 8 | | 5 | | 7 | | |
| | | 2 | | | | | | 1 |
| 3 | | 5 | | 4 | | | | |
| | | | | | | 2 | | |
| | | 1 | | | 5 | | | |
| 2 | 7 | | 4 | | | | | |

**प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।**

••••

**आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।**

**सूडोकू पहेली - 3330 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 4 | 8 | 6 | 2 | 1 | 7 | 3 | 9 |
| 1 | 7 | 3 | 4 | 5 | 9 | 8 | 6 | 2 |
| 2 | 9 | 6 | 3 | 7 | 8 | 1 | 4 | 5 |
| 7 | 6 | 2 | 8 | 1 | 4 | 9 | 5 | 3 |
| 9 | 5 | 4 | 7 | 3 | 6 | 2 | 8 | 1 |
| 3 | 8 | 1 | 2 | 9 | 5 | 4 | 7 | 6 |
| 6 | 1 | 9 | 5 | 4 | 7 | 3 | 2 | 8 |
| 4 | 2 | 5 | 9 | 8 | 3 | 6 | 1 | 7 |
| 8 | 3 | 7 | 1 | 6 | 2 | 5 | 9 | 4 |

सोमवार, 9 मार्च 2026

कोलकाता, चैत्र कृष्णपक्ष
षष्ठी, वि.स. 2082,
पृष्ठ 12, मूल्य 3.00 रुपये

विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

Epaper.samagya.in

# समाज्ञा

सुविचार : हर व्यक्ति किसी न किसी बात पर अपने से बेहतर होता है।

स्थानीय खबरें
पृष्ठ चार, छः और सात पर




सत्यमेव जयते
भारत सरकार

# पश्चिम बंगाल में युवा शक्ति को नए अवसर

₹3 लाख करोड़ की राशि के करीब 5.3 करोड़ मुद्रा ऋणों से उद्यमिता को बल

पीएम कौशल विकास योजना के तहत 6.5 + लाख युवाओं को प्रशिक्षण, प्रमुख उद्योगों में रोजगार के लिए नई पीढ़ी तैयार

उद्यम पोर्टल पर लगभग 53 लाख एमएसएमई पंजीकृत, डीपीआईआईटी से मान्यता प्राप्त 6,950+ स्टार्टअप्स से उद्यमिता को बढ़ावा

₹330+ करोड़ की छात्रवृत्ति से जनजातीय छात्रों के लिए शिक्षा अवसरों का विस्तार

लगभग 27.5 लाख महिला-नेतृत्व वाले MSMEs संचालित, राज्य की अर्थव्यवस्था को नई गति

3,550 + महिला-नेतृत्व वाले स्टार्टअप, बंगाल में नवाचार और नए अवसरों को मिल रहा बढ़ावा



विकसित बंगाल
विकसित भारत
पीएम मोदी का संकल्प

"भारत सरकार के प्रयास पश्चिम बंगाल के विकास और बेहतर भविष्य की नींव को मजबूत कर रहे हैं।"

– प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी

CBC 46101/13/0035/2526

# 2024 में इसी मतदाता सूची से पीएम बने, इस्तीफा दें : ममता

**कोलकाता, समाज्ञा :** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने रविवार को कहा कि नरेन्द्र मोदी को 'पहले इस्तीफा देना चाहिए', क्योंकि वे लोगों के वोट से प्रधानमंत्री बने थे, जिनके नाम निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के दौरान कथित तौर पर मनमाने ढंग से हटाए जा रहे हैं। ममता ने कहा कि मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार को प्रधानमंत्री से इस्तीफा देने के लिए कहना चाहिए। मुख्यमंत्री ने एसआईआर प्रक्रिया के विरोध में मध्य कोलकाता में आयोजित धरने के दौरान कहा कि अगर मोदी 2024 में इस मतदाता सूची के आधार पर प्रधानमंत्री बन सकते हैं, तो इसमें शामिल लोगों को अपने मताधिकार का इस्तेमाल क्यों नहीं करने दिया जाना चाहिए?



❑ **'मतदाता सूचियों से वैध मतदाताओं को हटाने के लिए निर्वाचन आयोग का दुरुपयोग कर रही भाजपा'**

तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ने भाजपा पर मतदाता सूचियों से वैध मतदाताओं के नाम हटाने के लिए निर्वाचन आयोग का दुरुपयोग करने का आरोप लगाया। उन्होंने यह आरोप भी लगाया कि देश अपनी लोकतांत्रिक नींव पर एक 'अभूतपूर्व और सीधा हमला' होता देख रहा है। उन्होंने कहा कि अपने 'एक राष्ट्र, एक नेता, एक पार्टी' के उन्माद में, भाजपा सुनियोजित तरीके से हर लोकतांत्रिक संस्था और संवैधानिक पद का दुरूपयोग कर रही है ताकि वह अपनी जन-विरोधी महत्वाकांक्षाओं को पूरा कर सके। तृणमूल प्रमुख ने कहा कि वर्षों से, उन्होंने केंद्रीय एजेंसियों, राष्ट्रीय आयोगों, 'गोदी मीडिया' और न्यायपालिका के एक वर्ग को बंगाल के खिलाफ उतार दिया है। वे 'बर्बाद हो चुके आयोग' का दुरुपयोग कर रहे हैं ताकि वे वैध मतदाताओं को मतदाता सूची से हटा सकें। मुख्यमंत्री ने भाजपा नेतृत्व को 'दिल्ली का जमींदार' बताया और दावा किया कि वे बंगाल को 'अपने अधीन करने' के अपने मिशन में कभी सफल नहीं होंगे। मुख्यमंत्री ने दावा किया कि जहां भाजपा की एकमात्र प्राथमिकता सत्ता है, वहीं उनकी प्राथमिकता हमेशा से जनता रही है।

❑ **मुख्यमंत्री ने सीवी आनंद बोस के इस्तीफे की जांच की मांग**

उन्होंने सवाल किया कि राज्यपाल सी. वी. आनंद बोस को पांच मार्च को अचानक इस्तीफा क्यों देना पड़ा और कहा कि इसकी जांच होनी चाहिए, उनके कार्यकाल के अभी तीन साल बाकी थे। उस दिन,उन्हें बागडोगरा में राष्ट्रपति का स्वागत करना था। क्या उन्हें अचानक दिल्ली बुलाया गया और इस्तीफा देने को कहा गया? मुख्यमंत्री ने आशंका जताई कि क्या मोदी सरकार इस पद पर 'हां में हां मिलाने वाले' व्यक्ति को बैठाना चाह रही है। तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ने यह भी सवाल किया कि राज्य के पूर्व में राज्यपाल रहे उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने पिछले साल जुलाई में अपने पद से इस्तीफा क्यों दिया था। उन्होंने कहा कि क्या इस मामले की जांच होनी चाहिए? उन्होंने कहा कि सीबीआई और ईडी पर दबाव होगा, आप जांच का जिम्मा हमारी सीआईडी को सौंपिए, वे इसे कर देंगे।

## मैंने सोच-समझकर राज्यपाल पद से इस्तीफा देने का निर्णय लिया : सीवी आनंद बोस

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य के पूर्व राज्यपाल सी वी आनंद बोस ने रविवार को कहा कि उन्होंने सोच-समझकर पद से इस्तीफा देने का निर्णय लिया था और इसका कारण उचित समय आने तक गोपनीय रहेगा। इस दिन, कोलकाता हवाईअड्डे पर पत्रकारों से बात करते हुए बोस ने कहा कि वह अपना वोट डालने के लिए बंगाल आएंगे। बोस ने कहा कि मैंने सोच-समझकर इस्तीफा देने का निर्णय लिया है, जिसके कारण उचित समय आने तक गोपनीय रहेंगे। डॉ. बोस ने आगे कहा कि खेल में एक नियम होता है- खिलाड़ी को यह पता होना चाहिए कि खेल कब समाप्त करना है। जब प्रवेश की बात आती है, तब यह भी तय होता है कि एक दिन प्रस्थान होगा। मुझे अपने लिए निर्णय लेने का अवसर मिला और मैंने पद



छोड़ने का फैसला किया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा राज्य में कथित प्रोटोकॉल उल्लंघन और आदिवासी उत्पीड़न पर व्यक्त की गई चिंता पर टिप्पणी करने के लिए पूछे गए सवाल पर, बोस ने प्रतिक्रिया देने से परहेज किया। बोस ने कहा कि राष्ट्रपति बहुत अनुभवी, संतुलित और अत्यंत गरिमामय व्यक्तित्व की धनी हैं। उन्होंने जो कहा, उसके पीछे उनके कुछ कारण जरूर रहे होंगे। लेकिन राष्ट्रपति के कथन पर टिप्पणी करने का मुझे कोई अधिकार नहीं है।

### महिलाओं के गरिमापूर्ण और सुरक्षित जीवन के बिना समाज नहीं कर सकता प्रगति : ममता

**कोलकाता, समाज्ञा :** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने रविवार को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर लोगों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यदि महिलाएं गरिमा और सुरक्षा के साथ जीवन यापन नहीं करती हैं तो समाज प्रगति नहीं कर सकता। ममता ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में अपनी सरकार द्वारा महिलाओं के लिए शुरू की गई कई कल्याणकारी पहलों का उल्लेख भी किया, जिसमें कहा गया कि 'लक्ष्मीर भंडार' योजना में अब 2.41 करोड़ महिला लाभार्थी हैं। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य साथी स्वास्थ्य योजना के तहत लगभग 2.42 करोड़ महिलाओं को स्मार्ट कार्ड प्राप्त हुए हैं, जो परिवार की महिला सदस्य के नाम पर जारी किए गए हैं। ममता ने कन्याश्री योजना का जिक्र करते हुए कहा कि लगभग एक करोड़ छात्राएं इस योजना से लाभान्वित हो रही हैं और संयुक्त राष्ट्र की संस्था यूनेस्को से सर्वोच्च सम्मान प्राप्त करने के बाद इस कार्यक्रम को वैश्विक मान्यता मिली है। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि महिलाएं समाज का गौरव हैं, और साथ ही कहा कि हर दिन को महिला दिवस के रूप में मनाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि महिलाएं गरिमा और सुरक्षा के साथ जीवन यापन नहीं करती हैं तो कोई भी समाज प्रगति नहीं कर सकता। मुख्यमंत्री ने बताया कि रूपश्री योजना के तहत लगभग 23 लाख महिलाओं को विवाह के लिए 25,000 रुपये की एकमुश्त वित्तीय सहायता मिली है, जबकि सबुज साथी योजना के तहत 79 लाख लड़कियों समेत विद्यार्थियों को लगभग 1.48 करोड़ साइकिलें वितरित की गई हैं।

### एलपीजी के दाम बढ़ने के खिलाफ तृणमूल कांग्रेस का विरोध प्रदर्शन

# काली साड़ी पहन कर सड़क पर प्रदर्शनकारी उतरी, बर्तन बजाकर जताया विरोध

**कोलकाता, समाज्ञा :** तृणमूल कांग्रेस की महिला कार्यकर्ताओं ने घरेलू रसोई गैस (एलपीजी) की कीमत में वृद्धि के खिलाफ रविवार को प्रदर्शन किया। विरोध मार्च कोलकाता के सुबोध मल्लिक स्क्वायर से शुरू हुआ, जिसमें राज्य की मंत्री चंद्रिमा भट्टाचार्य, शशि पांजा, पार्टी सांसद माला रॉय और अन्य महिला नेताओं एवं पार्षदों ने भाग लिया। प्रदर्शनकारियों ने काले कपड़े पहन रखे थे। तृणमूल कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि एलपीजी और अन्य आवश्यक वस्तुओं की कीमतों में बढ़ोतरी से परिवारों के लिए दैनिक खर्च चलाना मुश्किल हो गया है। शशि पांजा ने कहा कि रसोई का प्रबंधन मुख्य रूप से महिलाएं करती हैं। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस से एक



दिन पहले, रसोई गैस की कीमत लगभग 1,000 प्रति सिलेंडर कर दी गई है। परिवार खाना कैसे पकाएंगे और अपने सदस्यों को भोजन कैसे देंगे? उन्होंने कहा कि यह विरोध तब तक जारी रहेगा, जब तक कीमतों की बढ़ोतरी का फैसला वापस नहीं लिया जाता।

# रसोई गैस में वृद्धि के खिलाफ तृणमूल का भाजपा के खिलाफ हल्लाबोल

### भाजपा का आरोप : तृणमूल ने गैस मूल्य वृद्धि को बनाया चुनावी हथियार

**हुगली, समाज्ञा :** खाड़ी देशों के बीच जारी युद्ध की स्थिति का असर अब भारत में तेल और रसोई गैस की कीमतों पर भी पड़ने लगा है। हालांकि फिलहाल पेट्रोलियम तेल के दामों में कोई बड़ी बढ़ोतरी नहीं हुई है, लेकिन रसोई गैस की कीमतों में मामूली वृद्धि दर्ज की गई है। इस मुद्दे को लेकर राज्य की राजनीति भी गरमा गई है। तृणमूल कांग्रेस ने इसे चुनावी मुद्दा बनाते हुए केंद्र सरकार पर निशाना साधना शुरू कर दिया है। रसोई गैस की हालिया कीमत वृद्धि के विरोध में तृणमूल कांग्रेस के नेता और कार्यकर्ता रविवार को हुगली जिले के रिसड़ा में सड़क पर उतर आए। मुख्यमंत्री और तृणमूल कांग्रेस सुप्रीमो ममता बनर्जी के निर्देश पर आयोजित इस विरोध कार्यक्रम का नेतृत्व रिसड़ा



नगरपालिका के चेयरमैन विजय सागर मिश्रा ने किया। इस दौरान तृणमूल कांग्रेस के विभिन्न सहयोगी संगठनों के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने रिसड़ा के बागखाल से वेलिंग्टन जूट मिल तक एक रैली निकाली, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने हिस्सा लिया। रैली के दौरान केंद्र सरकार की नीतियों के विरोध में नारेबाजी भी की गई।

प्रदर्शन में रिसड़ा नगरपालिका के वाइस चेयरमैन जाहिद हसन खान, पार्षद सुख सागर मिश्रा, पार्षद मनोज साव, हर्ष बनर्जी, अमित देवटिया मास्टर नसीम समेत तृणमूल कांग्रेस के कई स्थानीय नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

रैली के दौरान विजय सागर मिश्रा ने आरोप लगाया कि विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया के माध्यम से रिसड़ा सहित पश्चिम बंगाल के कई इलाकों में बड़ी संख्या में वैध मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटा दिए गए हैं। उन्होंने इसे निंदनीय बताते हुए कहा कि बढ़ती महंगाई के बीच रसोई गैस की कीमतों में हालिया वृद्धि से आम लोगों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ा है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ तृणमूल कांग्रेस का विरोध जारी रहेगा। भाजपा ने आरोप लगाया कि युद्ध जैसी अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों को समझना चाहिए और इसे राजनीतिक हथियार के रूप में इस्तेमाल करना ठीक नहीं है।

# राज्य स्तरीय युवा सम्मेलन में केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव और मनसुख मंडाविया ने युवाओं को किया प्रेरित




**कोलकाता :** कोलकाता के ईस्टर्न जोनल कल्चरल सेंटर, सॉल्ट लेक में रविवार को माई भारत राज्य कार्यालय द्वारा राज्य स्तरीय युवा सम्मेलन आयोजित किया गया, जिसमें लगभग 850 युवा नेता, स्वयंसेवक और युवा क्लब सदस्य शामिल हुए। सम्मेलन का उद्देश्य युवाओं को राष्ट्र निर्माण में भागीदारी, नेतृत्व क्षमता को मजबूत करना और सामुदायिक विकास में सक्रिय योगदान के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम में माई भारत युवा क्लब के सदस्य, नए चयनित स्वयंसेवक और फ्यूचर लीडर बूटकैंप में भाग लेने वाले युवा उपस्थित थे।

कार्यक्रम में केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव और केंद्रीय श्रम, रोजगार, युवा मामले एवं खेल मंत्री मनसुख मंडाविया ने भाग लिया। भूपेंद्र यादव ने कहा, पश्चिम बंगाल की भूमि पर आपसे संवाद करने का अवसर मिलना हमारे लिए गर्व की बात है। बंगाल के युवाओं ने भारत के इतिहास को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। ऋषि बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय ने हमें 'वंदे मातरम' गीत दिया, जो केवल गीत नहीं बल्कि प्रेरणा है। स्वामी विवेकानंद और सुभाष चंद्र बोस के जीवन से हम प्रेरणा लेते हैं। माई भारत के स्वयंसेवक परिवर्तन के दूत हैं, जो 'विकसित भारत 2047' की नींव रख रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दिशा में, भारत रोजगार सृजन के क्षेत्र में नई



पहल कर रहा है। प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के तहत 2025 तक 1.63 करोड़ युवाओं को प्रशिक्षित किया गया।

मंत्री मनसुख मंडाविया ने कहा, आज पश्चिम बंगाल के विभिन्न जिलों के युवा यहां उपस्थित हैं। युवा ही विकसित भारत की नींव हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने माई भारत मंच बनाया ताकि युवाओं की ऊर्जा और विचार सीधे राष्ट्र निर्माण में योगदान दे सकें। यह सम्मेलन युवा नेताओं के बीच संवाद, सीखने और सहयोग का महत्वपूर्ण मंच साबित हुआ, जिससे सामुदायिक विकास में लगे युवा स्वयंसेवकों का नेटवर्क मजबूत हुआ।

# चुनाव से पहले कई बीडीओ का तबादला, प्रशासन के शीर्ष स्तर पर भी फेरबदल

**कोलकाता :** आगामी चुनाव को देखते हुए राज्य सरकार ने प्रशासनिक स्तर पर बड़ा फेरबदल किया है। नवान्न की ओर से जारी निर्देश के अनुसार राज्य के विभिन्न ब्लॉकों में कार्यरत 124 बीडीओ (ब्लॉक विकास अधिकारी) का तबादला किया गया है। 6 मार्च को जारी इस आदेश में पहाड़ी और मैदानी क्षेत्रों के कई अधिकारियों को नई जिम्मेदारी सौंपी गई है और उन्हें जल्द से जल्द नए पद पर कार्यभार संभालने का निर्देश दिया गया है।

इसके साथ ही प्रशासन के शीर्ष स्तर पर भी कुछ महत्वपूर्ण बदलाव किए गए हैं। राज्य के कार्मिक एवं प्रशासनिक सुधार विभाग की ओर से शनिवार को जारी अधिसूचना में उत्तर 24 परगना के जिलाधिकारी शशांक शेट्टी को नेताजी सुभाष एडमिनिस्ट्रेटिव ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट का अतिरिक्त महानिदेशक नियुक्त किया गया है।

वहीं अलीपुरद्वार की जिलाधिकारी आर. विमला को पश्चिम बंगाल स्मॉल इंडस्ट्रीज डेवलपमेंट कॉरपोरेशन (डब्ल्यूबीएसआईडीसी), एमएसएमई और टेक्सटाइल विभाग का प्रबंध निदेशक बनाया गया है।

इसके अलावा भूमि अभिलेख एवं सर्वेक्षण विभाग के निदेशक विभु गोयल को स्कूल शिक्षा विभाग के 'सर्व शिक्षा मिशन' का राज्य परियोजना निदेशक नियुक्त किया गया है।

राज्य सरकार के इस फैसले को चुनाव से पहले प्रशासनिक व्यवस्था को और अधिक सक्रिय और प्रभावी बनाने की दिशा में अहम कदम माना जा रहा है।

### यस बैंक ने अंतराष्ट्रीय महिला दिवस पर महिलाओं के लिए विशेष सैलरी अकाउंट लॉन्च किया

**कोलकाता :** अंतराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर अग्रणी भारतीय निजी क्षेत्र के बैंक यस बैंक ने 'यस एसेंस महिला वेतन खाता' लॉन्च करने की घोषणा की है। यह एक व्यापक समाधान है, जिसे कामकाजी महिलाओं की वित्तीय और जीवनशैली संबंधी जरूरतों को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है। यह नई पेशकश वित्तीय सुरक्षा, प्रिवेंटिव हेल्थकेयर, लाइफस्टाइल विशेषाधिकार और संपत्ति निर्माण जैसी विशेष सेवाओं को एक ही प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध कराएगी। इस लॉन्च पर टिप्पणी करते हुए यस बैंक के कंट्री हेड - रिटेल लाइबिलिटीज, फी एंड बिजनेस बैंकिंग, धीरज सांघी ने कहा , 'यस एसेंस महिला वेतन खाता' के माध्यम से हमने कामकाजी महिलाओं के समुदाय का समर्थन करने की दिशा में एक और कदम उठाया है। औपचारिक कार्यबल में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी भारत की विकास यात्रा में एक महत्वपूर्ण बदलाव को दर्शाती है।

## भाजपा विधायक बिमान घोष के खिलाफ थाने में दर्ज हुई एफआईआर

### विधायक ने बताया आईपैक की साजिश

**हुगली, समाज्ञा :** पुरसुड़ा विधानसभा सीट से भाजपा विधायक बिमान घोष के खिलाफ स्थानीय थाने में आर्थिक धोखाधड़ी की शिकायत दर्ज हुई है। हालांकि विधायक बिमान घोष ने पूरे मामले को फर्जी बताते हुए इसे आईपैक की साजिश करार दिया है। रविवार सुबह भाजपा विधायक ने कहा पूरा प्रकरण फर्जी है। शिकायतकर्ता आईपैक के लोगों के साथ मिलकर एक साजिश के तहत मेरी छवि खराब करने की कोशिश कर रहे हैं। मैंने भी शिकायत करने वालों के खिलाफ मानहानि का मामला किया है। दरअसल शनिवार को सुशांत सरकार नामक व्यक्ति ने पुरसुड़ा के विधायक के खिलाफ थाने में आर्थिक प्रताड़ना की शिकायत दर्ज करवाई। शिकायतकर्ता ने आरोप



लगाया कि वर्ष 2020 की शुरुआत में बिमान घोष ने उनसे तीन लाख रुपए लिए और बार बार पैसे वापस मांगने के बाद भी विधायक उन्हें उनके पैसे नहीं लौटा रहे हैं। इसलिए उन्होंने मामले में पुलिस से हस्तक्षेप करने की मांग की है। शिकायतकर्ता ने यह भी कहा कि वे स्वामी असीमानंद के भाई हैं और वे चाहते हैं कि भाजपा स्वच्छ छवि के लोगों को अपना उम्मीदवार बनाए।

### सिमुलतला महायज्ञ के लिए मधुपुर और किउल के बीच विशेष ट्रेन का संचालन

**आसनसोल :** सिमुलतला में आयोजित महायज्ञ के कारण संभावित अतिरिक्त यात्री भीड़ को ध्यान में रखते हुए आसनसोल मंडल के अंतर्गत मधुपुर और किउल के बीच विशेष ट्रेन सेवा संचालित की जाएगी। 03537/03538 मधुपुर-किउल-मधुपुर विशेष 08 मार्च से 17 मार्च 2026 तक दोनों दिशाओं में 10-10 फेरे चलाएगी। मधुपुर से किउल की दिशा में 03537 विशेष ट्रेन मधुपुर से 14:30 बजे प्रस्थान करेगी और 17:50 बजे किउल पहुंचेगी। इसका ठहराव जसीडीह, सिमुलतला, झाझा, जमुई और मननपुर स्टेशनों पर होगा। किउल से मधुपुर की वापसी में 03538 विशेष ट्रेन किउल से 18:20 बजे प्रस्थान कर 23:15 बजे मधुपुर पहुंचेगी। इसमें मननपुर, जमुई, झाझा, सिमुलतला और जसीडीह स्टेशनों पर ठहराव रहेगा। इस विशेष ट्रेन में केवल अनारक्षित श्रेणी के कोच उपलब्ध होंगे।

# अमृत भारत स्टेशन योजना से बाली स्टेशन होगा आधुनिक, यात्रियों और पर्यटकों के लिए आकर्षक केंद्र

**कोलकाता, समाज्ञा :** पश्चिम बंगाल के बाली स्टेशन को भारतीय रेल के आधुनिकीकरण प्रयास 'अमृत भारत स्टेशन योजना' के तहत नया रूप दिया जा रहा है। लंबे समय से जर्जर स्थिति में स्थित हावड़ा जिले का यह महत्वपूर्ण जंक्शन अब आधुनिक और यात्रियों के अनुकूल सुविधाओं से सुसज्जित होगा। स्टेशन के पुनर्निर्माण और सौंदर्यीकरण के लिए लगभग 30 करोड़ रुपये की राशि आवंटित की गई है।

नई परियोजना में फुट ओवरब्रिज, दिव्यांगजन-अनुकूल सुविधाएं, लिफ्ट, एस्केलेटर, व्हीलचेयर उपयोग के लिए कम ऊंचाई वाले टिकट काउंटर, टैक्टाइल पाथवे और ब्रेल मानचित्र जैसी आधुनिक व्यवस्थाएं शामिल हैं। यात्रियों के लिए सूचना बोर्ड, सीसीटीवी कैमरे,



बेहतर ध्वनि प्रणाली, आपातकालीन कॉल प्वाइंट और शुद्ध पेयजल की भी सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।

स्टेशन का फेसाड बाली की सांस्कृतिक विरासत के अनुसार डिजाइन किया जाएगा, जिसमें आधुनिक संरचना के बीच बंगाल की शास्त्रीय वास्तुकला की झलक दिखाई देगी। प्लेटफॉर्म और प्रतीक्षालयों में आरामदायक और टिकाऊ फर्नीचर रखा जाएगा। पर्यटन और आध्यात्मिक महत्व: बाली का रेलवे जंक्शन यात्रियों को सीधे गंगा घाट और दक्षिणेश्वर काली मंदिर तक पहुंचाता है। यह हावड़ा और कोलकाता के बीच एक महत्वपूर्ण मार्ग है, जो विवेकानंद सेतु और निवेदिता सेतु के माध्यम से जुड़े शहरों को जोड़ता है।

भारतीय रेल प्रणाली इस समय अभूतपूर्व परिवर्तन के दौर से गुजर रही है। वंदे भारत एक्सप्रेस, अमृत भारत एक्सप्रेस, नई रेल लाइनों, स्वचालित सिग्नलिंग और विद्युतीकरण के साथ देशभर में रेल यात्रा को आधुनिक बना रही हैं। अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत देश के 1300 से अधिक स्टेशनों का और पश्चिम बंगाल के 101 स्टेशनों का पुनर्विकास किया जा रहा है।

बाली का यह पुनर्निर्मित स्टेशन न केवल आधुनिकता का प्रतीक होगा, बल्कि गंगा के तट पर इसकी प्राचीन संस्कृति और विरासत को संरक्षित रखते हुए यात्रियों और पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र बनेगा।

## हल्दिया डॉक कॉम्प्लेक्स में एफएसआरयू परियोजना के लिए एसएमपी कोलकाता और ईस्ट होराइजन के बीच समझौता




**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्वी भारत में एलएनजी अवसंरचना को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए श्यामा प्रसाद मुखर्जी पोर्ट (एसएमपी), कोलकाता ने 6 मार्च को एम/एस ईस्ट होराइजन प्राइवेट लिमिटेड के साथ हल्दिया डॉक कॉम्प्लेक्स (एचडीसी) में फ्लोटिंग स्टोरेज एंड री-गैसिफिकेशन यूनिट (एफएसआरयू) की स्थापना के लिए लाइसेंस एग्रीमेंट पर हस्ताक्षर किए। करीब 260 करोड़ की लागत वाली इस परियोजना से पोर्ट की लिक्विफाइड नेचुरल गैस (एलएनजी) को संभालने की क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। इसके साथ ही क्षेत्र में स्वच्छ ऊर्जा अवसंरचना के विकास को भी बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। प्रस्तावित एफएसआरयू सुविधा के माध्यम से एलएनजी का आयात, भंडारण और री-गैसिफिकेशन किया जा सकेगा। इससे देश की गैस आपूर्ति श्रृंखला को मजबूती मिलेगी और केंद्र सरकार के उस लक्ष्य को समर्थन मिलेगा, जिसके तहत देश के ऊर्जा मिश्रण में प्राकृतिक गैस की हिस्सेदारी बढ़ाने पर जोर दिया जा रहा है। यह पहल पोर्ट-आधारित औद्योगिकीकरण और क्षेत्रीय आर्थिक विकास को भी गति देने में सहायक होगी।

इस अवसर पर एसएमपी कोलकाता के चेयरमैन रथेंद्र रमन ने कहा कि हल्दिया डॉक कॉम्प्लेक्स में एफएसआरयू की स्थापना पूर्वी भारत में एलएनजी अवसंरचना को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि यह परियोजना स्वच्छ ईंधन के उपयोग को बढ़ावा देगी, ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत करेगी और क्षेत्र में सतत औद्योगिक विकास में पोर्ट की भूमिका को और सुदृढ़ करेगी।

# भाजपा सांसद खगेन मुर्मू ने ममता से इस्तीफे की मांग की



❑ **भाजपा सांसद का आरोप, मुख्यमंत्री राज्य के 'बादशाह' की तरह कर रही व्यवहार**

**कोलकाता, समाज्ञा :** भाजपा सांसद खगेन मुर्मू ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के इस्तीफे की मांग करते हुए रविवार को आरोप लगाया कि उन्होंने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का अपमान किया है। आदिवासी समुदाय से आने वाले मालदह उत्तर से भाजपा सांसद खगेन मुर्मू ने कहा कि आदिवासियों की गरिमा का सम्मान करते हुए मुख्यमंत्री को तुरंत इस्तीफा दे देना चाहिए। उन्होंने कहा कि केवल माफी मांगना पर्याप्त नहीं होगा और आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री राज्य के 'बादशाह' की तरह व्यवहार कर रही हैं।

## खड़गपुर मंडल में 70वें रेल सेवा पुरस्कार समारोह में सुरक्षा और सेवा में उत्कृष्ट कर्मचारियों को सम्मानित

**हावड़ा :** दक्षिण पूर्व रेलवे (दपूरे) के खड़गपुर मंडल में 70वां रेल सेवा पुरस्कार-2025 (मंडल स्तर) का आयोजन किया गया, जिसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 43 रेल कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। इस समारोह में सुरक्षा, नवाचार और सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले कर्मचारियों को उनके समर्पण के लिए पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर शालीमार आरपीएफ पोस्ट के इंस्पेक्टर सुशील कुमार सिंह को सुरक्षा में उत्कृष्टता के लिए शील्ड देकर सम्मानित किया गया। पुरस्कार प्रदान करते हुए खड़गपुर डिवीजन के डीआरएम ललित मोहन पांडे ने कहा कि रेलवे की सुरक्षा का मुख्य दायित्व रेलवे सुरक्षा बल पर है और शालीमार आरपीएफ इंस्पेक्टर सुशील कुमार सिंह एवं उनकी टीम ने इस जिम्मेदारी को उत्कृष्ट ढंग से निभाया है। पुरस्कार प्राप्त करने के बाद



इंस्पेक्टर सुशील कुमार सिंह ने कहा कि यह शील्ड उनके लिए और पूरे पोस्ट के लिए गौरव की बात है। उल्लेखनीय है कि पिछले वर्ष शालीमार आरपीएफ ने मानव तस्करी के छह मामले सुलझाए, जिसमें 16 तस्करों को गिरफ्तार और 36 नाबालिगों को बचाया गया। इसके अलावा, अपहरण के छह मामलों का खुलासा करते हुए सात अपहरणकर्ताओं को गिरफ्तार किया गया। सुरक्षा अभियानों 'ऑपरेशन नन्हे फरिश्ते' के तहत कुल 127 बच्चों (118 लड़के और 9 लड़कियां) को सुरक्षित किया गया, जबकि 'ऑपरेशन सतर्क' में 55 लाख रुपये मूल्य की अवैध सामग्री बरामद की गई। इस कार्यक्रम में रेलवे के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।

सोमवार, 9 मार्च 2026

मौसम

तापमान 22 – 31
आर्द्रता 79%
सूर्योदय: 05:52 सूर्यास्त: 17:43

ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

Epaper.samagya.in

# समाज्ञा

कोलकाता, चैत्र कृष्णपक्ष षष्ठी, वि.स. 2082, पृष्ठ 12, मूल्य 3.00 रुपये



'स्काय इज द लिमिट': विश्व कप विजेता कप्तान सूर्यकुमार ने आलोचकों को गलत साबित किया पृष्ठ 12

स्थानीय खबरें पृष्ठ चार, छः और सात पर

सुविचार : हर व्यक्ति को किसी न किसी बात पर अपने से बेहतर होता है।

# भारत तीसरी बार टी-20 वर्ल्ड चैंपियन



**पहली बार मेजबान टीम ने खिताब जीता**

**फाइनल में रिकॉर्ड 255 रन बनाए**

**न्यूजीलैंड की 96 रन से सबसे बड़ी हार**

**अहमदाबाद :** भारत ने न्यूजीलैंड को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेले गए फाइनल में हराकर खिताब जीत लिया है। भारत के 255 रन के जवाब में न्यूजीलैंड 19 ओवर में 159 रन पर सिमट गई। टीम इंडिया ने तीसरी बार टी20 विश्वकप का खिताब जीता है। इससे पहले टीम 2007 में पहले संस्करण और 2024 में रोहित शर्मा की कप्तानी में खिताब जीती थी। सूर्यकुमार यादव का भी नाम विश्व विजेता कप्तानों में शुमार हो गया है। अहमदाबाद में साल 2023 में ऑस्ट्रेलिया से वनडे विश्वकप में हार के बाद कई बातें कही गई थीं, लेकिन अब टीम इंडिया ने चैंपियन बनते हुए इतिहास दोहराया भी, हराया भी और नया इतिहास भी रच दिया।भारत ने न्यूजीलैंड के सामने 256 रन का लक्ष्य रखा था। इस मैच में टीम इंडिया ने रिकॉर्ड्स की बारिश कर दी। पहले बल्लेबाजी करते हुए टीम इंडिया ने 20 ओवर में पांच विकेट गंवाकर 255 रन बनाए। भारत एक समय 300 रन बनाती हुई दिख रही थी, लेकिन 16वें ओवर में नीशम ने तीन झटके दिए और इससे रन गति धीमी पड़ गई। भारत का स्कोर 15वें ओवर के बाद एक विकेट पर 203 रन था। इसके बाद 16वें ओवर में टीम इंडिया ने संजू सैमसन, ईशान किशन और सूर्यकुमार यादव के विकेट गंवाए। इस ओवर में एक रन बना। फिर 17वें ओवर में सात रन और 18वें ओवर में नौ रन बने। 19वें ओवर में हार्दिक पांड्या आउट हुए और 11 रन बने। हालांकि, आखिरी ओवर में शिवम दुबे का बल्ला चला और इसकी वजह से टीम 250 के पार पहुंच सकी। दुबे आठ गेंद में तीन चौके और दो छक्के की मदद से 26 रन बनाकर नाबाद रहे। भारत ने आखिरी यानी 20वें ओवर में 24 रन बटोरे।

## पश्चिम बंगाल की जनता राष्ट्रपति मुर्मू के घोर अपमान के लिए तृणमूल को माफ नहीं करेगी: प्रधानमंत्री मोदी

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पश्चिम बंगाल में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के कथित प्रोटोकॉल उल्लंघन को लेकर रविवार को तृणमूल कांग्रेस सरकार पर अपना हमला तेज करते हुए कहा कि राज्य की जागरूक जनता एक महिला आदिवासी नेता और देश की राष्ट्रपति का ''अपमान'' करने के लिए पार्टी को कभी माफ नहीं करेगी। प्रधानमंत्री ने दिल्ली मेट्रो के दो नए कॉरिडोर और अन्य परियोजनाओं का उद्घाटन करने के बाद राष्ट्रीय राजधानी में यह बात कही। मोदी ने कहा, आज जब पूरा देश अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मना रहा है, यह बेहद चिंताजनक है कि कल ही पश्चिम बंगाल की तृणमूल कांग्रेस सरकार ने भारत की माननीय राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का घोर अपमान किया। मोदी की यह टिप्पणी राष्ट्रपति मुर्मू द्वारा शनिवार को पश्चिम बंगाल में आदिवासी समुदाय के सम्मेलन के स्थान में परिवर्तन और उनके दौरे के



दौरान मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और मंत्रियों की अनुपस्थिति पर नाराजगी व्यक्त करने के बाद आई है। इसके तुरंत बाद, बनर्जी ने राष्ट्रपति पर ''भाजपा की सलाह पर बोलने'' का आरोप लगाया तथा मणिपुर और छत्तीसगढ़ जैसे राज्यों में आदिवासियों के खिलाफ कथित अत्याचारों पर उनकी चुप्पी पर सवाल उठाया। भाजपा ने राष्ट्रपति का ''अपमान'' करने के लिए तृणमूल सरकार पर जमकर हमला बोला। प्रधानमंत्री मोदी ने इसे ''शर्मनाक और अभूतपूर्व'' करार दिया तथा तृणमूल कांग्रेस पर सभी हदें पार करने का आरोप लगाया। रविवार को प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि तृणमूल कांग्रेस सरकार के कारण न केवल आदिवासी समुदाय के कार्यक्रम में कुप्रबंधन देखने को मिला, बल्कि यह राष्ट्रपति, संविधान और देश में लोकतंत्र की महान परंपरा का भी अपमान है। उन्होंने कहा, ''राष्ट्रपति मुर्मू जी संथाल आदिवासी परंपरा के सम्मान में आयोजित एक महत्वपूर्ण समारोह में भाग लेने के लिए बंगाल गई थीं। हालांकि, तृणमूल कांग्रेस ने इस पवित्र और महत्वपूर्ण कार्यक्रम का बहिष्कार करना चुना, जिसका राष्ट्रपति और आदिवासी समुदाय दोनों के लिए बहुत महत्व है।'' मोदी ने कहा कि राष्ट्रपति स्वयं आदिवासी पृष्ठभूमि से आती हैं और उन्होंने संथाल समुदाय के प्रति गहरी चिंता व्यक्त की है।

## राष्ट्रपति के कार्यक्रम में प्रोटोकॉल का कोई उल्लंघन नहीं हुआ : ममता

**मुख्यमंत्री ने बंगाल दौरे में राष्ट्रपति के अपमान के आरोपों को किया खारिज**



**कोलकाता, समाज्ञा :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के बंगाल दौरे में प्रोटोकॉल के उल्लंघन और कार्यक्रम स्थल पर अव्यवस्था के आरोपों पर घमासान के बीच मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने रविवार को स्पष्ट कहा कि प्रोटोकॉल का कोई उल्लंघन नहीं हुआ है। ममता ने कोलकाता के धर्मतल्ला में धरना मंच से कहा कि राष्ट्रपति एक निजी कार्यक्रम के लिए बंगाल आई थी और इसमें बंगाल सरकार शामिल नहीं थी। ममता ने आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए कहा कि बंगाल में राष्ट्रपति के कार्यक्रम में कुप्रबंधन के लिए निजी आयोजक और केंद्र सरकार के अधीन एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया जिम्मेदार है। ममता ने स्पष्ट कहा कि राष्ट्रपति के कार्यक्रम का आयोजन एक निजी संगठन ने किया था और इसमें राज्य सरकार की कोई भूमिका नहीं थी। उन्होंने दावा किया कि निजी आयोजक ने राज्य सरकार को राष्ट्रपति के कार्यक्रम के विवरण या कोई जानकारी भी नहीं दी थी। उन्होंने कहा कि इसके बावजूद राज्य सरकार की ओर से सिलीगुड़ी के मेयर गौतम देब वहां मौजूद थे। ममता ने कहा कि जहां यह कार्यक्रम हुआ यह क्षेत्र एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया का है। उन्होंने जोर देकर कहा कि ऐसे में अगर वहां कुछ भी बुरा हुआ है या कुप्रबंधन तो इसकी जिम्मेदारी निजी आयोजक और एयरपोर्ट अथॉरिटी की है। ममता ने कहा कि हम राष्ट्रपति की कुर्सी और संविधान का पूरा सम्मान करते हैं। हमारा संविधान हमारी मां जैसा है और हम कभी भी कुर्सी का अपमान नहीं करते। भाजपा व केंद्र सरकार पर हमला बोलते हुए ममता ने दावा किया कि सामने विधानसभा चुनाव है, इसलिए इस तरह के आरोप लगाकर बंगाल को जानबूझकर निशाना बनाया जा रहा और बदनाम किया जा रहा है।

### राष्ट्रपति के कार्यक्रम में 'प्रोटोकॉल उल्लंघन' मामले में बंगाल सरकार से जवाब तलब

**नयी दिल्ली/कोलकाता :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के पश्चिम बंगाल दौरे में प्रोटोकॉल के कथित उल्लंघन को लेकर विवाद के बीच, केंद्र सरकार ने राज्य सरकार से रविवार की शाम पांच बजे तक प्रोटोकॉल, स्थल और मार्ग व्यवस्था से संबंधित 'उल्लंघनों' पर जवाब देने को कहा है। सूत्रों ने यह जानकारी दी। केंद्र सरकार ने राज्य के मुख्य सचिव को एक पत्र लिखकर 'ब्लू बुक' के नियमों के उल्लंघन, प्रोटोकॉल, स्थल और मार्ग व्यवस्था के बारे में जवाब देने के लिए कहा है। 'ब्लू बुक' एक गोपनीय दस्तावेज है जिसमें राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, प्रधानमंत्री एवं उनके परिवारों की सुरक्षा और प्रोटोकॉल के नियमों की सूची है। उच्च पदस्थ सूत्रों ने कहा कि राज्य के मुख्य सचिव को भेजे गए पत्र में राष्ट्रपति के राज्य में आगमन के समय मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) की अनुपस्थिति पर प्रतिक्रिया मांगी गई है और कहा गया है कि यह 'ब्लू बुक' के नियमों का गंभीर उल्लंघन है। राज्य से यह भी पूछा गया है कि राष्ट्रपति को लाने के लिए चुने गए मार्ग पर गंदगी क्यों थी। पत्र में यह भी पूछा गया है कि दार्जिलिंग के जिलाधिकारी, सिलीगुड़ी के पुलिस आयुक्त और अतिरिक्त जिलाधिकारी के खिलाफ क्या कार्रवाई की गई है, जो इन उल्लंघनों के लिए सीधे जिम्मेदार प्रतीत होते हैं।

### अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस: एयर इंडिया ने संचालित कीं महिला पायलट वाली नौ उड़ानें

**नयी दिल्ली :** एयर इंडिया ने रविवार को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर नौ ऐसी उड़ानों का संचालन किया, जिनकी कमान महिला विमान चालकों (पायलट) के हाथों में थी। ये उड़ानें लंदन हीथ्रो, नयी दिल्ली और मुंबई सहित चुनिंदा अंतरराष्ट्रीय और घरेलू मार्गों के बीच संचालित की गईं। विज्ञप्ति के अनुसार, इनमें से कुछ उड़ानों का संपूर्ण प्रबंधन महिला दल द्वारा किया गया। इसमें विमान चालकों और विमान परिचारकों (केबिन क्रू) के अलावा दल नियोजन विश्लेषक, 'फ्लाइट डिस्पैचर' और मौसम विज्ञानी जैसे पदों पर भी महिलाएं शामिल थीं। विज्ञप्ति में बताया गया कि एयर इंडिया के कुल कार्यबल में लगभग आधी संख्या महिलाओं की है और कंपनी के कुल विमान चालकों में उनकी हिस्सेदारी 16 प्रतिशत है।

### संसद के बजट सत्र का दूसरा चरण आज से

**नयी दिल्ली :** संसद के बजट सत्र के सोमवार से शुरू होने वाले दूसरे चरण के हंगामेदार रहने की संभावना है। इस दौरान लोकसभा में विपक्ष द्वारा प्रायोजित उस प्रस्ताव पर चर्चा होनी है, जिसमें लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को हटाने की मांग की गई है।
पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष का मुद्दा भी प्रमुखता से उठाया जा सकता है, क्योंकि विपक्ष पहले से ही ईरान के प्रति सरकार के रुख, भारत द्वारा रूस से तेल खरीदने पर अमेरिका द्वारा दी गई छूट और अन्य मुद्दों को लेकर सरकार पर हमला कर रहा है।

## महिलाएं सशक्त हैं, दूसरों से कमतर नहीं होतीं: राष्ट्रपति मुर्मू

**नयी दिल्ली :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने महिलाओं की ताकत और उपलब्धियों की रविवार को सराहना करते हुए उन्हें उनकी पूरी क्षमता का एहसास कराने के लिए प्रोत्साहित किया। मुर्मू ने कहा, ''हम किसी से कमतर नहीं हैं।'' महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि यह अवसर न केवल महिलाओं की उपलब्धियों को सम्मानित करने का है, बल्कि उनके सशक्तीकरण के प्रति राष्ट्र की प्रतिबद्धता को भी दोहराने का है। मुर्मू ने शिक्षा, प्रशासन, न्यायपालिका,



सशस्त्र बलों, चिकित्सा, विज्ञान, प्रौद्योगिकी, कला, उद्यमिता और खेल में महिलाओं की अग्रणी भूमिकाओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि ग्रामीण महिलाएं स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन रही हैं और ग्राम विकास में नेतृत्व प्रदान कर रही हैं, वहीं महिलाएं रोजगार, स्टार्टअप और कॉर्पोरेट क्षेत्र में भी अग्रणी भूमिका निभा रही हैं। उन्होंने कहा, ''अवसर और समर्थन मिलने पर महिलाएं हर क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकती हैं।'' मुर्मू ने कहा, ''महिलाओ में दम है, हम किसी से कम नहीं। हममें भी दम है।'' राष्ट्रपति ने इस बात पर जोर दिया कि यद्यपि कई उपलब्धियां हासिल की गई हैं, फिर भी समाज में महिलाओं की समान भागीदारी सुनिश्चित करने में कई बाधाएं मौजूद हैं। उन्होंने कहा, ''इन चुनौतियों का समाधान केवल कानून से नहीं हो सकता। हमें अपनी सोच बदलनी होगी।''

### विदेश मंत्री एस. जयशंकर पश्चिम एशिया की स्थिति पर लोकसभा में बयान देंगे



**नयी दिल्ली :** विदेश मंत्री एस जयशंकर पश्चिम एशिया की स्थिति के संबंध में सोमवार को लोकसभा में बयान देंगे। संसद के बजट सत्र का दूसरा चरण सोमवार से शुरू होगा। रविवार शाम को जारी लोकसभा की नौ मार्च की संशोधित कार्यसूची के अनुसार, ''डॉ. एस. जयशंकर पश्चिम एशिया की स्थिति के संबंध में एक बयान देंगे।'' शनिवार तक, लोकसभा अध्यक्ष पद से ओम बिरला को हटाने की मांग वाला विपक्ष समर्थित प्रस्ताव ही सोमवार के लिए सूचीबद्ध एकमात्र आधिकारिक एजेंडा था। विपक्ष ने पश्चिम एशिया की स्थिति पर सदन में चर्चा की मांग की है। विदेश मंत्रालय ने कहा है कि क्षेत्र में हवाई मार्ग के आंशिक रूप से खोले जाने के बाद 52,000 से अधिक भारतीय स्वदेश लौट चुके हैं। पश्चिम एशिया में सुरक्षा स्थिति नाजुक बनी हुई है क्योंकि अमेरिका और इजराइल संयुक्त रूप से ईरानी ठिकानों पर लगातार बमबारी कर रहे हैं, जबकि तेहरान पूरे क्षेत्र में इजराइली ठिकानों और अमेरिकी सैन्य अड्डों पर हमले करके जवाबी कार्रवाई कर रहा है।

## भारत-पाकिस्तान 1965 युद्ध के नायक और पूर्व सैनिक के.जी.जॉर्ज का निधन



**नयी दिल्ली :** वर्ष 1965 के भारत-पाकिस्तान युद्ध में अदम्य साहस दिखाने वाले वीर चक्र से सम्मानित लांस हवलदार के.जी. जॉर्ज (सेवानिवृत्त) का 95 वर्ष की आयु में केरल में निधन हो गया। उनके परिवार ने रविवार को यह जानकारी दी। के.जी. जॉर्ज (सेवानिवृत्त) के पोते रेमो जॉन ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, ''मेरे दादाजी का शनिवार की सुबह निधन हो गया। उनका जन्म फरवरी 1931 में हुआ था और उन्होंने 1965 के भारत-पाकिस्तान युद्ध में भाग लिया था। '' जॉन (21) ने बताया कि जॉर्ज का जन्म केरल में हुआ था और वह वृद्धावस्था के कारण होने वाली स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों से पीड़ित थे। उन्होंने कोट्टयम स्थित अपने आवास पर अंतिम सांस ली। जॉर्ज ने भारतीय सेना के सिग्नल कोर में सेवा की थी, जो 1911 में स्थापित एक महत्वपूर्ण इकाई है। जॉर्ज को मिले वीर चक्र के प्रशस्ति पत्र में 1965 के युद्ध के दौरान उनके वीरतापूर्ण कार्य का वर्णन किया गया है और इसमें लिखा है कि उन्होंने ''उच्च कोटि का साहस और कर्तव्यनिष्ठा का प्रदर्शन किया।'' जॉर्ज को मिले वीर चक्र के प्रशस्ति पत्र के मुताबिक, '' छह से 10 सितंबर 1965 की अवधि के दौरान, दुश्मन की लगातार गोलाबारी और हवाई हमलों के बीच, लांस हवलदार (लाइनमैन फील्ड) के.जी. जॉर्ज ने पाकिस्तान के वाघा सेक्टर में बाधित संचार व्यवस्था को बहाल करने के लिए अपनी टुकड़ी का नेतृत्व करना जारी रखा। आठ और नौ सितंबर, 1965 की रात को अपनी जान को खतरे में डालकर भी, उन्होंने दुश्मन के हमले के दौरान ब्रिगेड मुख्यालय से अग्रिम बटालियनों तक संचार की एक लाइन स्थापित की।

# इजरायल का ईरान के इस्फहान एयरपोर्ट पर एयरस्ट्राइक

**कई अमेरिकी एफ -14 जेट तबाह**

इजरायल ने इस्फहान एयरपोर्ट पर ईरान के कई अमेरिकी एफ -14 जेट नष्ट कर दिए, टॉमकैट्स का पूरा ऑपरेशनल फ़्लीट एयरबेस पर तैनात है। इन हमलों ने ईरानी एयर डिफेंस सिस्टम को काफी नुकसान पहुँचाया है, जिससे इजरायल का हवाई दबदबा काफी बढ़ गया है। मिलिट्री एनालिस्ट्स का कहना है कि इस ऑपरेशन ने ईरान के पूरे ऑपरेशनल एफ -14 फ्लीट को खत्म कर दिया होगा।आईडीएफ के बयानों के अनुसार, इजरायल ने ईरान के इस्फहान अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर एयरस्ट्राइक की है, जिसमें ईरान के कई अमेरिकी निर्मित एफ-14 'टॉमकैट' फाइटर जेट्स को नष्ट कर दिया गया है। ये हमला इस्फहान के



शाहिद बेहेश्ती इंटरनेशनल हवाई अड्डे पर किया गया। इन हवाई अड्डों पर ईरान के पुराने एफ-14 टॉमकैट्स का काफी बड़ा ऑपरेशनल बेड़ा तैनात था। आईडीएफ का दावा है कि इस हमले में कई एफ-14 जेट्स, साथ ही हवाई अड्डे पर मौजूद रडार और एयर डिफेंस सिस्टम को नष्ट कर दिया गया। ये कार्रवाई 'ऑपरेशन रोरिंग लायन' का हिस्सा है। इस्फहान में 8वीं टेक्नीकल फाइटर बेस ईरान के लिए काफी अहम है क्योंकि यहाँ खास कर एफ -14 फाइटर जेट को रखा जाता है। ऐसे में इस बेस के नष्ट होने से ईरान की वायुसेना को काफी नुकसान पहुँचा है।

### ईरान ने ताजा हमलों में 16 बैलिस्टिक मिसाइलें और 117 ड्रोन दागे : यूएई

**मिसाइल हमले में भारतीय की मौत**

**दुबई :** संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) का कहना है कि ईरान ने रविवार को ताजा हमलों में 16 बैलिस्टिक मिसाइलें और 117 से अधिक ड्रोन दागे हैं। यूएई के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि उसने सभी 16 मिसाइलों को मार गिराया, जबकि 17वीं मिसाइल समुद्र में गिर गई। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि उसने ईरान की ओर से दागे गए अधिकांश ड्रोन को आसमान में ही नष्ट कर दिया, लेकिन चार ड्रोन संयुक्त अरब अमीरात की धरती पर गिरे। अल-खार्ज इलाके में रिहायशी परिसर पर मिसाइल गिरने से एक भारतीय और एक बांग्लादेशी नागरिक की मौत हो गई। अलजजीरा की रिपोर्ट के मुताबिक हमले में 12 अन्य बांग्लादेशी घायल हुए हैं। मंत्रालय ने कहा कि वह इन हमलों का 'दृढ़तापूर्वक सामना' करने के लिए तैयार है। इससे पहले, ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियन ने इजराइल और अमेरिका द्वारा जारी हमलों के मद्देनजर रविवार को पूरे क्षेत्र में अमेरिकी ठिकानों पर हमले बढ़ाने की धमकी दी थी।



# बंगाल की अस्मिता बचाने के लिए टीएमसी सरकार का जाना जरूरी : अनुराग ठाकुर



**❑ पूर्व केंद्रीय मंत्री का दावा... 'बंगाल पिछले पांच दशकों से कुशासन झेल रहा, केवल भाजपा सुशासन ला सकती है'**

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व केंद्रीय मंत्री व भाजपा सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने रविवार को उत्तर 24 परगना जिला के नैहाटी विधानसभा में विशाल जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि ममता बनर्जी बंगाल में एक तरफ राष्ट्रपति और राज्यपाल का विरोध करती हैं, तो वहीं दूसरी तरफ घुसपैठियों व माफिया का स्वागत करती हैं। उन्होंने कहा कि ममता राज्य की मुख्यमंत्री नहीं, बल्कि माफिया, जिहादियों और घुसपैठियों की कायदे आजम हैं। बंगाल की अस्मिता व संसाधनों की रक्षा के लिए टीएमसी सरकार का जाना व भाजपा सरकार का आना नितांत आवश्यक है। अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा कि बंगाल में आने वाला विधानसभा चुनाव बांग्ला स्वाभिमान, बांग्ला संस्कृति और बंगाल के अस्तित्व की रक्षा का चुनाव है। बंगाल में लंबे समय से बांग्लादेशी घुसपैठ जारी है। कांग्रेस से लेकर कम्युनिस्ट और टीएमसी ने योजनाबद्ध तरीके से बंगाल में बांग्लादेशियों की घुसपैठ करवाई, क्योंकि ये बांग्लादेशी घुसपैठिए इनके लिए वोट बैंक हैं और इनके ही सहारे यह चुनाव जीतते हैं। भाजपा सांसद ने कहा कि राज्य सरकार ने यहां के युवाओं को नया उद्योग लगाकर देने की जगह अपने मंत्रियों, नेताओं और कार्यकर्ताओं द्वारा कटमनी वसूलकर बार-बार ठगने का काम किया है। इनके 12 से अधिक मंत्री और नेता भ्रष्टाचार के मामले में गिरफ्तार हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि जब-जब इनके नेता भ्रष्टाचार के मामलों में पकड़े जाते हैं, तुरंत उनकी तबीयत खराब हो जाती है। तुरंत ममता दीदी उन्हें निर्दोष घोषित कर देती हैं। यही नहीं, खुद ही जांच एजेंसी से लड़ने पहुंच जाती हैं। अगर कोई केंद्रीय एजेंसी किसी आपराधिक मामले की जांच करने के लिए बंगाल जाती है तो उन्हें अपराधियों से कम ममता दीदी से अधिक डर होता है। अनुराग ठाकुर ने कहा कि टीएमसी के राज में स्कूल-कॉलेज तक में बेटियां सुरक्षित नहीं हैं। पीड़ितों को न्याय के लिए बार-बार कोर्ट के चक्कर काटने पड़ते हैं। माकपा और टीएमसी दोनों ने बंगाल पर पचास साल तक राज किया। बंगाल पिछले पांच दशकों से कुशासन झेल रहा है। आज बंगाल को सुशासन की जरूरत है। अगर बंगाल को सुशासन के दो दशक मिलते हैं तो बंगाल को भारत के सबसे विकसित राज्य बनने से कोई नहीं रोक सकता है और यह सुशासन सिर्फ और सिर्फ भाजपा ही दे सकती है।

**❑ 'ममता ने राज्य को बीते 15 साल में कर्ज के दलदल में पहुंचा दिया'**

अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा कि टीएमसी मां, माटी, मानुष का नारा देकर सत्ता में आई थी। मां को ममता ने हड़प लिया, माटी को माफिया खा गया। मानुष को मनी पावर ने निगल लिया और अब ये ममता-माफिया-मनी पावर की सरकार बन चुकी है। उन्होंने कहा कि आज बंगाल में हिंदू सुरक्षित नहीं हैं। हमारे मंदिर सुरक्षित नहीं हैं। हमारी बेटियां सुरक्षित नहीं हैं। जज सुरक्षित नहीं हैं। राज्य सुरक्षित नहीं है, यहां तक कि गाय-बैल भी सुरक्षित नहीं हैं। बंगाल को उन्नयन का झूठा सपना दिखाकर सत्ता में आई ममता ने बीते 15 साल में कर्ज के दलदल में पहुंचा दिया है। कर्ज के मामले में पश्चिम बंगाल देशभर में पहले स्थान पर है। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल पर 8 लाख करोड़ रुपए से अधिक का कर्ज है। बंगाल को बर्बाद करने मीं ममता बनर्जी और उनकी पार्टी टीएमसी ने कोई कसर नहीं छोड़ी है।

## महिला सशक्तिकरण के लिए प्रधानमंत्री ने अभूतपूर्व कदम उठाए : शुभेंदु अधिकारी



**मालदह :** विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी ने रविवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए अभूतपूर्व कदम उठाए हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने स्वच्छ भारत मिशन के तहत महिलाओं की गरिमा सुनिश्चित करने के लिए 14 करोड़ शौचालयों का निर्माण करवाया है और साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना (जहां स्वामित्व परिवार की सबसे वरिष्ठ महिला सदस्य के पास रहता है) के तहत देश भर में छह करोड़ घरों का निर्माण करवाया है, जिनमें से 40 लाख घर पश्चिम बंगाल में हैं। तृणमूल कांग्रेस पर राज्य के लोगों को मिलावटी अनाज मुहैया कराने का आरोप लगाते हुए शुभेंदु ने वादा किया कि अगर आगामी विधानसभा चुनावों में राज्य में भाजपा सरकार सत्ता में आती है तो लाभार्थियों को 'शुद्ध' अनाज उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार देशभर में करोड़ों लोगों को रियायती दरों पर खाना पकाने की गैस उपलब्ध करा रही है। उन्होंने कहा कि तृणमूल के जो लोग गैस सिलेंडर लेकर रैलियां कर रहे हैं, उन्हें यह पता होना चाहिए कि ममता बनर्जी सरकार उज्ज्वला तीन योजना के लिए केंद्र को आवेदन नहीं भेज रही है, जिससे राज्य में 15 लाख और महिलाओं को लाभ मिलेगा। देश में महिलाओं के उत्थान के लिए मोदी सरकार द्वारा चलाए जा रहे कार्यक्रमों का उल्लेख करते हुए भाजपा नेता ने कहा कि वह अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर इन कार्यक्रमों का जिक्र इसलिए कर रहे हैं ताकि लोगों को सरकार के प्रयासों के बारे में जागरूक किया जा सके। उन्होंने यहां 'परिवर्तन यात्रा' रैली को संबोधित करते हुए कहा कि पश्चिम बंगाल में महिलाओं की कोई सुरक्षा नहीं है।

# अभिषेक बनर्जी ने शाह को केंद्र और बंगाल सरकार के प्रदर्शन पर बहस करने की दी चुनौती



**❑ तृणमूल नेता का आरोप, भाजपा राजनीतिक उद्देश्यों के लिए राष्ट्रपति पद का इस्तेमाल कर रही**

**कोलकाता, समाज्ञा :** तृणमूल कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अभिषेक बनर्जी ने रविवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को राज्य की तृणमूल कांग्रेस सरकार और केंद्र सरकार के प्रदर्शन पर बहस करने की चुनौती दी। साथ ही, उन्होंने भाजपा पर राष्ट्रपति पद को राजनीतिक मुद्दों में घसीटकर 'ओछी राजनीति' करने का आरोप लगाया। तृणमूल नेता अभिषेक बनर्जी ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर दक्षिण 24 परगना के मथुरापुर में एक रैली को संबोधित करते हुए आरोप लगाया कि भाजपा प्रत्येक भारतीय बच्चे को 1.4 लाख रुपये से अधिक के कर्ज के बोझ तले धकेल रही है। तृणमूल सांसद ने कहा कि अगर भाजपा वास्तव में राष्ट्रपति का सम्मान करती है, तो उन्हें नये संसद भवन के उद्घाटन जैसे महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्यक्रम और अयोध्या में राम मंदिर में प्राणप्रतिष्ठा में आमंत्रित किया जाना चाहिए था। भाजपा के उन आरोपों का खंडन करने के लिए कि राज्य सरकार ने राष्ट्रपति का अपमान किया है, अभिषेक ने एक पुराने कार्यक्रम की तस्वीर का हवाला देते हुए दावा किया कि उसमें मुर्मू खड़ी हैं जबकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भाजपा के वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी बैठे हुए हैं। तृणमूल नेता ने आरोप लगाया कि भाजपा अब राजनीतिक उद्देश्यों के लिए राष्ट्रपति पद का इस्तेमाल चुनिंदा रूप से कर रही है।

**❑ 'अमित शाह द्वारा दिए गए भाषण झूठ का पुलिंदा'**

राज्य की आर्थिक स्थिति और कानून व्यवस्था पर शाह की हालिया टिप्पणी का खंडन करते हुए, अभिषेक ने पांच दिन पहले राज्य में अमित शाह द्वारा दिए गए भाषण को 'झूठ का पुलिंदा' बताया। शाह के इस दावे पर कि राज्य पर 8 लाख करोड़ रुपये का कर्ज है, तृणमूल सांसद ने केंद्रीय आंकड़ों का हवाला देते हुए पलटवार किया। उन्होंने कहा कि 2014 में नरेन्द्र मोदी सरकार के सत्ता में आने से पहले देश का कर्ज 56 लाख करोड़ रुपये था। आज यह बढ़कर 197 लाख करोड़ रुपये हो गया है। उन्होंने कहा कि गृह मंत्री ने कहा कि बंगाल में पैदा होने वाले एक बच्चे पर 77,000 रुपये का कर्ज है। लेकिन सच्चाई यह है कि मोदी सरकार के शासन में भारत में पैदा होने वाले हर बच्चे पर 1.44 लाख रुपये का कर्ज है। मैं केंद्र सरकार को चुनौती देता हूं कि वह मुझे गलत साबित करे या मथुरापुर के लोगों से माफी मांगे।

**❑ तृणमूल नेता ने शाह को दी खुली बहस के लिए चुनौती**

शाह को खुली बहस के लिए चुनौती देते हुए अभिषेक ने कहा कि आप मोदी सरकार के 12 वर्षों का अपना रिपोर्ट कार्ड लाइए और मैं दीदी (ममता बनर्जी) सरकार के 14 वर्षों का रिपोर्ट कार्ड लाऊंगा। तब पता चलेगा कि जनता के लिए किसने अधिक काम किया है। व्यक्तिगत कटाक्ष करते हुए तृणमूल नेता ने अपनी चुनावी जीत की तुलना केंद्रीय गृह मंत्री के बेटे जय शाह के उदय से की। उन्होंने कहा कि मैंने जनता की अग्नि-परीक्षा तीन बार झेली है और 71,000, 3.22 लाख और 7.11 लाख मतों के अंतर से जीत हासिल की है। मैं अमित शाह से पूछना चाहता हूं कि उनके बेटे ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद का अध्यक्ष बनने के लिए कौन सी अग्नि-परीक्षा दी थी?

## बंगाल एंगलर्स फोरम की प्रतियोगिता से इकोपार्क में मछली संरक्षण और पर्यावरण जागरूकता का संदेश



**कोलकाता, समाज्ञा :** बंगाल एंगलर्स फोरम पिछले 12 वर्षों से इकोपार्क में मछली पकड़ने की प्रतियोगिता आयोजित कर रहा है, जिसका उद्देश्य लोगों में मछलियों के संरक्षण और उनके प्रति जागरूकता फैलाना है। इस प्रतियोगिता के माध्यम से प्रतिभागियों को कैच एंड रिलीज पद्धति के जरिए रॉड से मछली पकड़ने और उन्हें सुरक्षित अवस्था में वापस पानी में छोड़ने की तकनीक सिखाई जाती है, ताकि नदी की बड़ी मछलियों का संरक्षण किया जा सके। इस वर्ष इकोपार्क में विभिन्न प्रजातियों की मछलियों की संख्या अधिक होने के कारण पार्क प्रशासन ने प्रतिभागियों को एक या दो मछलियाँ अपने साथ ले जाने की अनुमति दी। प्रतियोगिता में शिवशंकर नंदी ने 12 किलोग्राम 500 ग्राम वजन की मछली पकड़कर सर्वश्रेष्ठ पुरस्कार अपने नाम किया। पुरस्कार वितरण समारोह में जाने माने वकील एमएल साहू विशेष रूप से उपस्थित रहे। रविवार को अवकाश होने के कारण इकोपार्क घूमने आए आम लोगों की भी बड़ी संख्या इस प्रतियोगिता को देखने के लिए उमड़ी।



ऑल इंडिया कांग्रेस के महासचिव एवं जम्मू-कश्मीर के विपक्षी नेता गुलाम मोहम्मद मीर ने दक्षिण कोलकाता कांग्रेस के अध्यक्ष मोहम्मद मुख्तार के इफ्तार पार्टी में शिरकत की। इस मौके पर पश्चिम बंगाल कांग्रेस के राज्य अध्यक्ष शुभंकर सरकार भी उपस्थित रहे।

## पश्चिम बंगाल तैलिक साहू सभा महिला प्रकोष्ठ ने मनाया महिला दिवस और होली उत्सव



**कोलकाता,समाज्ञा :** पश्चिम बंगाल तैलिक साहू सभा महिला प्रकोष्ठ द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस एवं होली प्रीति सम्मेलन का आयोजन प्रांतीय कार्यालय में बड़े धूमधाम से किया गया। कार्यक्रम में सभी संबद्धता प्राप्त संगठनों के महिला प्रकोष्ठ की सदस्यों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। महिला अध्यक्षा पुष्पा गुप्ता और सचिव कंचन गुप्ता के नेतृत्व में उमा साव, सिमरन गुप्ता, अंजू साव, सुनीता साव, अंजू देवी, नीलम शाह, इंदु साव, रूपा साव, नीतू जी सहित अन्य सदस्यों ने उपस्थित महिलाओं का गुलाल लगाकर तथा भेंट प्रदान कर स्वागत और सम्मान किया।

## एसआईआर : 200 न्यायिक अधिकारियों के लिए वर्चुअल प्रशिक्षण सत्र आयोजित

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य में निर्वाचन आयोग ने रविवार को ओडिशा और झारखंड के 200 न्यायिक अधिकारियों के लिए एक वर्चुअल प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया। बता दें कि यह अधिकारी विशेष गहन पुनरीक्षण-एसआईआर प्रक्रिया की देखरेख के लिए राज्य में आए हैं, जो विभिन्न जिलों में पहले से तैनात सैकड़ों स्थानीय न्यायाधीशों के साथ जुड़ेंगे। मार्गदर्शन प्रदान करने के लिए कलकत्ता उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति अरिजीत बंदोपाध्याय और रजिस्ट्रार जनरल सत्र के दौरान उपस्थित थे। आयोग ने आने वाले अधिकारियों के लिए आवास और परिवहन सहित रसद व्यवस्था को अंतिम रूप दे दिया है।

# परिवर्तन यात्रा के दौरान भाजपा नेताओं ने भ्रष्टाचार, घुसपैठ और कुप्रशासन के अंत का किया आह्वान

**कोलकाता, समाज्ञा :** भाजपा की परिवर्तन यात्रा राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में व्यापक जनभागीदारी के साथ जारी रही, जहां पार्टी के वरिष्ठ राष्ट्रीय और प्रदेश स्तर के नेताओं ने जनसभाओं को संबोधित करते हुए राज्य में निर्णायक राजनीतिक परिवर्तन का आह्वान किया। नेताओं ने सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस सरकार पर भ्रष्टाचार, तुष्टीकरण की राजनीति और विकास, सुरक्षा तथा सुशासन सुनिश्चित करने में विफल रहने का आरोप लगाया।

## तृणमूल कांग्रेस 'डकैतों की पार्टी' बन गई है : राहुल सिन्हा



**पश्चिम मेदिनीपुर :** जिले के सबंग विधानसभा क्षेत्र में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राहुल सिन्हा ने आरोप लगाया कि आज पूरे बंगाल में बम, हथियार और गोला-बारूद बरामद हो रहे हैं और तृणमूल कांग्रेस 'डकैतों की पार्टी' बन गई है। उन्होंने कहा कि सत्तारूढ़ दल पश्चिम बंगाल को 'पश्चिम बांग्लादेश' बनाने की कोशिश कर रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि रामनवमी की शोभायात्राओं में भाग लेने के कारण भाजपा कार्यकर्ताओं को पुलिस द्वारा गिरफ्तार और प्रताड़ित किया गया तथा ममता बनर्जी ने दुर्गा पूजा विसर्जन को भी रोकने की कोशिश की थी। उन्होंने कहा कि भाजपा के सत्ता में आने के बाद तृणमूल कांग्रेस के सभी भ्रष्ट नेता जेल जाएंगे और बंगाल में विकास का नया दौर शुरू होगा।

## पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत मजबूत हो रहा है, जबकि ममता बंगाल को लूट रही : सम्राट चौधरी



**जलपाईगुड़ी :** माल विधानसभा क्षेत्र में आयोजित परिवर्तन यात्रा और जनसभा को संबोधित करते हुए बिहार के उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत मजबूत हो रहा है, जबकि ममता बनर्जी बंगाल को लूट रही हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि भाजपा राज्य में परिवर्तन लाएगी। उन्होंने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को श्रद्धांजलि दी और कहा कि बंगाल उनकी भूमि है और भाजपा यहां जीत हासिल करेगी। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि घुसपैठ पर रोक नहीं लगी तो राज्य का जनसांख्यिकीय संतुलन बदल जाएगा और आदिवासी, राजवंशी, गोरखा तथा बंगाली समुदाय अपने अधिकार खो देंगे। उन्होंने कहा कि तृणमूल सरकार ने चाय बागानों के विकास के लिए कुछ नहीं किया। उन्होंने आश्वासन दिया कि भाजपा सरकार चाय बागान श्रमिकों को उचित मजदूरी सुनिश्चित करेगी। उन्होंने आयुष्मान भारत के तहत 5 लाख तक के स्वास्थ्य बीमा का वादा किया और तृणमूल कांग्रेस पर चाय बागानों की जमीन हड़पने का आरोप लगाया। उन्होंने यह भी बताया कि मोदी सरकार सिलीगुड़ी में रेलवे कॉरिडोर विकसित कर रही है और क्षेत्र में हवाई संपर्क का विस्तार कर रही है।

## बंगाल को वास्तविक परिवर्तन की आवश्यकता : सुकांत मजूमदार



**पूर्व बर्दवान :** जिले के कालना विधानसभा क्षेत्र में केंद्रीय राज्य मंत्री डॉ. सुकांत मजूमदार ने कहा कि बंगाल को वास्तविक परिवर्तन की आवश्यकता है। उनके अनुसार, यह परिवर्तन केवल राजनीतिक दल या नेतृत्व बदलने तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि व्यापक सामाजिक और आर्थिक बदलाव होना चाहिए। उन्होंने कहा कि बंगाल की महिलाओं को सुरक्षा और जय श्री राम कहने की स्वतंत्रता चाहिए। उन्होंने घुसपैठ के कारण उत्पन्न जनसांख्यिकीय चुनौतियों पर चिंता व्यक्त की और ममता बनर्जी पर तुष्टीकरण की राजनीति का आरोप लगाया। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि ममता बनर्जी ने भारत की राष्ट्रपति और आदिवासी समाज का अपमान किया है। उन्होंने कहा कि बंगाल को रोजगार, उद्योग और आर्थिक अवसरों की आवश्यकता है।

## लूट चाहने वाले टीएमसी और विकास चाहने वाले भाजपा को वोट दें : समीक भट्टाचार्य



**हुगली, समाज्ञा :** हावड़ा-हुगली डिवीजन के सप्तग्राम विधानसभा क्षेत्र में आयोजित विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद समीक भट्टाचार्य ने कहा कि जो लोग लूट चाहते हैं वे तृणमूल कांग्रेस को वोट दें और जो लोग विकास चाहते हैं वे भाजपा को वोट दें। उन्होंने कहा कि तृणमूल कांग्रेस की विदाई तय है और बंगाल में भाजपा की सरकार बनने जा रही है। उन्होंने निमाई संन्यासी, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी और श्री रामकृष्ण परमहंस को श्रद्धांजलि अर्पित की और कहा कि बंगाल ने ऐतिहासिक रूप से बांग्लादेश से आए उत्पीड़ित हिंदुओं को शरण दी है। उन्होंने ममता बनर्जी द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धमकी देने की आलोचना की और कहा कि अगले वर्ष वह विपक्ष की नेता के रूप में धरने पर बैठेंगी। उन्होंने मतदाता सूची में अनियमितताओं का भी आरोप लगाया और कहा कि कई मामलों में ऐसे उदाहरण सामने आए हैं जहां दस वर्ष की आयु में ही किसी व्यक्ति को पिता के रूप में दिखाया गया है। भट्टाचार्य ने दोहराया कि भाजपा के सत्ता में आते ही राज्य में महिलाओं को 3,000 प्रति माह की आर्थिक सहायता दी जाएगी। उन्होंने यह भी घोषणा की कि भाजपा सरकार बनने के 45 दिनों के भीतर सातवां वेतन आयोग लागू किया जाएगा, जिससे राज्य के सरकारी कर्मचारियों की लंबे समय से चली आ रही मांग पूरी होगी। उन्होंने आरोप लगाया कि भ्रष्टाचार, राजनीतिक हस्तक्षेप और निवेश-अनुकूल नीतियों की कमी के कारण तृणमूल सरकार ने बंगाल की औद्योगिक क्षमता को नष्ट कर दिया है।

## 'काव्य लहरी' सीजन-3 की भव्य शुरुआत, स्मृतियों और संवेदनाओं का संगम




**कोलकाता, समाज्ञा :** भारतीय भाषा परिषद के सभाकक्ष में शनिवार की शाम 'काव्य लहरी' सीजन-3 की प्रथम कड़ी का भव्य शुभारंभ हुआ। उद्घाटन एवं स्वागत उद्बोधन कार्यक्रम का औपचारिक शुभारंभ परिषद कार्यकारिणी सदस्य आशीष झुनझुनवाला के स्वागत भाषण से हुआ। अतिथियों एवं कवियों का स्वागत परिषद के कार्यकर्ताओं द्वारा पुष्प गुच्छ देकर किया गया। समारोह का संचालन कर रहे डॉ. गिरिधर राय ने 'काव्य लहरी' के विगत दो सीजनों की गौरवशाली सफलता को याद किया। डॉ. राय के आह्वान पर संपूर्ण जनसमूह ने खड़े होकर स्व. नंदलाल शाह की स्मृति में एक मिनट का मौन धारण कर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की। मंच पर मुख्य अतिथि के रूप में बी.के. त्रिपाठी (आईआरएसई) और विशिष्ट अतिथि के रूप में आई.पी. टांटिया, आशीष झुनझुनवाला एवं आमंत्रित कवियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। भारतीय भाषा परिषद के अध्यक्ष डॉ. कुसुम खेमानी, निदेशक डॉ. शंभुनाथ, वित्त सचिव घनश्याम सुगला और कार्यकारिणी सदस्य बिमला पोद्दार व आशीष झुनझुनवाला के कुशल प्रबंधन ने इस आयोजन को भव्यता प्रदान की। कार्यक्रम का समापन आई.पी. टांटिया के धन्यवाद ज्ञापन से हुआ। कार्यक्रम का कुशल संचालन डॉ. गिरधर राय ने किया।

www.samagya.in

समाज्ञा

NEWS PAPER ADVERTISING SOLUTION

- MATRIMONIAL
- PROPERTY
- RECRUITMENT
- EDUCATION
- NAME CHANGE
- PUBLIC NOTICE
- OBITUARY
- REMEMBRANCE
- DISPLAY

TO AD IN SAMAGYA PLEASE CONTACT

samagyaadvt@gmail.com | samagya.in

230, C. R. Ave, 3rd Floor, Kolkata-700 006, Contact : 7044444522, 7044444527

## एसआईआर विवाद के बीच चुनाव आयोग की फुल बेंच तीन दिवसीय दौरे पर पहुंची बंगाल

# मुख्य निर्वाचन आयुक्त के कोलकाता पहुंचने पर दिखाये गए काले झंडे

**❑ आज कालीघाट में दर्शन और बेलूर मठ जाने के बाद अधिकारी करेंगे चुनावी तैयारियों पर बैठक**

**कोलकाता, समाज्ञा :** पश्चिम बंगाल के तीन दिवसीय दौरे पर आए मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार के कोलकाता हवाई अड्डे से अपने होटल के लिए सड़क मार्ग से यात्रा करने के दौरान कुछ लोगों ने काले झंडे दिखाये और नारेबाजी की। रविवार की रात चुनाव आयोग की फुल बेंच जिसका नेतृत्व मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार कर रहे हैं, उनके साथ चुनाव आयुक्त



सुखबीर सिंह संधू और विवेक जोशी भी मौजूद थे। एसआईआर के खिलाफ न्यू टाउन में एक प्रदर्शन का नेतृत्व करने वाले सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस के विधायक तापस चटर्जी ने दावा किया कि विरोध प्रदर्शन में सभी वर्गों के लोगों ने भाग लिया। भारी संख्या में तैनात सुरक्षा कर्मियों ने प्रदर्शनकारियों को घेर लिया और उन्हें उस मार्ग पर आने से रोक दिया, जिससे होते हुए मुख्य निर्वाचन आयुक्त हवाई अड्डे से होटल जा रहे थे। चटर्जी ने कहा कि हमारी मुख्यमंत्री मध्य कोलकाता में धरना दे रही हैं। हम यहां मुख्य निर्वाचन आयुक्त के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं, जो लोकतंत्र विरोधी और संविधान विरोधी हैं। कुछ प्रदर्शनकारियों ने कुमार के खिलाफ नारे भी लगाए। जानकारी के अनुसार, आज यानी 9 मार्च को चुनाव आयोग की टीम राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के साथ बैठक करेगी। इसके बाद, न्यूटाउन के एक होटल में चुनाव तैयारियों की समीक्षा बैठकें होंगी। सोमवार को चुनाव आयोग की टीम आईजी, डीआईजी और पुलिस कमिश्नरों समेत वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक करेगी। इसके अलावा, जिला निर्वाचन अधिकारियों (डीईओ) और पुलिस अधीक्षकों (एसपी) के साथ भी समीक्षा बैठक होगी। कल यानी 10 मार्च को आयोग की टीम राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) और सीएपीएफ के नोडल अधिकारियों के साथ बैठक करेगी। इसके बाद, मुख्य सचिव, डीजीपी और अन्य राज्य अधिकारियों के साथ अलग से बैठक होगी। सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों को जमीनी स्थिति और चुनावी तैयारियों पर विस्तृत प्रस्तुति देने को कहा गया है। इसमें संवेदनशील और अति संवेदनशील पुलिस स्टेशनों की पहचान भी शामिल होगी। चुनाव आयोग की टीम बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) के साथ भी बातचीत कर सकती है।

## विश्व महिला दिवस पर जीतो प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को दी शुभकामनाएं





**कोलकाता, समाज्ञा :** विश्व महिला दिवस के अवसर पर जीतो (जैन इंटरनेशनल ट्रेड ऑर्गनाइजेशन) के पुरुष एवं महिला पदाधिकारियों के एक प्रतिनिधिमंडल ने कोलकाता स्थित धरना मंच पर पहुंचकर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को महिला दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर जीतो के चेयरमैन धर्मेंद्र जैन के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री को महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में उनके प्रयासों के लिए बधाई दी। साथ ही समाज में महिलाओं की भूमिका को और अधिक मजबूत बनाने की आवश्यकता पर भी चर्चा की गई। प्रतिनिधिमंडल में जीतो के वाइस चेयरमैन निर्मल बिंदायक्या, दिनेश गंगवाल, चंद्रेश मेघानी, संजय काला और संदीप गंगवाल उपस्थित रहे। वहीं, जीतो लेडीज विंग से वाइस चेयरपर्सन अनीता गंगवाल, सेक्रेटरी कोमल मेहता, रजनी जैन, अनीता अशोक तुराखिया, गीता जैन, भावना शाह तथा डॉ निराली वोरा भी इस अवसर पर मौजूद रहीं। प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने मुख्यमंत्री को महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में उनके नेतृत्व और प्रयासों के लिए शुभकामनाएं दीं तथा समाज में महिलाओं की प्रगति और सम्मान के लिए निरंतर कार्य करने का संकल्प व्यक्त किया।

## नागरिक स्वास्थ्य संघ एवम् डागा परिवार का सेवाकार्य, 400 वां निःशुल्क नेत्र ऑपरेशन सेवा शिविर सम्पन्न

**कोलकाता :** सेवा और संकल्प की 75 वर्षों की यात्रा पूर्ण कर नागरिक स्वास्थ्य संघ ने मोहनलाल राधा देवी डागा चैरिटेबल ट्रस्ट के सहयोग से 400 वें निःशुल्क नेत्र ऑपरेशन सेवा शिविर का उत्साह से आयोजन किया। सेवा शिविर की उद्घाटनकर्ता नैना मोर, प्रमुख अतिथि डॉ. प्रकाश पारख, के डी अग्रवाल, दिनेश भोजनगरवाला, अरुण बाहेती, विकास जयसवाल एवम् अतिथियों का स्वागत नागरिक स्वास्थ्य संघ के अध्यक्ष कुंज बिहारी अग्रवाल, उपाध्यक्ष इन्द्र कुमार डागा, सचिव विकास चन्द चांडक, संघश्री की अध्यक्ष वर्षा डागा, अरुण डागा, पवन डागा, सिद्धांत डागा, आलोक दम्मानी, गोवर्धन मूंधड़ा, विकास जयसवाल, विजय बागड़ी, श्रीबल्लभ दुजारी, हरि प्रकाश सोनी, शंकरलाल सोमानी एवम् कार्यकर्ताओं ने किया। अतिथियों ने नागरिक स्वास्थ्य संघ के सेवा कार्यों की सराहना करते हुए कहा अंधेरे में प्रकाश (उजाला) कर नागरिक स्वास्थ्य संघ ने सन 1956 से अब तक 85 हजार से अधिक मोतियाबिंद ऑपरेशन, 4 लाख 45 हजार से अधिक नेत्र परीक्षण कर सामाजिक संस्थाओं में विशिष्ट स्थान कायम किया है। नेत्र चिकित्सा के प्रति जागरूकता, परोपकार



एवम् निःस्वार्थ भावना से सेवा की सराहना करते हुए सभी अतिथियों ने रोगियों को उत्तम स्वास्थ्य की शुभकामना दी एवम् हर सम्भव सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया। विकास चन्द चांडक ने बताया समाजसेवी लक्ष्मी कुमार बियानी, नन्द किशोर लाखोटिया, विजय दम्मानी, सरला बिनानी, मदन मोहन दम्मानी, बल्लभ शंकर दवे, सरोज भोजन-गरवाला, राजेश भोजनगरवाला, मयंक बाहेती, इनीशा बाहेती, मनीषा भोजनगरवाला एवम् कार्यकर्ताओं ने 400 वें नेत्र ऑपरेशन शिविर के सफल आयोजन पर प्रसन्नता व्यक्त की। संचालन आलोक दम्मानी, धन्यवाद ज्ञापन अविनाश गुप्ता ने किया।

## मारवाड़ी बालिका विद्यालय में डिजिटल टाटा एज स्मार्ट क्लासेस का उद्घाटन

**कोलकाता :** बड़ाबाज़ार के प्रतिष्ठित मारवाड़ी बालिका विद्यालय (शिक्षायतन फाउंडेशन की एक यूनिट) ने अपनी स्थापना के 106 वर्षों के गौरवशाली इतिहास में एक नया स्वर्णिम अध्याय जोड़ा है। विद्यालय के अध्यक्ष के.डी. अग्रवाल की पहल से विद्यालय परिसर में 'टाटा एज स्मार्ट क्लासेस' का उद्घाटन किया गया। यह निर्णय छात्राओं को डिजिटल युग की वैश्विक प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार करने के उद्देश्य से लिया गया है। इस महत्वपूर्ण डिजिटल परियोजना का उद्घाटन मुख्य अतिथि ललित बेरीवाल (श्याम स्टील - स्पॉन्सर ऑफ डिजिटल इक्विपमेंट्स) के कर-कमलों द्वारा संपन्न हुआ। श्याम स्टील फाउंडेशन द्वारा प्रदत्त डिजिटल उपकरणों और पूर्ण सहयोग से अब



छात्राएं कठिन विषयों को आधुनिक तकनीक, ग्राफिक्स और डिजिटल एनिमेशन के माध्यम से अधिक सुगमता और रुचि के साथ समझ सकेंगी। अनवेलिंग द न्यू एरा ऑफ स्मार्ट लर्निंग के संकल्प के साथ शुरू की गई यह अत्याधुनिक सुविधा कक्षा आठ से दस तक की छात्राओं के लिए समर्पित है। शिक्षायतन फाउंडेशन के विनोद अग्रवाल, प्रोफेशनल एजुकेटर अभिजीत साव, विशिष्ट अतिथि गोपी मूंधड़ा, अविनाश गुप्ता, के.के. सेकसरिया, वरिष्ठ पत्रकार सुधांशु शेखर और संजय अग्रवाल का स्वागत विद्यालय के अध्यक्ष के.डी. अग्रवाल, सचिन सुधा जैन और प्रिंसिपल विभा सिंह ने अतिथियों का स्वागत किया। अतिथियों ने शैक्षणिक गुणवत्ता पर विशेष जोर देते हुए कहा शिक्षा में तकनीक का समावेश आज की सबसे बड़ी अनिवार्य आवश्यकता है। के.डी. अग्रवाल के नेतृत्व में विद्यालय प्रबंधन शैक्षणिक उत्कृष्टता के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। इस नई उपलब्धि पर विद्यालय की शिक्षिकाओं, विद्यार्थियों और अभिभावकों ने अपार हर्ष व्यक्त किया है। विद्यालय प्रबंधन समिति का मानना है कि स्मार्ट क्लास के माध्यम से छात्राओं के सीखने के स्तर में व्यापक सुधार आएगा और वे तकनीकी रूप से अधिक सक्षम बनेंगी व समिति साइंस विषय को उच्च माध्यमिक में नए सेशन से शामिल करने का प्रयासरत है। सचिव सुधा जैन ने सभी अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

## शादी से एक दिन पहले युवती का फंदे से लटका मिला शव, इलाके में सनसनी

**कोलकाता, समाज्ञा :** नदिया जिले के शांतिपुर इलाके में शादी से एक दिन पहले एक युवती का शव उसके घर से फंदे से लटकता हुआ मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतका की पहचान शिला विश्वास (18) के रूप में हुई है। वह शांतिपुर थाना अंतर्गत वार्ड 16 की निवासी थी। सूत्रों के अनुसार, सोमवार को उसका विवाह इलाके के ही एक युवक से तय हुआ था और दोनों परिवारों की सहमति से शादी की तैयारियां भी पूरी हो चुकी थीं। परिवार के अनुसार, शादी को लेकर युवती काफी उत्साहित थी और खरीदारी समेत अन्य तैयारियां भी पूरी हो चुकी थीं। घर में विवाह के लिए पंडाल भी लगाया जा चुका था। शिला अपनी दादी के साथ एक ही कमरे में रहती थी। शनिवार की रात भी वह दादी के साथ ही सोई थी और उसके व्यवहार में कोई असामान्यता नहीं दिखी थी। रविवार की सुबह कुछ समय के लिए दादी कमरे से बाहर चली गईं। जब वह वापस लौटीं तो कमरे में युवती को फंदे से लटका हुआ देखकर चौंक गईं। दादी के शोर मचाने पर परिवार के अन्य सदस्य और पड़ोसी मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी गई। शांतिपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस का कहना है कि यह आत्महत्या का मामला है या इसके पीछे कोई अन्य कारण है, इसकी जांच की जा रही है। मामले में परिवार के सदस्यों से पूछताछ की जा रही है। साथ ही, होने वाले दूल्हे और उसके परिवार से भी पूछताछ जारी है। पुलिस मामले की सभी पहलुओं से जांच कर रही है।

## भारतीय भाषा परिषद में स्त्री साहित्य उत्सव का आयोजन

**कोलकाता :** कोलकाता की प्रतिष्ठित संस्था सांस्कृतिक पुनर्निर्माण मिशन और भारतीय भाषा परिषद के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को स्त्री साहित्य उत्सव और प्रीति मिलन समारोह का आयोजन हुआ। इस अवसर पर काव्य पाठ, लोक गीत और काव्य नृत्य का कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में निर्मला तोदी, शिप्रा मिश्रा, सिपाली गुप्ता, नमिता जैन, श्रद्धा टिबरेवाल, वी अरुणा, वीणा रजक, रीमा मजूमदार, संजना जायसवाल, अपराजिता वाल्मीकि, सुकन्या तिवारी, सुष्मिता चौधरी, नेहा राय, निकिता पांडेय, आशा राय, निधि सिंह, राज्यवर्द्धन, अजय पोद्दार, सुशील पांडेय, संजय यादव, पंकज सिंह, प्रमोद महतो, प्रभात पांडेय, आशुतोष राउत और फरहान अजीज ने काव्य पाठ किया। रमाशंकर सिंह, उर्वशी श्रीवास्तव, सूर्य देव रॉय और अरिस्ता प्रकाश ने



लोक गीत प्रस्तुत किया।

परिषद के निदेशक डॉ. शंभुनाथ ने कहा कि स्त्रियों का शिक्षा, रोज-गार, राजनीति और व्यापार में पहले से उपस्थिति काफी अधिक बढ़ी है पर आज भी कभी स्त्रियों से पूछ कर युद्ध या दंगे नहीं होते। स्त्री-पुरुष की समानता अभी भी प्रश्न है। मिशन के संरक्षक रामनिवास द्विवेदी ने कहा कि महिला दिवस का अवसर स्त्रियों के बीच एक नई प्रेरणा का संचार करता है तथा हिंदी मेला इस चेतना का युवाओं और विद्यार्थियों के बीच सार्थक ढंग से प्रचार कर रहा है। मिशन के महासचिव डॉ. संजय जायसवाल ने कहा कि स्त्री विमर्श का मामला एक दिन का नहीं है बल्कि यह सैकड़ों वर्षों के संघर्ष का इतिहास है। स्त्री साहित्य स्त्री पहचान, अधिकार, उनकी स्वीकार्यता और उनकी संवेदना का साहित्य है। मिशन के इस मंच से युवा कवयित्रियों का काव्य पाठ हमें आश्वस्त करता है।

कार्यक्रम का सफल संचालन सुषमा कुमारी, अदिति दुबे और कंचन भगत ने तथा धन्यवाद ज्ञापन रामनिवास द्विवेदी ने दिया। इस अवसर पर श्वेतांक सिंह, मानव जायसवाल, आनंद गुप्ता, प्रभात मिश्रा, पद्माकर व्यास, मंटू दास, आदित्य गिरि, रवि अग्रहरि, भोला साहा, राकेश सिंह, रेखा श्रीव-ास्तव, डॉ नगेंद्र, सत्यप्रकाश गुप्ता, कार्तिक बासफोर सहित दर्जनों साहित्यप्रेमी मौजूद थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में फूलचंद राम, राजेश प्रसाद, मुकेश पंडित, रूपेश यादव, चंदन भगत, सत्यम पांडेय, संतोष केवट, अनिल साह, प्रिया गुप्ता, अनुराधा भगत की अहम भूमिका रही।

## महिला सशक्तिकरण समाज सशक्तिकरण है : डॉ. मनसुख मंडाविया

**❑ कोलकाता में फिट इंडिया पिंक साइक्लोथॉन आयोजित**

**कोलकाता, समाज्ञा :** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर रविवार को कोलकाता में फिट इंडिया पिंक साइक्लोथॉन का आयोजन किया गया। जिसमें केंद्रीय युवा मामले एवं खेल मंत्री डॉ मनसुख मंडाविया ने भाग लिया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं की फिटनेस और साइकलिंग को बढ़ावा देना था। पूरे देश में संडे ऑन साइकिल पहल के तहत नागरिकों में उत्साह और सहभागिता बढ़ रही है, जिससे फिटनेस, स्थिरता और सामुदायिक जुड़ाव का संदेश मजबूती से फैल रहा है। इस अवसर पर मंत्री ने प्रतिभागियों से कहा कि साइकलिंग अपनाना एक सरल और प्रभावशाली तरीका है, जिससे न केवल स्वस्थ जीवनशैली सुनिश्चित होती है बल्कि स्वच्छ पर्यावरण में भी योगदान मिलता है। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रम नागरिकों में फिटनेस और



सामूहिक जिम्मेदारी की संस्कृति विकसित करने में मदद करते हैं। महिलाओं की खेल और सार्वजनिक जीवन में भागीदारी पर जोर देते हुए डॉ. मंडाविया ने कहा, जब महिलाएं सशक्त होती हैं, तो परिवार और समाज भी सशक्त होते हैं, और यह सीधे राष्ट्र निर्माण में योगदान देता है। उन्होंने खेल और फिटनेस गतिविधियों में महिलाओं और लड़कियों को अधिक अवसर और प्रोत्साहन देने का आह्वान किया। इस साइक्लोथॉन में ओलंपियन और अर्जुन पुरस्कार विजेता बॉम्बेला देवी लाइश्राम, डॉ अविनाश कुमार गुप्ता मुख्य आयुक्त, भारत स्काउट्स, कोलकाता, माउंट एवरेस्ट समिटियर पियाली बसक, भारतीय महिला फुटबॉल टीम की गोलकीपर अद्रिजा सरकारेल और ओलंपियन सुष्मिता सिंह रॉय भी शामिल हुए। यह कार्यक्रम महिलाओं की फिटनेस, खेलों में भागीदारी और समाज में समानता को बढ़ावा देने में सफल रहा।

## रिसड़ा में होली मिलन समारोह एवं हास्य कवि सम्मेलन का आयोजन



**हुगली, समाज्ञा :** जिले के रिसड़ा स्थित स्काई सिटी कॉम्प्लेक्स के सभागार में स्काई सिटी फ्रेंड्स एसोसिएशन समिति की ओर से होली मिलन समारोह एवं हास्य कवि सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में देश के कई प्रसिद्ध हास्य और व्यंग्य कवियों ने अपनी कविताओं की प्रस्तुति से उपस्थित श्रोताओं का भरपूर मनोरंजन किया। कविताओं के दौरान सभागार तालियों की गड़गड़ाहट से गूंजता रहा और माहौल उत्साहपूर्ण बना रहा। इस अवसर पर राष्ट्रीय हास्य-व्यंग्य कवि जय कुमार 'रसवा', कवयित्री मंजू कुमारी, हास्य-व्यंग्य कवि आदित्य त्रिपाठी, हास्य कवि अवधेश मिश्रा तथा डॉ. राजकुमार चतुर्वेदी ने अपनी-अपनी रचनाओं से लोगों का मन मोह लिया। कार्यक्रम का संचालन और संयोजन वीर रस कवि एवं गीतकार नवीन कुमार सिंह ने किया। महिला दिवस पर महिलाओं के सम्मान में हास्य-व्यंगात्मक कविताएं सुनाई।

## महिला उद्यमियों की कारू क्राफ्ट ने अमेजन के जरिए बंगाल टेराकोटा को देशभर पहुंचाया

**कोलकाता, समाज्ञा :** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिला उद्यमिता की एक प्रेरक मिसाल के रूप में उभरे कारू क्राफ्ट ने अमेजन की मदद से बंगाल की पारंपरिक टेराकोटा कला को देशभर के ग्राहकों तक पहुंचाया है। वर्ष 2010 में सुदीप्ता मजुमदार और सुभ्रा मजुमदार द्वारा स्थापित इस ब्रांड का उद्देश्य टेराकोटा उत्पादों की घटती मांग को पुनर्जीवित करना और स्थानीय कारीगरों की आजीविका को सहारा देना था। शुरुआत में यह ब्रांड स्थानीय बाजार तक सीमित था, लेकिन बाद में अमेजन पर बिक्री शुरू करने के बाद इसके उत्पाद पूरे भारत में पहुंचने लगे। कारू क्राफ्ट के कारीगर स्थानीय मिट्टी, पारंपरिक तकनीकों और साधारण औजारों का उपयोग कर हाथ से टेराकोटा उत्पाद तैयार करते हैं। अमेजन के प्लेटफॉर्म से जुड़ने के बाद लॉजिस्टिक्स और डिलीवरी जैसी चुनौतियां काफी हद तक कम हो गईं।

## अमेजन का बड़ा तोहफ़ा: 12.5 करोड़+ प्रोडक्ट्स पर जीरो रेफरल फीस

### सैलर्स को 70% तक बचत

**कोलकाता, समाज्ञा**

अमेजन इंडिया ने अपने सैलर्स के लिए फीस में बड़ी कटौती की घोषणा की है। कंपनी ने जीरो रेफरल फीस के दायरे को दस गुना बढ़ाते हुए इसे वर्ष 2025 के 1.2 करोड़ प्रोडक्ट्स से बढ़ाकर 2026 में 12.5 करोड़ प्रोडक्ट्स तक कर दिया है। यह सुविधा 1,800 से अधिक कैटेगरी के उन उत्पादों पर लागू होगी, जिनकी कीमत 1,000 रुपये से कम है। इनमें टी-शर्ट, जूते, ईयरफोन, बेडशीट, इलेक्ट्रिक केतली, कॉफी टेबल, चेयर, पेट एक्सेसरीज, फैशन ज्वेलरी जैसे उत्पाद शामिल हैं। इसके अलावा, 300 रुपये से कम कीमत वाले उत्पादों पर इजी शिप फीस में 20 प्रतिशत से अधिक कमी की गई है, जिससे छोटे सैलर्स को लॉजिस्टिक्स लागत में राहत मिलेगी। नई फीस 16 मार्च 2026 से लागू होगी।

अमेजन इंडिया के डायरेक्टर, सैलिंग पार्टनर सर्विसेज अमित नंदा ने कहा कि इस फैसले से सैलर्स को कुल फीस में 70 प्रतिशत तक बचत होगी और खासकर टियर-2 व टियर-3 शहरों के व्यापारियों को फायदा मिलेगा। वहीं तुलसी के फाउंडर और अमेजन सैलर रितेश बजाज ने कहा कि 300 रुपये से कम कीमत वाले उत्पादों पर रेफरल फीस हटने से उनके कारोबार में करीब 1.5 गुना वृद्धि हुई है।

## हादी हत्याकांड में बड़ी सफलता, बंगाल पुलिस ने बोंगांव से दो बांग्लादेशी आरोपियों को किया गिरफ्तार

**कोलकाता :** बांग्लादेश के युवा राजनीतिक नेता उस्मान हादी की हत्या के मामले में पश्चिम बंगाल पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। राज्य पुलिस की विशेष कार्यबल (एसटीएफ) ने शनिवार देर रात उत्तर 24 परगना जिले के बोंगांव इलाके से दो बांग्लादेशी आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान राहुल उर्फ फैसल करीम मसूद और आलमगीर हुसैन के रूप में हुई है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, राहुल पटुआखाली और आलमगीर ढाका का निवासी है। जानकारी के मुताबिक पिछले दिसंबर में ढाका के पास पुरातन कलवर्ट रोड पर दिनदहाड़े गोली मारकर बांग्लादेश के 'इंकिलाब मंच' के संस्थापक और छात्र आंदोलन के प्रमुख चेहरों में से एक उस्मान हादी की हत्या कर दी गई थी। इस घटना के बाद पूरे बांग्लादेश में व्यापक प्रतिक्रिया देखने को मिली थी। जांच एजेंसियों के अनुसार हत्या के बाद दोनों आरोपी मेघालय सीमा के रास्ते अवैध रूप से भारत में घुस आए थे। इसके बाद वे अलग-अलग स्थानों पर छिपते रहे और अंततः बोंगांव इलाके में ठिकाना बना लिया। राज्य पुलिस को इस संबंध में विशेष सूचना मिली थी, जिसके आधार पर एसटीएफ ने अभियान चलाकर शनिवार देर रात दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। रविवार को उन्हें अदालत में पेश किया गया। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, आरोपियों से पूछताछ कर पूरे हत्याकांड की साजिश और उनके भारत आने के नेटवर्क के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है।

## अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल ने गृह लक्ष्मी स्वाभिमान अभियान का किया आयोजन



**हावड़ा :** अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल (एबीटीएमएम) द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर गृह लक्ष्मी स्वाभिमान अभियान कार्यक्रम प्रज्ञा सभागार, सोहनदीप में आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम प्रातः 10:00 बजे से 12:30 बजे तक चला और महिलाओं के सशक्तिकरण, स्वास्थ्य, आत्मनिर्भरता और सामाजिक जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था। अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल, जो भारत और नेपाल में 500 से अधिक शाखाओं और 65,000 से अधिक सक्रिय महिला सदस्यों का विशाल नेटवर्क संचालित करता है, पिछले लगभग पांच दशकों से समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए निरंतर कार्यरत है।

कार्यक्रम का शुभारंभ सुषमा बेंगानी (एबीटीएमएम बंगाल प्रभारी), सुमन बैद (उत्तर हावड़ा महिला मंडल संरक्षिका) और बीना भंसाली द्वारा नमस्कार महामंत्र के साथ हुआ। अध्यक्ष सुजाता दूगड़ ने सभी अतिथियों का स्वागत किया और महिला सम्मान, स्वास्थ्य तथा आत्मनिर्भरता पर अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने महिलाओं को एक-दूसरे का सहयोग करने और आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। मुख्य वक्ता एडवोकेट प्रेक्षा दूगड़ (लो फॉर्म हैडक्वाटर, नई दिल्ली) ने कहा कि किसी भी क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए समझदारी और परिवार का सहयोग बेहद आवश्यक है। उन्होंने माताओं से अपील की कि वे अपनी बेटियों को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करें। विशिष्ट अतिथि सुषमा बेंगानी ने महिलाओं को अपनी प्रतिष्ठा और आत्मसम्मान बनाए रखते हुए हर क्षेत्र में आगे बढ़ने की प्रेरणा दी।

इस अवसर पर छाया बोथरा (मुदित मुनि जी की संसार पक्षीय माता) को प्रेरणा सम्मान से नवाजा गया। उन्होंने ज्ञानशाला के संस्कारों का महत्व बताते हुए कहा कि हर व्यक्ति को सबसे पहले एक अच्छा नागरिक और अच्छा इंसान बनना चाहिए। गृह लक्ष्मी स्वाभिमान अभियान- एनजीओ मीट के अंतर्गत 5 संस्थाओं के प्रतिनिधियों का सम्मान भी उत्तर हावड़ा महिला मंडल की कार्यसमिति द्वारा किया गया। इन संस्थाओं में जीतो, आलोक फाउंडेशन, जनार्दन मेमोरियल ट्रस्ट, जय जिनेन्द्र फाउंडेशन और ऋषभ महिला मंडल शामिल थीं। अन्य वक्ताओं में सुमन बैद, बीना भंसाली, नीलम चौरड़िया (परामर्शिका) और मंजू कोठारी शामिल थीं। कार्यक्रम का संचालन और वक्ताओं का परिचय सरिता राखेचा ने किया और अंत में उपमंत्री सरिता पटवारी ने सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में बहनों की उपस्थिति रही और मंडल द्वारा सभी के लिए अल्प-ाहार की भी व्यवस्था की गई। कार्यक्रम ने महिलाओं में सशक्तिकरण, आत्मसम्मान और सामाजिक सहभागिता को बढ़ावा देने का संदेश देते हुए सफलता पूर्वक अपना उद्देश्य पूरा किया।

## कृष्ण बिहारी मिश्र अध्ययन मंडल द्वारा पुस्तक लोकार्पण सह विचार गोष्ठी का आयोजन

**कोलकाता :** कृष्ण बिहारी मिश्र से हमें शिक्षा मिलती है कि व्यक्ति जिस दायित्व को ग्रहण करे उसे पूरे समर्पण के साथ पूर्ण करे। उन्होंने प्रो. कल्याणमल लोढ़ा के आदेश पर पत्रकारिता विषयक शोध-कार्य बेमन से स्वीकार किया था। किंतु पत्रकारिता विषयक उनके ग्रंथ देश-विदेश के प्राध्यापकों, शोधार्थियों में भी सम्मानपूर्वक समादृत है। - ये उद्गार हैं डॉ. प्रेमशंकर त्रिपाठी, पूर्व अध्यक्ष एवं आचार्य, सुरेंद्रनाथ सांध्य महाविद्यालय के जो कृष्ण बिहारी मिश्र अध्ययन मंडल द्वारा आयोजित पुस्तक लोकार्पण एवं तीसरी पुण्यतिथि स्मरण के आयोजन में बतौर अध्यक्ष बोल रहे थे।

विशिष्ट वक्ता डॉ. रेशमी पांडा मुखर्जी, एसोसिएट प्रोफेसर, गोखले मेमोरियल गर्ल्स कॉलेज ने कृष्ण बिहारी मिश्र जी के स्वभाव की



आत्मीयता की स्मृति कर उनके रचनात्मक अवदान को रेखांकित करते हुए कहा कि उनकी पत्रकारिता विषयक पुस्तकों में एक साथ समय का इतिहास, हिंदी और हिंदीतर लेखकों का योगदान और साहित्यिक परिवेश की अभिव्यक्ति होती है। जो निर्भीकता उनके लेखन में दिखाई देता है वही उनके भाषण में लक्षित होता था।

प्रणवेश कुमार मिश्र और लखन कुमार सिंह एवं अन्य प्रबुद्ध श्रोताओं ने भी अपने जीवन में गुरुवर कृष्ण बिहारी मिश्र की महत्ता एवं आत्मीयता को मानते हुए शाब्दिक भावभीनी श्रद्धांजलि व्यक्त की।

कार्यक्रम का शुभारंभ कोलकाता शहर के वरिष्ठ कवि एवं गजलकार नंदलाल रौशन जी ने स्वरचित ग़ज़ल 'रौशनी का हमें कुछ पता बता जाना' के गायन से हुआ। पद्मश्री कृष्ण बिहारी मिश्र को स्मृत्य करते हुए युवा गजलकार उत्कर्ष अग्निहोत्री की कविता 'तुमको शहर याद करता है' का वाचन कार्यक्रम का अध्यक्ष द्वारा किया गया। इस अवसर पर पद्मश्री विजयदत्त श्रीधर की शोधपरक ग्रन्थ ' समग्र हिन्दी पत्रकारिता ' (तीन खंड ) का विद्वतजनों द्वारा लोकार्पण किया गया एवं इसकी उपयोगिता पर प्रकाश डाला गया।

पद्मश्री पंडित कृष्ण बिहारी मिश्र की तीसरी पुण्यतिथि पर सभी उप-स्थित जनों द्वारा उनकी तस्वीर पर पुष्पार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया गया।

स्वागत वक्तव्य में कमलेश कृष्ण ने कृष्ण बिहारी मिश्र की रचना प्रक्रिया, संपादन दृष्टि और जीवन की महत्वपूर्ण घटनाओं पर प्रकाश डाला।

कार्यक्रम का संचालन व धन्यवाद ज्ञापन दिव्या प्रसाद ने की।

कार्यक्रम को सफल बनाने में रामनाथ महतो, शशांक प्रिय मिश्र आदि की मुख्य भूमिका रही। इस अवसर पर दुर्गा व्यास, डॉ. जयप्रकाश मिश्र, डॉ. नगेन्द्र कुमार, परमजीत पंडित, जीवन सिंह, विजय पांडेय, उपदेश दर्जी सहित साहित्य प्रेमी मौजूद रहे।

## न्यूज इन ब्रीफ

### जुनैद-नासिर हत्याकांड: जमानत मंजूर होने के बाद मोनू मानेसर जेल से रिहा

**जयपुर:** जुनैद और नासिर हत्याकांड मामले में आरोपी मोनू मानेसर को शनिवार शाम राजस्थान के भरतपुर जिले के सेवर केंद्रीय कारागृह से रिहा कर दिया गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। वह 2023 के इस मामले में करीब ढाई साल से न्यायिक हिरासत में था। राजस्थान उच्च न्यायालय की जयपुर पीठ ने पांच मार्च को उसे नियमित जमानत दी थी, इसके बाद कानूनी औपचारिकताएं पूरी होने पर भारी सुरक्षा के बीच उसकी रिहाई हुई। इस दौरान बड़ी संख्या में उसके समर्थक और हरियाणा से आए गोरक्षक मौजूद रहे। कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया।

### ट्रेन में कथित हमले में आशुतोष ब्रह्मचारी मामूली रूप से घायल, शंकराचार्य ने की कार्रवाई की मांग

**प्रयागराज/रायबरेली (उप्र):** स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती के खिलाफ बटुकों से यौन शोषण के आरोप में मुकदमा दर्ज कराने वाले आशुतोष ब्रह्मचारी पर रविवार की सुबह सिराथू स्टेशन पर एक अज्ञात व्यक्ति ने कथित तौर पर हमला कर दिया। स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने दोषी लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि घटना 'मनगढ़ंत' प्रतीत होती है। प्रयागराज में राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) के एक अधिकारी ने बताया कि आशुतोष महाराज का आरोप है कि वह रीवा एक्सप्रेस ट्रेन से प्रयागराज आ रहे थे, सुबह जब ट्रेन सिराथू स्टेशन के पास पहुंची तो वह ट्रेन के शौचालय गए तभी एक व्यक्ति ने उस्तरे से उन पर हमला कर दिया। उन्होंने बताया कि आशुतोष महाराज का काल्विन अस्पताल में मेडिकल परीक्षण कराया जा रहा है जिसके आधार पर मुकदमा पंजीकृत किया जाएगा। साथ ही घटनास्थल का सीसीटीवी फुटेज खंगाला जा रहा है।

### राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का अयोध्या दौरा 19 मार्च को

**अयोध्या (उप्र):** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 19 मार्च को अयोध्या आकर राम मंदिर में दर्शन करेंगी। राम मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्रा ने रविवार को यह जानकारी दी। मिश्रा ने बताया कि कार्यक्रम के लिए राष्ट्रपति कार्यालय से मंजूरी मिल गई है। उन्होंने बताया कि राष्ट्रपति राम जन्मभूमि परिसर में लगभग साढे तीन घंटे रहेंगी और इस दौरान मंदिर निर्माण में योगदान देने वाले श्रमिकों और कर्मचारियों को सम्मानित किया जाएगा। मिश्रा के अनुसार, राम मंदिर निर्माण कार्य लगभग पांच वर्षों में पूरा हुआ। उन्होंने कहा कि मंदिर निर्माण की पूरी यात्रा को दर्शाने के लिए मंदिर परिसर में एक गलियारे का निर्माण किया जा रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि सुरक्षा के लिए, इंजीनियर्स इंडिया द्वारा लगभग चार किलोमीटर लंबी एक अत्याधुनिक चारदीवारी का निर्माण किया जा रहा है।

### संत कबीर नगर में नाबालिग से दुष्कर्म के आरोप में दो किशोर समेत तीन लोग हिरासत में

**संत कबीर नगर (उप्र):** संत कबीर नगर जिले के बखिरा थाना क्षेत्र में एक नाबालिग लड़की से कथित तौर पर दुष्कर्म के आरोप में दो किशोर समेत तीन आरोपियों को पुलिस ने हिरासत में लिया है। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक गिरफ्तार बालिग आरोपी को विधिक प्रक्रिया पूरी कर कारागार भेज दिया गया है, जबकि दोनों नाबालिगों को बाल संरक्षण गृह भेजा गया है। मेहदावल के पुलिस क्षेत्राधिकारी सर्वदमन सिंह ने बताया कि पीड़ित लड़की की मां ने शनिवार को दी तहरीर में आरोप लगाया कि दो नाबालिग समेत तीन लोगों ने बृहस्पतिवार व शुक्रवार की मध्य रात उनकी 15 वर्षीय नाबालिग बेटी से कथित तौर पर दुष्कर्म किया।

### बिहार के भोजपुर में युवती से सामूहिक दुष्कर्म, पांच आरोपी गिरफ्तार

**आरा (बिहार):** बिहार के भोजपुर जिला में कुछ लोगों द्वारा एक युवती से कथित तौर पर सामूहिक दुष्कर्म किए जाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने बताया कि 19 वर्षीय युवती से सामूहिक दुष्कर्म के मामले में अब तक पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। भोजपुर के पुलिस अधीक्षक श्री राज ने 'पीटीआई-भाषा' से रविवार को कहा, पीड़िता के भाई द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत के अनुसार यह घटना पांच मार्च की है, जब युवती को एक आरोपी के घर बुलाया गया था। आरोपी ने अपने कुछ दोस्तों को भी वहां बुला लिया और उन्होंने उससे कथित तौर पर दुष्कर्म किया।

# अब उत्तर प्रदेश की बेटियां किसी पर निर्भर नहीं रहेंगीं : मुख्यमंत्री योगी

## जन्म के साथ ही पढ़ाई के लिए मिलेंगे 25 हजार रुपये

लखनऊ, आठ मार्च (भाषा) उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को कहा कि सूबे की बेटियां अब किसी पर निर्भर नहीं रहेंगीं क्योंकि सरकार उनके जन्म से लेकर स्नातक तक की पढ़ाई के लिए एक 'पैकेज' देगी। मुख्यमंत्री ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिलाओं के लिए रोजगार सम्मान व विभिन्न योजनाओं के तहत आर्थिक लाभ के वितरण कार्यक्रम में महिलाओं व बालिकाओं के लिए अपनी सरकार द्वारा शुरू की गई विभिन्न योजनाओं और कार्यक्रमों का विस्तार से जिक्र किया। उन्होंने कहा, बेटियां अब किसी पर निर्भर नहीं रहेंगीं क्योंकि जन्म से लेकर स्नातक तक की पढ़ाई के लिए सरकार एक पैकेज देगी। योगी ने कहा कि लड़की के जन्म के बाद पंजीकरण के तहत नाम रजिस्टर पर लिखा जाएगा वैसे ही बच्ची के जन्म पर मिलने वाला धन बैंक खाते में पहुंच जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि इसके अलावा सभी प्रकार के टीकों को लगवाने के लिए भी सरकार धन उपलब्ध कराएगी। उन्होंने कहा कि बेटी जब पहली कक्षा में प्रवेश लेगी तो पंजीकरण के साथ ही धन उसके




खाते में आ जाएगा और जब वह पांचवी कक्षा उत्तीर्ण कर अगली कक्षा में प्रवेश लेगी, धन उसके खाते में पहुंच जाएगा। उन्होंने कहा, 25 हजार की धनराशि अलग-अलग श्रेणी में दी जाएगी। वर्तमान में 27 लाख बेटियां इस योजना का लाभ प्राप्त कर रही है। मुख्यमंत्री ने सामूहिक विवाह योजना का जिक्र करते हुए कहा कि जब बेटी शादी के योग्य हो जाए तो भी उसके अभिभावकों को उसकी शादी के खर्च की चिंता करने की जरूरत नहीं है वर्तमान में सरकार बेटी की शादी के लिए एक लाख रुपए दे रही है और इस योजना के तहत अब तक चार लाख से ज्यादा बेटियों की शादी संपन्न कराई जा चुकी है। योगी ने 'लक्ष्मीबाई स्कूटी योजना' का जिक्र करते हुए कहा कि सरकार इसे जल्द ही शुरू करेगी, जिसमें बेटियों को स्कूटी दी जाएगी। उन्होंने कहा कि पहले चरण में मेधावी लड़कियों को स्कूटी दी जाएगी और दूसरे चरण में अन्य सभी छात्राओं को इससे जोड़ा जाएगा। मुख्यमंत्री ने देश के विकास में महिलाओं की भूमिका को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि आधी आबादी को नजरअंदाज करके कोई भी समाज स्वावलंबी और आत्मनिर्भर नहीं बन सकता। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मातृ वंदना योजना समेत अनेक कार्यक्रम महिला सशक्तिकरण की दिशा में उठाए हैं और आने वाले समय में सांसद तथा विधानसभाओं में 35 फीसदी सीट पर बेटियां और बहनें चुनकर पहुंचेंगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले कल श्रम शक्ति में महिलाओं की भागीदारी 13 प्रतिशत थी, जो आज 36 से 37 फीसदी है। मुख्यमंत्री ने बताया कि इस बार बजट में सरकार ने एक नई योजना के तहत हर न्याय पंचायत में डिजिटल उद्यमिता स्थापित करने का निर्णय लिया है और इससे चार हजार से अधिक महिलाओं को जोड़ा जाएगा। उन्होंने कहा कि यह महिलाएं हर न्याय पंचायत के अंदर विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों से जुड़ेंगी, लोगों को जोड़ेंगी और उन्हें आगे बढ़ाएंगी। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि सरकार ने दूसरे शहरों में जाकर काम करने वाली महिलाओं के लिए 'वर्किंग वूमेन हॉस्टल' की स्थापना का काम शुरू किया है। उन्होंने बताया कि इस समय वाराणसी, मेरठ, प्रयागराज, गोरखपुर, कानपुर, झांसी और आगरा में यह छात्रावास बनाए जा रहे हैं।

### ईरान के मुद्दे पर देश में अशांति फैलाने की कोशिश करने वालों पर सख्त कार्रवाई हो : विहिप

**जयपुर:** विश्व हिंदू परिषद (विहिप) के राष्ट्रीय प्रवक्ता अमितोष पारीक ने रविवार को कहा कि ईरान के सर्वोच्च नेता की हत्या की प्रतिक्रिया में देश में अशांति फैलाने की कोशिश करने वालों के खिलाफ सरकार को सख्त कार्रवाई करनी चाहिए। एक बयान के अनुसार राष्ट्रीय प्रवक्ता ने अयातुल्ला अली खामेनेई की हत्या के बाद देश के कुछ हिस्सों में हुए विरोध-प्रदर्शनों की आलोचना की। उन्होंने कहा, 'भारत से जुड़े न होने वाले मुद्दों का इस्तेमाल देश में अशांति फैलाने के लिए किया जा रहा है। जयपुर, लखनऊ और अन्य शहरों में प्रदर्शन हुए, जबकि उनका भारत से कोई सीधा संबंध नहीं है।' पारीक ने कहा कि विदेशों में हुई घटनाओं पर भारत में अक्सर प्रतिक्रियाएं देखने को मिलती हैं।

### पश्चिम एशिया संकट: गहलोत ने केंद्र सरकार से अंतरराष्ट्रीय हवाई किरायों पर सीमा तय करने का आग्रह किया

**जयपुर:** अशोक गहलोत ने पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष और अस्थिरता के बीच अंतरराष्ट्रीय हवाई किरायों में भारी बढ़ोतरी पर चिंता जताते हुए रविवार को केंद्र सरकार से टिकटों की कीमतों पर सीमा तय करने का आग्रह किया। राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री गहलोत ने 'एक्स' पर पोस्ट कर कहा, 'पश्चिम एशिया में जारी युद्ध और अस्थिरता के कारण अंतरराष्ट्रीय हवाई किरायों में अत्यधिक वृद्धि बेहद चिंताजनक है। कई मार्गों पर किराए सामान्य स्तर से तीन से चार गुना तक बढ़ गए हैं, जिससे विदेशों में फंसे भारतीयों, खासकर छात्रों और कामगारों के लिए घर लौटना मुश्किल हो गया है।'

## न्यूज अपडेट

### राष्ट्रपति पद का राजनीतिकरण करना ठीक नहीं : मायावती



**लखनऊ:** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की अध्यक्ष मायावती ने पश्चिम बंगाल में राष्ट्रपति के प्रोटोकॉल संबंधी राजनीतिक विवाद को 'अति दुर्भाग्यपूर्ण' बताते हुए रविवार को कहा कि सभी को भारतीय संविधान की मान-मर्यादा के मुताबिक राष्ट्रपति पद का सम्मान करना चाहिए और इस ओहदे का किसी भी रूप में राजनीतिकरण करना ठीक नहीं है। उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने 'एक्स' पर कहा, सभी को संविधान के आदर्शों और गरिमा के अनुरूप राष्ट्रपति पद का सम्मान करना चाहिए और किसी भी प्रकार से संवैधानिक पदों का राजनीतिकरण करने से बचना चाहिए।' राष्ट्रपति मुर्मू ने शनिवार को बागडोगरा हवाई अड्डे के पास आयोजित आदिवासी समुदाय के कार्यक्रम में कम उपस्थिति पर असंतोष व्यक्त किया था और कार्यक्रम स्थल को बिधाननगर से स्थानांतरित करने के निर्णय पर सवाल उठाया था। उन्होंने अपनी यात्रा के दौरान मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और उनके मंत्रियों की अनुपस्थिति का भी जिक्र किया था। मायावती ने पश्चिम बंगाल की घटना की निंदा करते हुए कहा कि वर्तमान में देश की राष्ट्रपति एक महिला होने के साथ-साथ आदिवासी समाज से भी हैं, लेकिन अभी हाल में पश्चिम बंगाल में उनके दौरे में जो कुछ भी हुआ, वह नहीं होना चाहिये था।

### महिलाएं समाज की प्रगति की मजबूत नींव हैं: झारखंड मुख्यमंत्री

**रांची:** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने रविवार को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिलाओं को अपनी शुभकामनाएं दीं और कहा कि वे समाज की प्रगति की एक मजबूत नींव हैं। मुख्यमंत्री ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर देश की आधी आबादी को हार्दिक बधाई, शुभकामनाएं। उन्होंने कहा, हमारी माताएं और बहनें न केवल परिवार की शक्ति हैं,बल्कि समाज और राज्य की प्रगति की भी मजबूत नींव हैं। अपनी कड़ी मेहनत, साहस और दृढ़ संकल्प से वह हर क्षेत्र में नयी पहचान बना रही हैं। वे आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा बन रही हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड की महिलाएं हमेशा संघर्ष, आत्म-सम्मान और गरिमा की प्रतीक रही हैं। उन्होंने कहा, राज्य सरकार उनके विकास, सम्मान और सशक्तीकरण के लिए निरंतर प्रयास कर रही है, ताकि हमारी आधी आबादी आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ सके और अपने सपनों को साकार कर सके।

### पीलीभीत में विवाहिता को 'तीन तलाक' देकर घर से निकाला, मुकदमा दर्ज

**पीलीभीत (उप्र):** उत्तर प्रदेश के पीलीभीत नगर में एक विवाहिता से मारपीट करने और उसे 'तीन तलाक' देकर घर से निकालने के आरोप में पुलिस ने मामला दर्ज किया है। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने दर्ज शिकायत के हवाले से बताया कि पीलीभीत नगर कोतवाली क्षेत्र के हैदरी मस्जिद मोहल्ला निवासी सलमान ने शनिवार को अपनी पत्नी उमरा से मारपीट की और उसे 'तीन तलाक' कहकर घर से बाहर निकाल दिया। उसने बताया कि पीड़िता का आरोप है कि शादी के बाद से ही उसका पति सलमान, सास गोला, जेठ फिरोज व इमरान तथा ननद राहिन उसे लगातार प्रताड़ित कर रहे थे। शिकायत में यह भी आरोप लगाया गया है कि घटना के बाद उमरा अपने मायके चली गई, तो आरोपी सलमान वहां भी पहुंच गया और उससे मारपीट कर उसे जान से मारने की धमकी दी। पुलिस के अनुसार यह भी आरोप लगाया गया है कि सलमान ने स्वयं को नुकसान पहुंचाकर इसका इल्जाम पीड़िता के परिवार पर लगाने की धमकी भी दी।

### नीतीश कुमार सोमवार से अपनी 'समृद्धि यात्रा' फिर से शुरू करेंगे



**पटना:** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सोमवार से अपनी 'समृद्धि यात्रा' फिर से शुरू करेंगे। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। समृद्धि यात्रा 16 जनवरी को पश्चिम चंपारण जिले से शुरू की गई थी, लेकिन बिहार विधानसभा के बजट सत्र के कारण इसे रोकना पड़ा। कैबिनेट सचिवालय विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव (एसीएस) अरविंद कुमार चौधरी ने सभी विभागाध्यक्षों, पुलिस प्रमुखों, जिलाधिकारियों और पुलिस अधीक्षकों को लिखे एक पत्र में कहा कि मुख्यमंत्री सोमवार से शुरू होने वाली 'समृद्धि यात्रा' के दौरान जारी सरकारी परियोजनाओं और अन्य योजनाओं की समीक्षा करेंगे और लोगों से बातचीत भी करेंगे। मुख्यमंत्री 14 मार्च तक चलने वाली यात्रा के दौरान सुपौल, मधेपुरा, अररिया, किशनगंज, पूर्णिया, कटिहार, सहरसा, खगड़िया, बेगूसराय और शेखपुरा का दौरा करेंगे। रविवार को राज्य प्रशासन के शीर्ष अधिकारियों को भेजे गए पत्र के अनुसार, मुख्यमंत्री अपनी यात्रा के दौरान जारी परियोजनाओं का भी निरीक्षण करेंगे। पत्र में कहा गया, विभागों के सभी अतिरिक्त मुख्य सचिव, डीजीपी और परियोजनाओं का प्रबंधन करने वाले वरिष्ठ अधिकारी समीक्षा बैठकों में भाग लेंगे।

## झारखंड में महिला दिवस पर एक यात्री ट्रेन का संचालन पूरी तरह से महिला दल ने किया



**रांची:** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर रविवार को रांची-इरगांव मार्ग पर एक यात्री ट्रेन का संचालन पूरी तरह से महिला दल द्वारा किया गया। एक महिला अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इस दल में शामिल ट्रेन चालक, सहचालक, ट्रेन प्रबंधक और टिकट परीक्षक से लेकर रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) की कर्मी तक सभी महिलाएं थीं। दक्षिण पूर्व रेलवे की मुख्य जनसंपर्क अधिकारी (सीपीआरओ) सूची सिंह ने कहा, 'आज का दिन महिलाओं और रांची रेल मंडल के लिए बहुत खास है। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस को ध्यान में रखते हुए हमने एक यात्री ट्रेन का संचालन पूरी तरह से महिला दल द्वारा करने की विशेष पहल की है। ट्रेन चालक से लेकर टिकट परीक्षक और आरपीएफ कर्मियों तक, सभी महिलाएं थीं।' उन्होंने कहा कि ट्रेन इरगांव स्टेशन तक गई। उन्होंने कहा कि समाज में बढ़ती जागरूकता और कई बदलावों के साथ, महिलाएं अब रेलवे जैसे उन क्षेत्रों में प्रवेश कर रही हैं जहां पहले पुरुषों का वर्चस्व था। वे इन क्षेत्रों में सफलता भी हासिल कर रही हैं। यह ट्रेन सुबह 9.13 बजे रांची स्टेशन से रवाना हुई और करीब डेढ़ घंटे की यात्रा के बाद सुबह 10.40 बजे इरगांव पहुंची। नौ ठहरावों के साथ इसने 58 किमी की दूरी तय की। इस ट्रेन में सैकड़ों यात्री सवार थे। रांची की मुख्य टिकट निरीक्षक मसीरा सुरीन ने कहा कि उन्हें गर्व महसूस हो रहा है कि वे ट्रेन का प्रबंधन कर महिला दिवस मना रही है। उन्होंने कहा, सरकार अब महिलाओं को समाज के हर क्षेत्र में आगे आने के लिए प्रोत्साहित कर रही है।

## जद(यू) में शामिल हुए नीतीश के बेटे निशांत

**पटना:** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के बेटे निशांत कुमार रविवार को जनता दल (यूनाइटेड) में शामिल हो गए। उन्होंने कहा कि वह पार्टी संगठन को मजबूत करने के लिए काम करेंगे। इंजीनियरिंग में स्नातक निशांत को पार्टी मुख्यालय में केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह 'ललन' और पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा समेत प्रमुख नेताओं की उपस्थिति में जद(यू) में शामिल किया गया। पार्टी में शामिल होने के बाद निशांत ने कहा, मेरे पिता ने राज्यसभा सदस्य बनने का फैसला लिया, यह उनका व्यक्तिगत निर्णय था। हम सभी इसका सम्मान करते हैं। हम उनके मार्गदर्शन में काम करते रहेंगे। मैं संगठन को मजबूत करने के लिए काम करूंगा।' निशांत ने दावा किया कि बिहार के सबसे लंबे समय तक मुख्यमंत्री रहे उनके पिता नीतीश कुमार ने पिछले 20 वर्ष में राज्य के लिए बहुत कुछ किया। उन्होंने कहा, 'राज्य की जनता कभी उनके (नीतीश) द्वारा राज्य के विकास में किए गए योगदान को नहीं भूलेगी।' निशांत ने कहा, 'मैं सभी का धन्यवाद करता हूं। आप सभी ने मुझ पर जो भरोसा जताया है, मैं उस पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करूंगा। मेरे पिता ने पिछले 20 वर्षों में जो योगदान दिया है उस पर देश, हमारे राज्य और मुझे गर्व है। मैं मुख्यमंत्री



द्वारा किए गए विकास कार्यों को जन-जन तक पहुंचाऊंगा।' जद(यू) कार्यालय में आगमन पर निशांत का जोरदार स्वागत हुआ। पार्टी कार्यकर्ता कार्यालय के बाहर जमा हुए और पार्टी का झंडा लहराते हुए ढोल बजाते दिखे। इस बीच, अटकलें हैं कि निशांत को नयी सरकार में उपमुख्यमंत्री बनाया जा सकता है। नीतीश कुमार के एक करीबी सहयोगी ने शनिवार को दावा किया कि एक सर्वसम्मत निर्णय लिया गया था कि नीतीश कुमार के इस्तीफे के बाद नयी सरकार में निशांत को उपमुख्यमंत्री बनाया जाएगा। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने राज्यसभा चुनाव के लिए बृहस्पतिवार को अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। हरनौत से जद(यू) के विधायक हरि नारायण सिंह ने दावा किया कि निशांत को अगले महीने राज्य विधान परिषद का सदस्य चुना जाएगा। जद (यू) की सदस्यता ग्रहण करने के बाद, निशांत ने पटना के महावीर मंदिर में पूजा-अर्चना की और पटना उच्च न्यायालय के पास स्थित एक मजार भी गये। निशांत ने पत्रकारों से कहा, 'ईश्वर, अल्लाह और वाहेगुरु, सब एक ही हैं। मेरे पिता अपनी नीतियों में सभी धर्मों का ध्यान रखते थे। मैं भी ऐसा ही करने का प्रयास करूंगा।' निशांत ने पटना के 1 अणे मार्ग स्थित अपने पिता के आधिकारिक आवास पर उनसे मुलाकात की। उन्होंने राज्य की राजधानी में समाजवादी प्रतीक जयप्रकाश नारायण की प्रतिमा पर पुष्पांजलि भी अर्पित की। केंद्रीय मंत्री और जद (यू) के वरिष्ठ नेता ललन सिंह ने कहा, 'निशांत को एक बड़ी जिम्मेदारी सौंपी गई है। जद (यू) में उनके औपचारिक रूप से शामिल होने से पार्टी को और मजबूती मिलेगी।'

## रणथंभौर बाघ अभयारण्य में बाघिन की मौत

**जयपुर:** सवाईमाधोपुर जिले के रणथंभौर बाघ अभयारण्य की खण्डार रेंज में बाघिन टी-94 की रविवार को मौत हो गई। वन विभाग के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि सूचना मिलते ही मृत बाघिन को कब्जे में लेकर राजबाग वन चौकी लाया गया जहां पशु चिकित्सकों की एक टीम गठित कर राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण के प्रोटोकॉल के अनुसार पोस्टमार्टम किया गया। रणथंभौर के उपक्षेत्र निदेशक एवं उपवन संरक्षक



बाघ परियोजना (प्रथम) मानस सिंह ने बताया कि लगभग 10 से 11 वर्षीय बाघिन टी-94 खण्डार रेंज के ओंदी खोह, मूड घुसा, इंडाला, खटोला, कासेरा, बालाजी, घोड़ा घाटी, विंध्यकड़ा और फरिया क्षेत्रों में विचरण करती थी। उन्होंने बताया कि रविवार सुबह गश्त के दौरान घोड़ा घाटी क्षेत्र में वनकर्मियों ने बाघिन को मृत अवस्था में पाया। पशु चिकित्सक सी.पी. मीणा ने बताया कि बाघिन के अंग खराब हो चुके थे और उसके फेफड़ों ने काम करना बंद कर दिया था जिससे संभवत: उसकी मौत हुई। उन्होंने बताया कि पोस्टमार्टम के दौरान लिये गए नमूनों को प्रयोगशाला भेजा जाएगा और रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सटीक कारण की पुष्टि हो सकेगी।

## राजस्थान के चूरू में 'गौरव सेनानी रैली' में 10 हजार से अधिक भूतपूर्व सैनिक व वीर नारी ने हिस्सा लिया

**जयपुर:** राजस्थान के चूरू जिले में सेना द्वारा रविवार को आयोजित की गई 'गौरव सेनानी रैली' में 10,000 से अधिक भूतपूर्व सैनिक, वीर नारी और उनके परिजन शामिल हुए। यह आयोजन सप्त शक्ति कमांड की रणबांकुरा डिवीजन ने किया जिसमें चूरू जिले की आठ तहसीलों से आए भूतपूर्व सैनिकों ने भाग लिया। राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा भी इस आयोजन में मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल हुए। इस मौके पर सप्त शक्ति कमांड के सेना कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल मंजिंदर सिंह भी मौजूद थे।




मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार भूतपूर्व सैनिकों के लिए एकीकृत पूर्व सैनिक कल्याण परिसर स्थापित करने की दिशा में काम कर रही है, ताकि उन्हें एक ही छत के नीचे विभिन्न सेवाएं उपलब्ध कराई जा सकें। कार्यक्रम में सेना कल्याण प्लेसमेंट संगठन और जिला सैनिक बोर्ड समेत विभिन्न कार्यालयों, बैंकों और सरकारी कल्याण एजेंसियों ने 'हेल्प डेस्क' लगाए जहां भूतपूर्व सैनिकों को पेंशन संबंधी समस्याओं, दस्तावेज अद्यतन और रोजगार के अवसरों के बारे में सहायता दी गई। इस अवसर पर एक स्वास्थ्य शिविर भी लगाया गया, जिसमें भूतपूर्व सैनिकों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया और विशेषज्ञ परामर्श उपलब्ध कराया गया। कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, साहसिक गतिविधियां, सैन्य उपकरणों का प्रदर्शन, पाइप बैंड शो और सेना के हेलीकॉप्टरों द्वारा युद्ध कौशल का प्रदर्शन भी किया गया। रैली में दिव्यांग भूतपूर्व सैनिकों और उनके परिवारों को सहायक उपकरण भी वितरित किए गए।

## नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर महिलाएं निभा रही हैं अहम भूमिका

**नोएडा/लखनऊ:** गौतमबुद्ध नगर जिले के जेवर में स्थित नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के विकास और संचालनात्मक योजना में महिलाएं अहम भूमिका निभाती नजर आ रही हैं। हाल में नागर विमानन महानिदेशालय से लाइसेंस हासिल कर चुके नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर अगले डेढ़ से दो महीने में उड़ान सेवाएं शुरू होने की उम्मीद है। हवाई अड्डे के अधिकारियों ने कहा कि इस परियोजना से संगठन ने शुरू से ही एक विविध टीम तैयार की है, जिसमें महिलाएं सिर्फ नेतृत्व वाले पदों पर ही नहीं बल्कि आधुनिक अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के संचालन के लिए जरूरी तकनीकी, सुरक्षा और कामकाजी कार्यों में भी हिस्सा ले रही हैं। परियोजना से जुड़े एक अधिकारी ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया, 'नेतृत्व की भूमिका से लेकर सामने रहकर काम करने वाली संचालनात्मक टीम तक, आज महिलाएं हवाई अड्डे के संचालन से जुड़े विभिन्न कार्यों में योगदान दे रही



हैं। इनमें संचालन की योजना, डिजाइन, वित्तीय कार्य, डिजिटल प्रणाली, नियामक कार्य और वाणिज्यिक कार्य शामिल हैं।'' उन्होंने बताया कि हवाई अड्डे पर नेतृत्व के ढांचे में कई वरिष्ठ पदों पर महिलाओं की तैनाती की गई है, जो परियोजना के शुरुआती दौर से ही इसकी संगठनात्मक विविधता को शामिल करने के प्रयास को जाहिर करता है। हवाई अड्डे के कार्य संचालन का नेतृत्व करने वाली मुख्य परिचालन अधिकारी किरण जैन के पास भारत और अमेरिका में नागर विमानन और आतिथ्य के क्षेत्र में तीन दशक से अधिक का अनुभव है। अधिकारियों ने बताया कि किरण संचालन प्रक्रिया की योजना और विमानन कंपनी की साझेदारी का समन्वय करने तथा हवाई अड्डे पर अन्य विभिन्न गतिविधियों के लिए आवश्यक स्थितियां बनाने में करीब से शामिल रही हैं। मुख्य वित्त अधिकारी नीतू सामरा के कंधों पर वित्तीय रणनीति और स्थानीय कार्य संचालन की देखरेख का जिम्मा है और उन्हें वित्तीय सेवाओं व संपत्ति प्रबंधन के क्षेत्र में 25 साल से अधिक का अनुभव है। मानव संसाधन विभाग की मुखिया मिली सक्सेना हवाई अड्डे पर मानव संसाधन रणनीति और कर्मचारियों की जिम्मेदारी संभालती हैं। अधिकारियों ने बताया कि महिलाएं हवाई अड्डे पर नियमों का पालन और समन्वय, सुविधाओं का प्रबंधन, विमान सुरक्षा, वाणिज्यिक संचालन, आधारभूत संरचना तैयार करना और डिजिटल व्यवस्था का संचालन जैसे अन्य महत्वपूर्ण क्षेत्रों में काम कर रही हैं। अधिकारी ने कहा, 'हवाई अड्डे पर महिलाएं मुख्य परिचालन अधिकारी, मुख्य वित्त अधिकारी और मानव संसाधन प्रमुख जैसे कई महत्वपूर्ण नेतृत्व पदों हैं। यह दिखाता है कि महिलाएं रणनीतिक निर्णय और संचालन तैयारियों दोनों को आकार देने में मदद कर रही हैं।'' अधिकारियों ने बताया कि वर्तमान में वर्तमान में लगभग 45 महिलाएं आर्किटेक्चर और टर्मिनल डिज़ाइन, एयरसाइड कंप्लायंस, संचालन कमांड फंक्शन, नियामक निगरानी और डिजिटल सिस्टम प्रबंधन जैसे क्षेत्रों में काम कर रही हैं। इसके अलावा महिलाएं आपात प्रक्रिया और सुरक्षा के लिए जिम्मेदार हवाई अड्डे की 'एयरक्राफ्ट रेस्क्यू एंड फायर फाइटिंग' (एआरएफएफ) इकाई का भी हिस्सा हैं। धिकारी ने बताया कि अभी एआरएफएफ टीम में पांच महिलाएं कार्यरत हैं और आपात स्थिति से निपटने के लिए जरूरी विशेष प्रशिक्षण और तैयारी के दौर से गुजर रही हैं। हवाई अड्डे पर सामान्य विमान सेवाएं शुरू होने के बाद केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल हवाई अड्डे की सुरक्षा का जिम्मा संभालेगा। अधिकारियों ने कहा कि हवाई अड्डे के निर्माण के दौरान भी महिलाओं की विशेष भूमिका रही है। इस दौरान उन्होंने खासकर इंजीनियरिंग और सुरक्षा से संबंधित कार्यों में अहम योगदान दिया। परियोजना से जुड़ी प्रमुख गतिविधियों में शामिल 30 इंजीनियरिंग कर्मचारियों में से 16 महिलाएं थीं, जबकि छह महिलाएं अन्य विभिन्न टीम का हिस्सा थीं।

## मुर्मू के 'अपमान' पर भाजपा नेता बाबूलाल मरांडी ने कहा, ममता को राष्ट्रपति से माफी मांगनी चाहिए

**बोकारो (झारखंड):** झारखंड विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने रविवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के कथित अपमान को लेकर पश्चिम बंगाल सरकार की आलोचना की और कहा कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को उनसे माफी मांगनी चाहिए। झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री मरांडी ने यह भी आरोप लगाया कि पश्चिम बंगाल की टीएमसी सरकार ने सभी लोकतांत्रिक मानदंडों का उल्लंघन किया है। मरांडी ने कहा, 'ममता बनर्जी सरकार द्वारा राष्ट्रपति के साथ किया गया व्यवहार अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है और इसे बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। यह न केवल देश के सर्वोच्च संवैधानिक पद का अपमान है, बल्कि संविधान और लोकतांत्रिक मानदंडों का भी अनादर है। बनर्जी को राष्ट्रपति से माफी मांगनी चाहिए।' शनिवार को सिलीगुड़ी के पास एक कार्यक्रम में आदिवासियों को संबोधित करते हुए मुर्मू ने कहा कि बनर्जी उनकी 'छोटी बहन' जैसी हैं, लेकिन उन्होंने आश्चर्य व्यक्त किया कि क्या मुख्यमंत्री उनके दौरे से नाराज थीं,



क्योंकि कार्यक्रम में न तो वह उपस्थित थीं और न ही कोई मंत्री मौजूद थे। मरांडी ने आरोप लगाया कि पश्चिम बंगाल सरकार द्वारा राष्ट्रपति के कार्यक्रम का स्थान तीन बार बदला गया। स्थापित परंपराओं और प्रोटोकॉल के अनुसार, किसी कार्यक्रम में राष्ट्रपति के आगमन पर मुख्यमंत्री या उनके अधिकृत प्रतिनिधि जैसे कि संबंधित राज्य के मंत्री, द्वारा उनका स्वागत किया जाना अपेक्षित होता है। मरांडी ने आरोप लगाया कि बनर्जी ने 'हताशा' में राष्ट्रपति का इस तरह 'अपमान' किया। भाजपा नेता ने कहा, 'बनर्जी समझ चुकी हैं कि उनकी तृणमूल कांग्रेस पश्चिम बंगाल में अगली सरकार नहीं बना पाएगी। वह हताश हैं।'

## हरियाणा में लाडो-लक्ष्मी योजना के तहत सभी महिलाओं को दिए जाएं 2,100 रुपये प्रति माह : कुमारी सैलजा

**चंडीगढ़:** कांग्रेस नेता कुमारी सैलजा ने रविवार को मांग की कि हरियाणा की सभी महिलाओं को लाडो-लक्ष्मी योजना के तहत प्रति माह 2,100 रुपये दिए जाएं। सिरसा की सांसद ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सरकारों को महिलाओं की गरिमा, सुरक्षा और आर्थिक सशक्तिकरण सुनिश्चित करने के लिए ठोस कदम उठाने चाहिए। उन्होंने एक बयान में कहा कि हालांकि हरियाणा सरकार ने 2025-26 के बजट में लाडो-लक्ष्मी योजना के लिए 5,000 करोड़ रुपये की घोषणा की थी, लेकिन आवंटित धनराशि का अधिकांश हिस्सा खर्च नहीं किया गया है।

## एअर इंडिया 10 से 18 मार्च तक नौ अंतरराष्ट्रीय मार्गों पर 78 अतिरिक्त उड़ानें संचालित करेंगी

**नयी दिल्ली:** पश्चिम एशिया संघर्ष के कारण उत्पन्न व्यवधानों के बीच यात्रियों को अधिक विकल्प उपलब्ध कराने के उद्देश्य से एअर इंडिया 10 से 18 मार्च तक नौ अंतरराष्ट्रीय मार्गों पर 78 अतिरिक्त उड़ानें संचालित करेगी। एअर इंडिया न्यूयॉर्क, लंदन, फ्रैंकफर्ट, एम्स्टर्डम, ज्यूरिख, पेरिस, कोलंबो और माले को जोड़ने वाले नौ मार्गों पर 78 अतिरिक्त उड़ानें संचालित करेगी। एअर इंडिया ने रविवार को जारी एक बयान में बताया कि विमानन कंपनी अगले कुछ दिनों में यूरोप के पांच प्रमुख हवाई अड्डों के साथ-साथ न्यूयॉर्क के लिए अतिरिक्त उड़ानें संचालित करेगी, साथ ही मालदीव और श्रीलंका के लिए भी अतिरिक्त सेवाएं शुरू की जाएंगी। एअर इंडिया ने कहा, इन उड़ानों से दोनों दिशाओं में नौ मार्गों पर कुल 17,660 यात्री यात्रा करेंगे।

## असम में 3.25 करोड़ रुपये मूल्य की हेरोइन जब्त, पांच गिरफ्तार

**गुवाहाटी:** असम के कछार जिले में शनिवार को पांच लोगों को गिरफ्तार कर उनके पास से 3.25 करोड़ रुपये मूल्य की हेरोइन जब्त की गई। मुख्यमंत्री कार्यालय (सीएमओ) ने यह जानकारी दी। यह बरामदगी दो वाहनों से की गई। सीएमओ ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि विशिष्ट खुफिया जानकारी पर कार्रवाई करते हुए कछार पुलिस ने सिलचर-कालाइन मार्ग पर दो वाहनों को रोका। सीएमओ ने बताया कि जब्त की गई 538 ग्राम हेरोइन की कीमत 3.25 करोड़ रुपये है। कार्यालय ने कहा, मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने टीम की व्यवस्थित और कुशल कार्रवाई की सराहना की है तथा कहा कि मादक पदार्थों के खिलाफ असम की लड़ाई तब तक जारी रहेगी जब तक हमारा राज्य पूरी तरह से नशामुक्त नहीं हो जाता।'

## जम्मू-कश्मीर : पाकिस्तान में रह रहे आतंकी की संपत्ति जब्त की गई

**जम्मू:** जम्मू-कश्मीर पुलिस ने रविवार को पाकिस्तान में रह रहे एक आतंकी सरगना की राजौरी जिले के मांजकोट इलाके में स्थित अचल संपत्ति जब्त कर ली। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि जब्त की गई संपत्ति में घोषित अपराधी शफीक अहमद की सात मरला जमीन शामिल है, जो नाइका पंजग्रेन गांव का निवासी है। उन्होंने कहा कि अहमद सीमा पार करके पाकिस्तान चला गया है और वर्तमान में वहीं से अपनी गतिविधियां चला रहा है। प्रवक्ता ने बताया कि सक्षम अदालत के आदेश के बाद जब्ती की कार्रवाई की गई है।

## अलुवा के पास वंदे भारत एक्सप्रेस पर पत्थर फेंके जाने के मामले की जांच शुरू

**कोच्चि:** कोच्चि के अलुवा में एक अज्ञात व्यक्ति द्वारा वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन पर पत्थर फेंके जाने के मामले की जांच शुरू कर दी गई है। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) के अधिकारियों ने बताया कि यह घटना शनिवार शाम करीब 7.15 बजे अलुवा और अंगमालि रेलवे स्टेशनों के बीच हुई। अधिकारियों के अनुसार, तिरुवनंतपुरम और मंगलुरु के बीच चलने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस पर पत्थर फेंका गया। इस घटना में कोई यात्री घायल नहीं हुआ है। हालांकि, ट्रेन को मामूली नुकसान पहुंचा है। आरपीएफ ने मामले की जांच शुरू कर दी है और ट्रेन में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज की जांच कर रही है।

# दिल्ली को 'आप' के 'काम कम, बहाने ज्यादा' मॉडल से मुक्ति मिली; अब विकास की गति तेज हुई: मोदी

## दिल्ली मेट्रो के दो नए कॉरिडोर का उद्घाटन किया




**नयी दिल्ली:** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि राष्ट्रीय राजधानी में एक साल पहले भाजपा सरकार के गठन के बाद से दिल्ली में चौतरफा विकास की गति तेज हुई है। साथ ही उन्होंने आरोप लगाया कि आम आदमी पार्टी (आप) के शासनकाल में बहानेबाजी के कारण काम रुका रहा और परियोजनाएं ''फाइलों में ही दम तोड़ती रहीं''। दो नये मेट्रो कॉरिडोर समेत 33,500 करोड़ रुपये की लागत वाली परियोजनाओं का उद्घाटन और शुरुआत करने के बाद बुराड़ी मैदान में एक सभा को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि दिल्ली न केवल देश की राजधानी है, बल्कि भारत की पहचान और उसकी ऊर्जा का प्रतीक भी है। उन्होंने कहा कि एक समय ऐसा भी था जब दिल्ली की अक्षम परिवहन व्यवस्था के लिए अक्सर आलोचना की जाती थी। उन्होंने कहा, 'शहर के एक हिस्से से दूसरे हिस्से तक आने-जाने में घंटों लग जाते थे और महिलाओं को अक्सर बस या ऑटो-रिक्शा पकड़ने की उम्मीद में लंबे समय तक बस स्टॉप पर इंतजार करना पड़ता था। हालांकि, दिल्ली में स्थिति तेजी से बदल रही है।' मोदी ने कहा कि कुछ ही दिन पहले, शहर को 'नमो भारत' ट्रेन के माध्यम से पश्चिमी उत्तर प्रदेश से जोड़ा गया था, जिससे दोनों क्षेत्रों के बीच यात्रा काफी आसान हो गई है। प्रधानमंत्री ने कहा कि मेट्रो के चौथे चरण की शुरुआत के साथ, दिल्ली मेट्रो नेटवर्क का विस्तार अब 375 किलोमीटर से अधिक हो गया है, जिससे निवासियों के लिए कनेक्टिविटी और सुविधा में और सुधार हुआ है। उन्होंने कहा, 'जब भी दुनिया में, कोई भारत के बारे में सोचता है, तो अक्सर दिल्ली की छवि दिमाग में आती है... दिल्ली न केवल भारत की राजधानी है, बल्कि यह भारत की पहचान और उसकी ऊर्जा का प्रतीक भी है।' उन्होंने कहा कि दिल्ली का विकास केवल एक शहर का विकास नहीं है, बल्कि यह पूरे देश की छवि से जुड़ा हुआ है। मोदी ने कहा, ''एक साल पहले जिस नयी उम्मीद और दृढ़ संकल्प के साथ आपने दिल्ली में भाजपा सरकार का गठन किया था, उसका परिणाम आज यहां दिखाई दे रहा है। मैं दिल्ली के सभी नागरिकों को विकास की इस निरंतर धारा के लिए हार्दिक बधाई देता हूं।' प्रधानमंत्री ने आम आदमी पार्टी (आप) की पूर्व सरकार की कड़ी आलोचना करते हुए आरोप लगाया कि 'आपदा सरकार' ने दिल्ली में 10 वर्षों तक सभी विकास कार्यों को रोक दिया था। उन्होंने कहा, 'उनका तरीका था कम काम करना और ज्यादा बहाने बनाना। आज दिल्ली में विकास का एक आदर्श मॉडल है - बहानेबाजी बंद हो गई है और काम शुरू हो गया है।' उन्होंने कहा, 'पहले परियोजनाएं फाइलों में दम तोड़ती थीं। आज परियोजनाएं जमीन पर उतरती हैं।' प्रधानमंत्री मोदी ने सामान्य पूल आवासीय आवास (जीपीआरए) पुनर्विकास योजना के तहत 15,200 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। मोदी ने केंद्रीय आवास एवं शहरी मामलों के मंत्री मनोहर लाल खट्टर के साथ सरोजिनी नगर स्थित जीपीआरए टाइप-5 क्वार्टर का दौरा किया और महिला लाभार्थियों को चाबियां सौंपीं। उन्होंने कुछ महिला श्रमिकों से भी बातचीत की। मोदी ने पिंक लाइन के 12.3 किलोमीटर लंबे मजलिस पार्क-मौजपुर-बाबरपुर कॉरिडोर और मैजेंटा लाइन के 9.9 किलोमीटर लंबे दीपाली चौक-मजलिस पार्क कॉरिडोर का उद्घाटन किया। इन कॉरिडोर से बुराड़ी, जगतपुर-वजीराबाद, खजूरी खास, भजनपुरा, यमुना विहार, मधुबन चौक, हैदरपुर बादली मोड़, भलस्वा और मजलिस पार्क समेत दिल्ली के कई इलाकों को फायदा होगा। प्रधानमंत्री मोदी ने विस्तार योजना के चरण 5-ए के तहत तीन नए दिल्ली मेट्रो कॉरिडोर की आधारशिला भी रखी जिनकी कुल लंबाई लगभग 16.1 किलोमीटर होगी। इसमें रामकृष्ण आश्रम मार्ग-इंद्रप्रस्थ कॉरिडोर, एयरोसिटी-इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा टर्मिनल-1 कॉरिडोर और तुगलकाबाद-कालिंदी कुंज कॉरिडोर शामिल हैं, जिनसे मध्य दिल्ली, दक्षिण दिल्ली, नोएडा और हवाई अड्डे के बीच संपर्क सुविधा में सुधार होगा।

## अगले सप्ताह लगभग 40 लाख लाभार्थियों में से प्रत्येक को 9,000 रुपये मिलेंगे: मुख्यमंत्री हिमंत



**गुवाहाटी:** मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने महिला सशक्तीकरण को असम के विकास की कुंजी बताते हुए रविवार को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर कहा कि लगभग 40 लाख 'ओरुनोदोई' लाभार्थियों को अगले सप्ताह नौ-नौ हजार रुपये मिलेंगे। उन्होंने दावा किया कि चार महीनों के अनुदान के साथ-साथ अतिरिक्त राशि का समेकित भुगतान मंगलवार को किया जाएगा, जो किसी सरकारी योजना के तहत एक ही दिन में 3,600 करोड़ रुपये के रिकॉर्ड बैंक अंतरण के बराबर है। महिला लाभार्थियों को एक ही दिन में यह राशि ऐसे समय में दी जा रही है, जब राज्य में विधानसभा चुनाव कुछ ही महीनों में होने वाला हैं। इस चुनाव में भाजपा नीत सरकार लगातार तीसरी बार सत्ता अपने पास बरकरार रखना चाहती है। शर्मा ने 'फेसबुक लाइव' में कहा, 10 मार्च को पूर्वाह्न साढ़े 10 बजे, ओरुनोदोई योजना के तहत लाभान्वित होने वाले 40 लाख परिवारों में से प्रत्येक परिवार को 9,000 रुपये मिलेंगे। ओरुनोदोई वर्तमान सरकार की एक प्रमुख गरीबी उन्मूलन योजना है, जिसके तहत पात्र महिला लाभार्थियों को प्रति माह 1,250 रुपये प्राप्त होते हैं। इस अवसर पर, राज्य भर में स्थानीय स्तर पर बैठकें आयोजित की जाएंगी और मुख्यमंत्री ने लाभार्थी परिवारों को इनमें शामिल होने के लिए आमंत्रित किया है। उन्होंने कहा कि जनता का सहयोग ही सरकार की ताकत है। शर्मा ने दावा किया, एक ही दिन में लाभार्थियों को 3,600 करोड़ रुपये अंतरित किए जाएंगे, जो एक रिकॉर्ड होगा।

## ताडोबा में बाघों की वापसी की कहानी, जंगल में वन्य जीवन का रोमांच



**ताडोबा राष्ट्रीय उद्यान (महाराष्ट्र):** एक समय था जब भारत में बाघों के विलुप्त होने की आशंका जताई जाने लगी थी। एक दशक पहले तक ताडोबा-अंधारी बाघ अभयारण्य की स्थिति भी कुछ ऐसी ही थी, जब यहां बाघों की संख्या सिमटकर महज 30 रह गई थी लेकिन संरक्षण के लगातार और सुनियोजित प्रयासों ने तस्वीर पूरी तरह बदल दी-आज इस अभयारण्य व आसपास के क्षेत्र में बाघों की संख्या बढ़कर करीब 200 हो गई है। ज्यादातर पर्यटक जहां ताडोबा में बाघों की एक झलक पाने की उम्मीद से आते हैं, वहीं यह अभयारण्य कई अन्य वन्य जीवों का भी घर है, जो सफारी पर आने वालों को उतना ही रोमांचित करते हैं। आइए नजर डालते हैं ताडोबा के कुछ प्रमुख और आकर्षक वन्य जीवों पर: हिरण: हिरणों के परिवार में सांभर, चीतल और काकड़ शामिल हैं। नर हिरणों के सींग प्रजनन के मौसम में अपने पूरे आकार में आ जाते हैं और हर साल झड़ जाते हैं। ये सींग शाखाओं वाले हो सकते हैं और पूरी तरह हड्डी के बने होते हैं, लेकिन इनमें केराटिन नहीं होता। केराटिन वही पदार्थ है जो हमारे बालों और नाखूनों में पाया जाता है। जंगल में खतरे की आहट मिलते ही सांभर का व्यवहार देखने लायक होता है। यह घबराकर तुरंत भागता नहीं, बल्कि पहले आसपास की झाड़ियों में आड़ लेता है या खुले मैदान में जाकर ठिठककर चारों ओर नजर दौड़ाता है-मानो अदृश्य खतरे को भांपने की कोशिश कर रहा हो। सतर्क होते ही उसकी पूंछ तनकर ऊपर उठ जाती है। अगर उसे यकीन हो जाए कि खतरा सचमुच पास है, तो वह अपने अगले पैरों को जमीन पर जोर से पटकता है और चेतावनी भरी तेज 'आवाज' निकालता है। जंगल के जानकारों के लिए यह आवाज लगभग पक्की खबर होती है कि कहीं आसपास बाघ घूम रहा है-ठीक वैसे ही जैसे चीतल की रंभाने जैसी आवाज भी बाघ की मौजूदगी का संकेत देती है। काकड़ जंगल का एक बेहद दिलचस्प और रहस्यमय जीव है। इसकी आवाज कुत्ते के भौंकने जैसी होती है और जब जंगल की खामोशी में इसकी भौंकने जैसी आवाज गूंजती है, तो आसपास के जानवर तुरंत सतर्क हो जाते हैं। दुनिया के सबसे प्राचीन हिरणों में गिने जाने वाले इस जीव की चाल भी निराली है। चलते समय यह ऐसे उछलता-कूदता है, मानो उसके पैरों में स्प्रिंग लगी हो। इस छोटे से हिरण की एक खासियत यह भी है कि स्तनधारियों में इसके क्रोमोसोम की संख्या सबसे कम मानी जाती है। मृग: ताडोबा बाघ अभयारण्य के जंगलों में मृगों की दुनिया भी कम दिलचस्प नहीं है, जहां मुख्य रूप से नीलगाय और चौसिंगा जैसी प्रजातियां पाई जाती हैं।

## महिला दिवस विशेष: डोंबिवली में 9,111 महिलाओं ने लेझीम नृत्य करके गिनीज विश्व रिकॉर्ड बनाया



**ठाणे:** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर रविवार को ठाणे जिले के डोंबिवली में 9,111 महिलाओं ने 'लेझीम' नृत्य का प्रदर्शन करके एक नया गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। यह पारंपरिक लोक नृत्य अपने ऊर्जावान गति और लयबद्ध ताल के लिए जाना जाता है। इसका नाम लेझीम नामक एक हाथ में पकड़े जाने वाले वाद्य यंत्र से पड़ा है, जो लकड़ी से बना होता है और उसमें लगे धातु के छोटे-छोटे झुनझुने एक विशिष्ट ध्वनि उत्पन्न करते हैं। 'गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स' के आधिकारिक निर्णायक स्वप्निल डांगरिकर ने यहां बताया, सबसे बड़े लेझीम नृत्य का पिछला रिकॉर्ड सांगली शिक्षण संस्था के नाम था, जहां 26 जनवरी 2014 को छत्रपति शिवाजी स्टेडियम में 7,338 प्रतिभागियों ने प्रदर्शन किया था। आज डोंबिवली ने 9,111 प्रतिभागियों के साथ उस रिकॉर्ड को तोड़ दिया है।

## महिला उद्यमी आर्थिक सशक्तीकरण को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी: नायडू

**अमरावती/चेन्नई:** आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने रविवार को कहा कि महिला उद्यमी राज्य में आर्थिक सशक्तीकरण को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। यहां अमरावती परेड ग्राउंड में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर आयोजित समारोह से जुड़े कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने देशभर की महिलाओं को बधाई दी और उन्हें कड़ी मेहनत, प्रेम और त्याग का प्रतीक बताया। तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा) के प्रमुख ने कहा कि जब महिलाओं का सम्मान और सशक्तीकरण होता है तभी समाज समृद्ध होता है। नायडू ने कहा कि इस साल के अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस का विषय अधिकार, न्याय और कार्रवाई पर केंद्रित है। उन्होंने नेतृत्व की भूमिकाओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारत में एक आदिवासी महिला राष्ट्रपति हैं और एक महिला वित्त मंत्री के रूप में कार्यरत हैं जो महिलाओं की क्षमताओं के प्रति बढ़ती स्वीकार्यता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि महिलाएं स्वभाविक रूप से वित्तीय प्रबंधक होती हैं जो घरों में आय का कुशलतापूर्वक प्रबंधन करती हैं। उन्होंने उनके कार्यों की तुलना जिम्मेदारी से बजट संभालने वाले वित्त मंत्रियों से की।

## बंगाल में राष्ट्रपति का अपमान पूरे देश और सभी महिलाओं के अपमान के समान: मुख्यमंत्री माझी



**भुवनेश्वर:** ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने रविवार को पश्चिम बंगाल सरकार पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के अपमान का आरोप लगाते हुए कहा कि यह सभी महिलाओं और पूरे देश का अपमान है। माझी ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आरोप लगाया कि जब भारत की प्रथम नागरिक द्रौपदी मुर्मू नौवें अंतरराष्ट्रीय संथाल सम्मेलन में भाग लेने पश्चिम बंगाल गईं, तो बंगाल सरकार ने उनका अपमान किया। संथाल समुदाय से ताल्लुक रखने वाले माझी ने कहा, उनका (राष्ट्रपति मुर्मू का) अभिनंदन तो दूर की बात है, न तो मुख्यमंत्री और न ही कोई राज्य मंत्री उनका स्वागत करने गए। राष्ट्रपति का अपमान हर महिला और पूरे देश का अपमान है। मुर्मू ने शनिवार को उत्तर बंगाल के दौरे के दौरान राज्य के कुछ हिस्सों में आदिवासियों के विकास की धीमी गति पर सवाल उठाया और आश्चर्य व्यक्त किया कि क्या मुख्यमंत्री 'नाराज' हैं क्योंकि न तो वह और न ही कोई राज्य मंत्री उनका स्वागत करने के लिए उपस्थित थे। माझी ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री को 'असंवेदनशील' करार दिया और कहा, पश्चिम बंगाल सरकार ने जिस तरह से राष्ट्रपति का अपमान किया, राज्य के सभी राजनीतिक दलों को एक स्वर में इसकी निंदा करनी चाहिए। यह लोकतंत्र की भावना के विरुद्ध है।

### अरुणाचल के मुख्यमंत्री ने बंगाल में संथाल संस्कृति से संबंधित कार्यक्रम में हुई घटना की निंदा की

ईटानगर: अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने रविवार को पश्चिम बंगाल में संथाल संस्कृति से संबंधित एक कार्यक्रम के दौरान हुई घटनाओं की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा व्यक्त की गई पीड़ा का कारण बनने वाले इस प्रकरण ने पूरे देश के लोगों को दुखी कर दिया है। उन्होंने कहा कि इससे पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस सरकार के आचरण पर भी गंभीर सवाल उठे हैं। रविवार को सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में खांडू ने कहा कि यह स्थिति विशेष रूप से दुखद है क्योंकि राष्ट्रपति स्वयं एक आदिवासी समुदाय से आती हैं और उन्हें संथाल संस्कृति का जश्न मनाने के उद्देश्य से आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान सार्वजनिक रूप से निराशा व्यक्त करनी पड़ी। उन्होंने अपने पोस्ट में कहा, पश्चिम बंगाल में संथाल संस्कृति से संबंधित कार्यक्रम के दौरान घटी घटनाओं की मैं कड़ी निंदा करता हूं। राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू द्वारा व्यक्त की गई पीड़ा को लेकर पूरे देश बहुत दुखी है और इससे तृणमूल कांग्रेस सरकार के आचरण पर गंभीर सवाल उठ रहे हैं।

## पाकिस्तान को रक्षा संबंधी खुफिया जानकारी देने वाले इंजीनियर को नहीं मिली जमानत

**मुंबई:** महाराष्ट्र में ठाणे की एक अदालत ने युद्धपोतों और पनडुब्बियों से संबंधित संवेदनशील जानकारी पाकिस्तानी नागरिकों को देने के आरोपी जूनियर सर्विस इंजीनियर की जमानत याचिका खारिज कर दी है। अदालत ने कहा कि नौसेना के प्रतिष्ठानों से संबंधित इंजीनियर का यह अपराध गंभीर प्रकृति का है। इस महीने की शुरुआत में पारित आदेश में, अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश वी.जी. मोहिते ने कहा कि आरोपी के खिलाफ लगाए गए आरोपों में 14 साल तक की कारावास की सजा हो सकती है। आरोपी रवि वर्मा नौसेना, तटरक्षक बल और मुंबई बंदरगाह ट्रस्ट को सेवाएं प्रदान करने वाली कंपनी क्रासनी टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड में कार्यरत था। उसे 28 मई, 2025 को गिरफ्तार किया गया था। ठाणे निवासी रवि वर्मा फिलहाल न्यायिक हिरासत में है। अभियोजन पक्ष ने आरोप लगाया कि नवंबर 2024 से मार्च 2025 के बीच, वर्मा ने भारतीय नौसेना के जहाजों और नौकाओं के नाम तथा स्थानों के बारे में गुप्त और संवेदनशील जानकारी दो पाकिस्तानी नागरिकों को मुहैया कराई थी।

## मैं ऐसे परिवार में पला-बढ़ा हूं, जहां महिलाएं ही प्रमुख रहीं: राहुल गांधी



**नयी दिल्ली:** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने हाल में केरल में छात्राओं से बातचीत के दौरान कहा कि वह एक ऐसे परिवार में पले-बढ़े हैं जहां महिलाएं ही प्रमुख हैं। उन्होंने यह भी दावा किया कि महिलाएं आम तौर पर पुरुषों से अधिक बुद्धिमान होती हैं। राहुल गांधी ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर अपने यूट्यूब चैनल पर छात्राओं के साथ हुई बातचीत का एक वीडियो रविवार को पोस्ट किया और बताया कि कुछ दिन पहले केरल में दोपहर के भोजन के दौरान उनकी कुछ छात्राओं से मुलाकात हुई और उनसे बहुत ही रोचक बातचीत हुई। लोकसभा में विपक्ष के नेता ने कहा, 'मैं प्रत्येक छात्रा के सपनों, जिज्ञासा और आत्मविश्वास से बहुत प्रभावित हुआ। ऐसी बातचीत हमें याद दिलाती है कि जब महिलाएं अपनी क्षमता को पहचानती हैं और खुले दिमाग से आगे बढ़ती हैं, तो वे असाधारण बदलाव ला सकती हैं।' राहुल ने वीडियो पोस्ट करते हुए लिखा, 'हर महिला अद्वितीय है। उनकी संवेदनशीलता, समझ और भावनात्मक बुद्धिमत्ता समाज को संतुलन व दिशा प्रदान करती है। महिलाएं धैर्य, दूरदर्शिता और सहानुभूति के साथ अपने अनूठे तरीकों से शक्ति का प्रयोग करती हैं।' उन्होंने कहा, 'इसलिए, उन्हें समाज के प्रतिबंधात्मक मानदंडों से बंधे रहने के बजाय अपनी पहचान, व्यक्तित्व और आकांक्षाओं के अनुसार आगे बढ़ने का पूरा अधिकार होना चाहिए।' राहुल ने कहा, 'अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर सभी महिलाओं को हार्दिक शुभकामनाएं। आपकी शक्ति, साहस और सपने समाज को एक सकारात्मक भविष्य की ओर आगे बढ़ाते रहें।' उन्होंने कहा कि केरल की कुछ छात्राओं से बातचीत बेहद प्रेरणादायक रही। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष ने कहा, 'उनका (छात्राओं का) आत्मविश्वास और अपने सपनों पर विश्वास यह दर्शाता है कि महिलाएं ही बदलाव की असली ताकत हैं।'

## दिल्ली: उत्तम नगर हत्याकांड में बड़ी कार्रवाई, आरोपी निजामुद्दीन के घर पर बुलडोजर एक्शन, अब तक 8 गिरफ्तार



**नई दिल्ली:** राजधानी दिल्ली के उत्तम नगर में होली का रंग लगने पर हिंदू युवक की हत्या के मामले में एक्शन तेज हो गया है। दिल्ली म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन यानी एमसीडी ने मामले में मुख्य आरोपी निजामुद्दीन का घर बुलडोजर से गिरा दिया है। इस केस में अब तक 8 गिरफ्तारियां हो चुकी हैं। द्वारका के डिप्टी कमिश्नर ऑफ पुलिस कुशल पाल सिंह ने बताया कि इस केस में पहले आठवें आरोपी के तौर पर इमरान उर्फ बंटी (38) को गिरफ्तार किया गया है। साथ ही मृतक तरुण के परिवार के बयानों के मुताबिक एससी/एसटी प्रिवेंशन ऑफ एट्रोसिटीज एक्ट के कड़े नियम लागू किए गए हैं।

**आरोपियों में तीन सगे भाई, एक बाप-बेटा**

दरअसल, यह हत्याकांड उत्तम नगर की जेजे कॉलोनी में होली की रात हुआ। तरुण की हत्या मामले में पुलिस ने अब तक 8 आरोपियों को पकड़ चुकी है। इनमें एक नाबालिग है। गिरफ्तार बालिग आरोपियों की पहचान उमरदिन, जमाउद्दीन, मुस्ताक, कमरुद्दीन, मुजफ्फर और ताहिर और इमरान के रूप में हुई है। सभी आरोपी जेजे कॉलोनी, हस्तसाल के रहने वाले हैं। इनमें से उमरदीन, जमाउद्दीन और कमरुद्दीन तीनों सगे भाई है, जबकि एक बाप बेटा मुजफ्फर और उमरदीन भी शामिल हैं।

## अरुणाचल: सैन्य अड्डे के पास जंगल में आग लगी

**वायुसेना के हेलीकॉप्टर को लगाया गया**

**ईटानगर:** अरुणाचल प्रदेश के पूर्वी सियांग जिले में सिगार सैन्य अड्डे से लगे एक जंगल में भीषण आग लग गई। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि हालांकि अभी तक किसी के हताहत होने की खबर नहीं है, लेकिन आग तेजी से फैल रही है और इससे आसपास के महत्वपूर्ण रक्षा प्रतिष्ठानों को खतरा पैदा हो गया है। अधिकारियों ने बताया कि शनिवार को लगी आग को बुझाने के लिए जिला प्रशासन और भारतीय सेना के सभी उपलब्ध कर्मियों को सेवा में लगा दिया गया है, लेकिन इलाके में दुर्गम भूभाग और घने जंगलों के कारण आग बुझाने के प्रयासों में बाधा आ रही है। उन्होंने बताया कि दुर्गम भूभाग होने के कारण जमीनी टीमों को आग पर काबू पाने में कठिनाई होने के बाद, राज्य सरकार ने हवाई अग्निशमन अभियानों में सहायता के लिए भारतीय वायुसेना के एक हेलीकॉप्टर को लगाने का अनुरोध किया।

## पूर्वोत्तर में बीते दशक में कनेक्टिविटी बढ़ी, आर्थिक गतिविधियों को मिला बढ़ावा : उपराष्ट्रपति

**अगरतला:** उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन ने रविवार को कहा कि पूर्वोत्तर क्षेत्र में पिछले एक दशक के दौरान कनेक्टिविटी में उल्लेखनीय सुधार हुआ है जिससे क्षेत्र की आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिला है। पश्चिम त्रिपुरा के सूर्यमणिनगर स्थित त्रिपुरा केंद्रीय विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि पिछले एक दशक में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पूर्वोत्तर की क्षमता का निरंतर दोहन किया है। उन्होंने कहा, मैं चेन्नई से हूं और पहले चेन्नई से अगरतला तक एक ही दिन में यात्रा करना मुश्किल होता था। अब बेहतर बुनियादी ढांचे के कारण कई लंबी दूरी की ट्रेनें अगरतला को जोड़ती हैं। आज हम कोहिमा से अगरतला तक एक ही दिन में यात्रा कर सकते हैं।' राधाकृष्णन ने कहा कि पिछले एक दशक में पूर्वोत्तर में आर्थिक गतिविधियों की रफ्तार भी तेज हुई है। उन्होंने कहा कि पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए जनवरी 2026 में गोमती जिले के उदयपुर में माताबारी पर्यटन सर्किट की आधारशिला रखी गई थी। उन्होंने कहा, गोमती के जिलाधिकारी ने मुझे बताया कि मां त्रिपुरासुंदरी मंदिर में पर्यटकों की संख्या सालाना 3.5 लाख से बढ़कर 8.5 लाख हो गई है। इससे निश्चित रूप से स्थानीय रोजगार बढ़ेगा। स्थिर अर्थव्यवस्था तब तक विकसित नहीं हो सकती जब तक हम उसे गति न दें। राधाकृष्णन ने विश्वविद्यालय प्रशासन से नवाचार को बढ़ावा देने के लिए उच्च गुणवत्ता वाले शोध पत्र प्रकाशित करने का सिलसिला जारी रखने का भी आग्रह किया।

## एनसीबी ने 'डार्क वेब' आधारित मादक पदार्थ तस्करी गिरोह का किया भंडाफोड़

**नयी दिल्ली:** स्वापक नियंत्रण ब्यूरो (एनसीबी) ने रविवार को कहा कि उसने मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले 'डार्क वेब' आधारित एक गिरोह का भंडाफोड़ कर दो लोगों को गिरफ्तार किया है। एनसीबी ने कहा कि उसने गिरोह के सदस्यों के पास से बड़ी मात्रा में मादक पदार्थ भी जब्त किया है, जिसका इस्तेमाल आम तौर पर 'रेव पार्टियों' में किया जाता है। एनसीबी के मुताबिक, इस नेटवर्क पर जनवरी 2025 से अब तक मादक पदार्थों की 1,000 से अधिक खेप भेजने का आरोप है, और यह 'टीम कल्कि' के कोड नाम से संचालित होता था। यह गिरोह कथित तौर पर अपराध से प्राप्त धनराशि को वैध बनाने के लिए क्रिप्टोकरेंसी का इस्तेमाल कर रहा था।



# हर परिस्थिति में खुद को रखें कॉन्फिडेंट

**नौकरी के दौरान अक्सर एक जैसा काम करते हुए हम ऐसी स्थिति में आ जाते हैं, जिसमें जरा-सा बदलाव भी हमें असहज कर देता है। नौकरी के दौरान अक्सर एक जैसा काम करते हुए हम ऐसी स्थिति में आ जाते हैं, जिसमें जरा-सा बदलाव भी हमें असहज कर देता है। लगातार सुविधापूर्ण स्थिति में आत्ममुग्ध रहना एक तरह से 'असुविधा'' को ही दावत देना है। अगर आप भी कंफर्ट जोन में खुद को 'कंफर्टेबल' मानकर चल रहे हैं, तो वक्त रहते संभल जाएं और ऐसा करके ही आप खुद को हर परिस्थिति में कॉन्फिडेंट रख सकेंगे।**

सदाशिव पढ़ाई में अच्छे हैं। दिखने में समझदार। नौकरी जल्द शुरू कर दी थी। कुछ ही साल में अपनी पहचान भी बना ली और एक वरिष्ठ अधिकारी के लिए अलग से काम करके उनका विश्वास भी हासिल कर लिया। इसका उन्हें फायदा भी मिलता रहा। पद और प्रतिष्ठा तो मिली ही, कई बार विदेश जाने का अवसर भी मिला। मगर कई साल ऐसे ही बीतने के कारण सदाशिव आत्ममुग्धता के शिकार होते चले गए। प्रभावशाली अधिकारी का संरक्षण मिला होने के कारण वे खुद को बेहद सुरक्षित महसूस करने लगे। इस बीच उन्हें कई प्रोजेक्ट मिले, पर भरपूर अवसर मिलने के बावजूद किसी में खास प्रभाव छोड़ न पाने के कारण अंततः वे अपने मूल विभाग में ही बने रहे। यहीं उनसे चूक होती चली गई। अपने मूल विभाग के बॉस से उनकी ट्यूनिंग बनने और प्रगाढ़ होने के बजाय बिगड़ती चली गई लेकिन आत्ममुग्धता और उच्चाधिकारी की शह के कारण उन्होंने इसकी ज्यादा परवाह नहीं की। विभागीय बॉस के उपेक्षापूर्ण नजरिये से ठेस लगने के बावजूद उनका स्वाभिमान नहीं जागा और वे निश्चिंतता के साथ टाइम पास करते रहे। इतना ही नहीं, सोशल साइट्स पर भी वे खूब दिखते और अपनी बेतुकी टिप्पणियों पर खुद ही खुश हो लेते। कुछ समय बाद स्थितियां करवट लेने लगीं। प्रभावशाली अधिकारी का प्रभाव जाता रहा और एक समय ऐसा भी आया, जब उनकी जगह कंपनी में कोई और आ गया। अब सदाशिव को सचेत हो जाना चाहिए था, पर ऐसा हुआ नहीं। उनका रवैया जस का तस बना रहा। वे चाहते, तो अपने विश्वासी अधिकारी के रहते किसी और विभाग या केंद्र या प्रोजेक्ट में अच्छे पद पर शिफ्ट हो सकते थे लेकिन सुविधाजीवी और एकरस जीवन के आदी हो चुके सदाशिव ने ऐसी कोई पहल नहीं की। एक दिन जब उन्हें कुछ गलतियां बताते हुए संस्थान से बाहर का रास्ता दिखा दिया गया, तब उन्हें एहसास हुआ लेकिन तब उनके पास संभलने और सुधरने का मौका नहीं था।

## भंवर है कंफर्ट जोन

सदाशिव की सच्ची कहानी महज एक उदाहरण है। आपको अपने संस्थान या दूसरी संस्थाओं, विभागों में ऐसे कई लोग मिल जाएंगे, जो कंफर्ट जोन में समय बिताते हुए खुश दिखेंगे। कई लोग यह भी कहते मिल जाएंगे कि अरे भाई, नौकरी तो सुरक्षित है ही, फिर काम की टेंशन में क्यों परेशान रहें! दरअसल, ऐसे लोग यह नहीं सोचते कि इस प्रकार का रवैया रखकर वे खुद के नुकसान की ही नींव रख रहे हैं। स्थितियां हमेशा एक-सी नहीं रहतीं। जो लोग काम से जी चुराते हैं, नया सीखने-जानने में दिलचस्पी नहीं रखते, कभी पहल करके कोई काम नहीं करते, कोई काम कहने पर समाधान के बजाय तमाम तरह की समस्याएं ही गिनाने बैठ जाते हैं, टीम मेंबर्स से भी जिन्हें ढेरों शिकायतें होती हैं, सही मायने में उनका करियर हमेशा दांव पर लगा होता है। ऐसे लोगों को जब कभी कोई काम सौंपा जाता है, तो वे उसमें इतना विलंब कर देते हैं या फिर उसे इतना उलझा देते हैं कि बॉस को आगे उन्हें काम न देने के बारे में सोचना पड़ जाता है। ऐसे लोग अपनी इस कथित रणनीति पर भले ही खुश होते हों पर जरा सोचें, क्या वह बॉस कभी उनकी प्रशंसा-अनुशंसा करेगा और जब कभी डिमोशन कर दिया गया या इंक्रिमेंट रोक लिया गया या फिर छंटनी की स्थिति में उनका नाम ही आगे बढ़ा दिया गया, तो फिर क्या उन्हें संस्थान और बॉस की आलोचना का अधिकार होना चाहिए



## उपयोगिता करें साबित

आप निजी कंपनी में काम कर रहे हों या फिर सरकारी सेवा में हों, छोटे पद पर हों या बड़े पद पर, अगर आप अपने पद की जरूरतों के अनुसार खुद की उपयोगिता साबित करने का प्रयास नहीं करते, तो एक-न-एक दिन आपको जरूर नुकसान हो सकता है। अगर आप समय रहते नहीं चेतते, तो फिर आप किसी को दोष भी नहीं दे सकते। आपको कोई भी जिम्मेदारी दी जाती है, उसे उत्साह के साथ पूरा करने का प्रयास करें। अगर आपको लगता है कि उसमें बॉस से और समझने की या किसी सहयोगी की मदद लेने की जरूरत है, तो विनम्रता के साथ सहयोग लें। आपके प्रयास की गंभीरता स्पष्ट नजर आनी चाहिए। अगर आप छोटे-से-छोटे काम को भी सतर्कता के साथ बहुत अच्छी तरह पूरा करते हैं, तो निश्चित रूप से इससे आपकी छवि बेहतर होगी।

## हर दिन हो नया

अगर आप एकरस जीवन से बचना और खुश रहना चाहते हैं, तो अपने काम को एंजॉय करना होगा। निष्ठा ईमानदारी से काम करेंगे, तो ज्यादा कुछ मिले-न मिले, भरपूर सुकून जरूर मिलेगा। यह आपका सबसे बड़ा रिवॉर्ड होगा। इसके अलावा गलतियों से सबक लेने, कमियों को दूर करने और हमेशा कुछ नया सीखने की ललक रखेंगे, तो आपके आत्मविश्वास का स्तर ऊंचा रहेगा और आप मुश्किल से मुश्किल काम को भी उत्साह और हौसले से कर सकेंगे। इस राह पर चलकर तरक्की की सीढ़ियां भी चढ़ते जाएंगे।



# ग्रेजुएशन के बाद अमेरिका में जॉब

हाल ही में ग्रेजुएशन करने वालों के लिए अमेरिका में काम करने के लिए दो ऑप्शन हैं : ऑप्शनल प्रेक्टिकल ट्रेनिंग (ओपीटी) तथा एच1बी वीसा। ओपीटी ऐसे ताजा ग्रेजुएट्स के लिए एक कार्यक्रम है, जो अपनी पढ़ाई की फील्ड में कार्य अनुभव पाना चाहते हैं। इसके लिए दो शर्तें पूरी करना जरूरी है : पहली यह कि आपकी ओपीटी जॉब का सीधा संबंध आपकी डिग्री से होना चाहिए। मसलन, यदि आपने इलेक्ट्रिकल इंजीनियर के रूप में डिग्री ली है, तो आप शेफ के रूप में नौकरी नहीं कर सकते। दूसरी शर्त यह है कि आपने जहां से डिग्री प्राप्त की है, वहां का कोई अधिकारी ओपीटी प्रोग्राम के लिए आपका नाम प्रस्तावित करे। इसलिए यह जरूरी है कि आप जहां से पढ़ाई कर रहे हैं, उस संस्थान के संपर्क में रहें और उससे अच्छे संबंध रखें। आम तौर पर ओपीटी 1 साल के लिए ही होता है। मगर यदि आपने साइंस, टेक्नोलॉजी, इंजीनियरिंग या गणित में डिग्री ली है, तो आप ओपीटी को अतिरिक्त 17 महीनों के लिए बढ़वा सकते हैं। एच1बी वीसा ऐसे लोगों के लिए है, जो किसी स्पेशिएलिटी ऑक्युपेशन में काम करते हैं। यह एक पिटिशन-बेस्ड वीसा है, यानी आपकी ओर से आपकी कंपनी इसके लिए यूएस सिटिजनशिप एंड इमिग्रेशन सर्विसेज (यूएससीआईएस) के समक्ष आवेदन करेगी। एच1बी वीसा प्राप्त करने के लिए आपको किसी यूएस एम्बेसी या कॉन्सुलेट में इंटरव्यू के लिए आना पड़ेगा। एच1बी वीसा पर आप अमेरिका में 3 साल तक काम कर सकते हैं। इसकी अवधि बढ़वाने के विकल्प भी हैं मगर कुल मिलाकर आप एच1बी वीसा पर अमेरिका में अधिकतम 6 वर्ष तक ही काम कर सकते हैं।





# आपको ऊंचाइयों पर ले जाएंगे ये करियर ऑप्शन

**आज हम आपको बताने जा रहे हैं गणित में 8 ऐसे करियर ऑप्शन जो आपको ऊंचाइयों पर ले जाएंगे।**

छात्रों के बीच गणित विषय को कठिन विषय समझा जाता है, इसका नाम सुनते ही बहुत से छात्र दूर भागते हैं। परंतु यदि प्रारंभ से ही गणित विषय को सही प्रकार से हैंडिल किया जाए तो आपकी गणित पर अच्छी पकड़ हो सकती है। गणित विषय का अर्थ केवल जोड़ना, घटाना, गुणा और भाग देना नहीं है। इस विषय में उच्च शिक्षा लेकर करियर की अपार संभावनाएं हैं। गणित विषय मनुष्य की ज्ञान की एक उपयोगी तथा आकर्षक शाखा है। इसमें अध्ययन के कई क्षेत्रों को शामिल किया गया है। भारत में प्राचीन काल से ही गणित की एक सुदृढ़ परंपरा रही है। प्राचीन काल के कई गणितज्ञों आर्यभट्ट, वराह मिहिर, महावीराचार्य, ब्रह्मगुप्त, श्रीधराचार्य इत्यादि ने तथा आधुनिक काल में डॉ गणेश प्रसाद, प्रोफेसर बीएन प्रसाद, श्रीनिवास रामानुजन इत्यादि ने गणित की सुदृढ़ नींव रखी है।

## इकोनॉमिस्ट

एक इकोनॉमिस्ट आर्थिक रुझानों का अन्वेषण करके मूल्यांकन करता है। भविष्य को लेकर पूर्वानुमान जारी करता है। वह विभिन्न विषयों जैसे महंगाई, कर, ब्याज दर, रोजगार का स्तर आदि का डेटा संग्रह करता है। उस पर अनुसंधान करता है और विश्लेषण करता है। अर्थशास्त्री बनने के लिए गणित विषय को जरूरी माना जाता है। एक अर्थशास्त्री बनने के लिए अर्थशास्त्र में बैचलर डिग्री होना और गणित पर अच्छी पकड़ होना आवश्यक है। इसके बाद अर्थशास्त्र, इकोमेट्रिक्स, ऐप्लाइड इकोनॉमिक्स में पोस्ट ग्रेजुएट की डिग्री होना चाहिए।

## सॉफ्टवेयर इंजीनियर

सॉफ्टवेर इंजीनियरिंग के छात्रों के करियर की नीव शुरू ही गणित के ज्ञान से होती है। सॉफ्टवेयर इंजीनियरों का काम सॉफ्टवेयर डिजाइन करना और उसे डेवलप करना होता है। इस काम में छात्रों को कम्प्यूटर साइंस के साथ-साथ मैथ्स की थ्योरी और उनके सिद्धांतों का प्रयोग करना पड़ता है। इस क्षेत्र में एक्सपर्ट छात्रों के लिए बहुत अच्छे विकल्प मौजूद है तथा अगले 10 वर्षों में इस क्षेत्र में काफी संभावनाएं आने वाली हैं जो छात्रों के हित में मददगार साबित होंगे।

## स्टैटिस्टिक्स

गणित पर जिनको महारत हासिल है उनके लिए स्टैटिस्टिक्स में कैरियर बनाना बहुत अच्छा विकल्प है। सांख्यिकीविद को डाटा का विश्लेषण करना, परिणामों को पाइ चार्ट्स, बार ग्राफ, टेबल के रूप में प्रस्तुत करने का काम करना होता है। हेल्थ केयर, शिक्षा सहित कई क्षेत्रों में सांख्यिकीविद की काफी मांग होती है। सांख्यिकीविद बनने के लिए आपके पास मैथमेटिक्स स्टैटिस्टिक्स में स्नातक की डिग्री या फिर स्टैटिस्टिक्स में पोस्ट ग्रेजुएट की डिग्री होनी चाहिए।

## चार्टर्ड एकाउंटेंट

चार्टर्ड एकाउंटेंट बनने का पहला रूल ही गणित में दक्ष होना है। क्योंकि चार्टर्ड एकाउंटेंट यानि कि सीए का पूरा काम एकाउंटिंग, ऑडिटिंग और टैक्सेशन से जुड़ा होता है। अर्थव्यवस्था में तेजी से वृद्धि के चलते फाइनेंस और एकाउंट से जुड़े क्षेत्रों में करियर के काफी स्कोप जुड़ते जा रहे हैं जो गणित में रूचि रखने वाले छात्रों के लिए एक अच्छा करियर विकल्प का मार्ग है।

## ऑपरेशन रिसर्च एनालिस्ट

इससे जुड़े काम को एप्लाइड मैथ्स और फॉर्मल साइंस की एक शाखा के रूप में ही समझा जाता है। इसमें आधुनिक लॉजिकल विधियों जैसे की स्टैटिस्टिकल एनालिसिस और मैथमेटिकल ऑप्टिमाइजेशन का प्रयोग किया जाता है। ऑपरेशन रिसर्च एनालिस्ट इन्हीं आधुनिक विधियों कि मदद से मैनेजर को सही निर्णय लेने और समस्याओं के समाधान के लिए सुझाव प्रदान करते है।

## बैंकिंग

अगर आपकी गणित में अच्छी पकड़ है तो आप बैंकिंग क्षेत्र में आप एकाउंटेंट, कस्टमर सर्विस, फ्रंट डेस्क, कैश हैंडलिंग, एकाउंट ओपनिंग, करंट एकाउंट, सेविंग एकाउंट, लोन प्रोसेसिंग ऑफिसर, सेल्स एग्जीक्यूटिव, रिकवरी ऑफिसर के प्रोफाइल्स के लिए भी कोशिश कर अपना भविष्य बना सकते है क्यूंकि इन सभी में मैथमेटिकल स्किल्स का होना जरूरी है।

## मैथमेटिशियन

अगर आप मैथ को दिल से प्यार करते हैं और इसमें सबसे ज्यादा माहिर हैं, तो मैथमेटिशियन बनना आपके लिए सबसे बेस्ट होगा। यह ऐसे प्रोफेशनल्स होते हैं जो मैथ्स के बुनियादी क्षेत्र का अध्ययन या रिसर्च संबंधी कार्य करते हैं। इसके अलावा ये लॉजिक, ट्रांसफार्मेशन, नंबर आदि समस्याओं का निर्धारण करते हैं। इस क्षेत्र में भी मैथ्स का ज्ञान होना बहुत जरूरी है तथा इस क्षेत्र में छात्र अच्छा मुकाम हासिल कर सकते हैं।

## कम्प्यूटर सिस्टम एनालिस्ट

कम्प्यूटर सिस्टम एनालिस्ट आईटी टूल्स का उपयोग करते हुए किसी भी एंटरप्राइजेज को लक्ष्य पूरा करने में मदद पहुंचाते हैं। यदि आपको गणित का ज्ञान नहीं तो आप आगे नहीं बढ़ सकते और इसी के विपरीत यदि आपका गणित के प्रति रुझान है तो आप आसानी से अपने काम को पूरा कर सकते हैं। ज्यादातर सिस्टम एनालिस्ट अपना काम कम्प्यूटर और सॉफ्टवेयर के जरिए करते हैं तथा इसे ठीक तरह से समझने के लिए गणित पहली नींव है।



# उत्साह और जुनून के साथ देशभक्ति वायु सेना में करियर

**भारतीय वायु सेना में करियर बनाने के लिए ऊर्जावान, उत्साही युवाओं की हमेशा मांग रहती है। क्या आप इस प्रोफाइल में फिट बैठते हैं। एयर फोर्स, यानी वायु सेना में करियर को प्रतिष्ठित माना जाता है और युवाओं में यह खासा लोकप्रिय भी है। इस फील्ड में यदि आप करियर बनाते हैं, तो आपका नाता देश सेवा, नवीनतम टेक्नोलॉजी और उत्कृष्ट शारीरिक मानसिक कौशल से होगा।**

भारतीय वायु सेना को ऐसे युवाओं की जरूरत है, जो ऊर्जावान हों, पैशनेट हों, उत्साही हों और जो अपनी मातृभूमि की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध हों। मगर ध्यान रहे, एयर फोर्स का हिस्सा होने में खासे परिश्रम की जरूरत होती है। इसकी चयन प्रक्रिया बहुत कड़ी है। इसमें प्रेक्टिकल टेस्ट, रिटन टेस्ट, फिजिकल तथा मेडिकल टेस्ट, सायकोलॉजिकल टेस्ट, इंटरव्यू, ग्रुप टास्क आदि शामिल होते हैं।

## कैसे हों शामिल

भारतीय वायु सेना में शामिल होने के लिए आपको राष्ट्रीय रक्षा अकादमी (एनडीए) की प्रवेश परीक्षा में बैठना होगा। यदि आपकी उम्र साढ़े 16 साल से 19 साल है, आप भारतीय नागरिक हैं और आपने फिजिक्स तथा मैथ्स विषयों के साथ 12वीं पास की है, तो आप इस परीक्षा में बैठ सकते हैं। चयन के बाद उम्मीदवारों को राष्ट्रीय रक्षा अकादमी में 3 साल की गहन ट्रेनिंग दी जाती है। इसकी समाप्ति पर एयर फोर्स अकादमी में स्पेशलाइज्ड ट्रेनिंग होती है। ग्रेजुएट भी एयर फोर्स का हिस्सा बन सकते हैं। आरंभिक चयन के बाद शॉर्ट-लिस्ट किए गए उम्मीदवारों को एयर फोर्स ट्रेनिंग संस्थान में भेजा जाता है।

## कौन-कौन सी ब्रांच

एयर फोर्स में करियर के अवसरों को मोटे तौर पर तीन श्रेणियों में बांटा जा सकता है : फ्लाइंग ब्रांच, टेक्निकल ब्रांच तथा ग्राउंड ड्यूटी ब्रांच।

## फ्लाइंग ब्रांच

इस ब्रांच में विभिन्न श्रेणियों के पायलटों का चयन कर उन्हें प्रशिक्षित किया जाता है। इस ब्रांच में आकर आपको उड़ान भरने के भरपूर मौके मिलेंगे। इसमें हैलिकॉप्टर पायलट, फाइटर पायलट तथा ट्रांसपोर्ट पायलट के रूप में ग्रेजुएट्स तथा पोस्ट ग्रेजुएट्स के लिए अनेक अवसर हैं। पायलट ट्रेनिंग हैदराबाद से 43 किलोमीटर दूर डंडीगल स्थित एयर फोर्स एकेडमी में दी जाती है। इस ब्रांच में शामिल होने के बाद आपको आपके डेजिग्जनेशन, ट्रेनिंग व अनुभव के आधार पर विभिन्न मिशनों का हिस्सा बनाया जाएगा।

## टेक्निकल ब्रांच


एयर फोर्स की टेक्निकल ब्रांच अत्याधुनिक विमानों तथा शस्त्रों के सही संचालन को सुनिश्चित करती है। यह विमानों के मेंटेनेंस तथा सर्विसिंग और एयर फोर्स स्टेशन पर कम्युनिकेशन तथा सिग्नल से संबंधित कार्यों को करने के लिए क्रमशः मैकेनिकल तथा इलेक्ट्रॉनिक्स विभागों से एयरोनॉटिकल इंजीनियर्स को नियुक्त करती है।

## ग्राउंड ड्यूटी ब्रांच

यह ब्रांच मानव तथा अन्य संसाधनों का प्रबंधन कर वायु सेना का संचालन करती है। दरअसल यह एक ब्रांच न होकर इसमें अनेक ब्रांच समाहित हैं, जैसे : एडमिनिस्ट्रेशन ब्रांच, जिसके अधिकारी समस्त संसाधनों के कुशल प्रबंधन को सुनिश्चित करते हैं। इसके कुछ अधिकारी एयर ट्रैफिक कंट्रोलर व फ्लाइट कंट्रोलर के रूप में भी काम करते हैं। इसी प्रकार अकाउंट्स ब्रांच में अकाउंट्स संबंधी तमाम काम किए जाते हैं। लॉजिस्टिक्स ब्रांच के अधिकारियों को कपड़ों से लेकर विमानों के पुर्जों तक तमाम तरह के सामान का प्रबंधन करना होता है। एजुकेशन ब्रांच के अधिकारी भविष्य के वायु सैनिकों को अच्छी से अच्छी शिक्षा तथा प्रशिक्षण सुनिश्चित करते हैं। मीटियॉरोलॉजी ब्रांच के अधिकारी उड़ान भर रहे पायलटों को गाइड कर उनकी उड़ान सुरक्षित करने में मदद करते हैं।

# मेरे जीवन को संवारने में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका: गौतम अदाणी

**नयी दिल्ली :** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर अदाणी समूह के चेयरमैन गौतम अदाणी ने रविवार को उन महिलाओं के प्रति आभार व्यक्त किया, जिन्होंने उनके जीवन और सफर को संवारा है। उन्होंने कहा कि उनकी सफलता की नींव उन मूल्यों और समर्थन पर टिकी है, जो उन्हें अपने परिवार से मिला। लिंक्डइन पर लिखे एक लेख में अदाणी ने अपनी मां शांताबेन अदाणी के प्रभाव को याद किया। उन्होंने बताया कि कैसे बचपन में मां द्वारा सुनाई गई रामायण जैसे महाकाव्यों की कहानियों ने उनमें साहस, त्याग और कर्तव्य के मूल्यों को स्थापित किया। उन्होंने कहा कि उन सीखों की गहराई उन्हें तब समझ



आई, जब 16 साल की उम्र में उन्होंने अपना करियर बनाने के लिए मुंबई जाने के लिए घर छोड़ा था। अदाणी ने उस मानसिक शक्ति को याद किया जो उनकी मां ने उन्हें एक अनिश्चित भविष्य की ओर कदम बढ़ाने की अनुमति देते समय दिखाई होगी। अदाणी ने अपनी पत्नी प्रीति अदाणी की भूमिका की भी सराहना की, जिन्होंने दंत चिकित्सा का करियर छोड़कर 'अदाणी फाउंडेशन' का नेतृत्व संभाला। उन्होंने बताया कि 'अदानी फाउंडेशन' आज देश के 22 राज्यों में शिक्षा, स्वास्थ्य और आजीविका जैसे क्षेत्रों में सक्रिय है और अब तक एक करोड़ से अधिक लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव ला चुका है। अदाणी ने अपनी बहुओं, परिधि अदाणी (करण अदाणी की पत्नी) और दीवा अदाणी (जीत अदाणी की पत्नी) की प्रशंसा करते हुए कहा कि वे परिवार में नया दृष्टिकोण और नयी ऊर्जा लेकर आई हैं। साथ ही उन्होंने अपनी पोतियों से मिलने वाली खुशी का भी उल्लेख किया। अपनी व्यावसायिक यात्रा को याद करते हुए उन्होंने कहा कि भले ही उद्यमी बड़ी कंपनियों और संपत्तियों के निर्माण में दशकों लगा देते हैं, लेकिन इसका अंतिम उद्देश्य अगली पीढ़ी के लिए एक बेहतर भविष्य बनाना होता है। अदाणी ने कहा, मैं हमेशा दो दुनिया... काम और परिवार के बीच रहा हूं। मैंने अपनी पहली दुनिया में जो कुछ भी बनाया है, वह मुझे दूसरी दुनिया से मिलने वाली ताकत के कारण ही संभव हो पाया है। उन्होंने कहा कि जीवन की सबसे मजबूत नींव कंक्रीट या स्टील से नहीं, बल्कि उन लोगों से बनती है जो हमें एक व्यक्तित्व प्रदान करते हैं।

### पंजाब में महिलाओं को हर महीने मिलेंगे 1,000 रुपये, अनुसूचित जाति की महिलाओं को 1,500 रुपये

**चंडीगढ़ :** पंजाब की आम आदमी पार्टी (आप) सरकार ने रविवार को महिलाओं के लिए एक नयी योजना की घोषणा की। इसके तहत महिलाओं को 1,000 रुपये प्रति माह दिए जाएंगे, जबकि अनुसूचित जाति (एससी) वर्ग की महिलाओं को 1,500 रुपये मासिक सहायता मिलेगी। महिलाओं को 1,000 रुपये की मासिक सहायता देना 2022 के पंजाब विधानसभा चुनावों से पहले सत्ताधारी दल का एक प्रमुख चुनावी वादा था। विधानसभा में वर्ष 2026-27 का राज्य बजट पेश करते हुए वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने 'मुख्यमंत्री मावां धीयां सत्कार योजना' (मुख्यमंत्री मां-बेटी सत्कार योजना) लागू करने की घोषणा की। इसके तहत सरकार महिलाओं के खातों में सीधे पैसे अंतरित करेगी।

### तांबा महंगा होने, रुपया कमजोर पड़ने से एसी की कीमतों में 5-15 प्रतिशत की बढ़ोतरी

**नयी दिल्ली :** कमरे को ठंडा रखने वाले एयर कंडीशनर बनाने वाली प्रमुख कंपनियां कच्चे माल की लागत और आपूर्ति श्रृंखला के खर्चों में निरंतर वृद्धि की भरपाई के लिए कीमतों में 5-15 प्रतिशत तक बढ़ोतरी कर रही हैं। फरवरी से अप्रैल के बीच लागू की जा रही यह बढ़ोतरी ठीक उस समय हो रही है, जब गर्मी का मौसम शुरू होने के साथ एयर कंडीशनर (एसी) की मांग बढ़ने वाली है। डाइकिन, वोल्टास, ब्लू स्टार, एलजी, हायर और मित्सुबिशी हैवी इंडस्ट्रीज सहित प्रमुख कंपनियों ने विभिन्न मॉडलों की कीमतों में वृद्धि की घोषणा की है। यह वृद्धि तांबे जैसे प्रमुख कच्चे माल की लागत बढ़ने, रुपये की कमजोरी, नए ऊर्जा-दक्षता मानकों और माल ढुलाई लागत में वृद्धि के कारण की गई है।

## पश्चिम एशिया संकट के बीच पिछले चार कारोबारी सत्रों में एफपीआई ने 21,000 करोड़ रुपये निकाले

**नयी दिल्ली :** विदेशी निवेशकों ने पश्चिम एशिया संकट के बीच पिछले चार कारोबारी सत्रों के दौरान भारतीय इक्विटी से 21,000 करोड़ रुपये निकाले हैं। विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) द्वारा फरवरी में भारतीय इक्विटी में 22,615 करोड़ रुपये के निवेश के बाद यह ताजा बिकवाली हुई है। फरवरी का निवेश पिछले 17 महीनों में सबसे अधिक मासिक लिवाली थी। इससे पहले एफपीआई लगातार तीन महीनों तक शुद्ध विक्रेता रहे थे। डिपॉजिटरी के आंकड़ों के अनुसार उन्होंने जनवरी में 35,962 करोड़ रुपये, दिसंबर में 22,611 करोड़ रुपये और नवंबर में 3,765 करोड़ रुपये निकाले थे। ताजा निकासी 2-6 मार्च के दौरान हुई, जब एफपीआई ने 'कैश मार्केट' में लगभग 21,000 करोड़ रुपये मूल्य के शेयर बेचे। उल्लेखनीय है कि तीन मार्च को होली के उपलक्ष्य में बाजार बंद थे। बाजार विशेषज्ञों ने इस निकासी का मुख्य कारण पश्चिम एशिया में बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव को बताया है। एंजेल वन के वरिष्ठ बुनियादी विश्लेषक वकारजावेद खान ने कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य में व्यवधान के डर ने ब्रेंट क्रूड की कीमतों को 90 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंचा दिया, जिससे वैश्विक स्तर पर जोखिम से बचने की धारणा पैदा हुई।

## शीर्ष 10 में आठ कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 2.81 लाख करोड़ रुपये घटा

**नयी दिल्ली :** पिछले सप्ताह शेयर बाजार में गिरावट के रुख के चलते देश की शीर्ष 10 मूल्यवान कंपनियों में आठ के संयुक्त बाजार मूल्यांकन में 2,81,581.53 करोड़ रुपये की कमी आई है। इसमें भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) को सबसे अधिक नुकसान उठाना पड़ा। पिछले सप्ताह बीएसई सेंसेक्स 2,368.29 अंक यानी 2.91 प्रतिशत टूट गया। शीर्ष 10 की सूची में रिलायंस इंडस्ट्रीज और इंफोसिस ही ऐसी कंपनियां रहीं, जिनके मूल्यांकन में बढ़ोतरी दर्ज की गई। आंकड़ों के अनुसार भारतीय स्टेट बैंक का बाजार मूल्यांकन 53,952.96 करोड़ रुपये घटकर 10,55,567.27 करोड़ रुपये रह गया। आईसीआईसीआई बैंक के मूल्यांकन में 46,936.82 करोड़ रुपये की गिरावट आई और यह 9,40,049.82 करोड़ रुपये पर आ गया। एचडीएफसी बैंक का मूल्यांकन 46,552.3 करोड़ रुपये घटकर 13,19,107.08 करोड़ रुपये रह गया। लार्सन एंड टुब्रो (एलएंडटी) के बाजार पूंजीकरण में 45,629.03 करोड़ रुपये की कमी आई और यह 5,43,208.36 करोड़ रुपये रहा। बजाज फाइनेंस का मूल्यांकन 28,934.56 करोड़ रुपये घटकर 5,91,136.03 करोड़ रुपये पर आ गया। इसके विपरीत, रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार मूल्यांकन 14,750.39 करोड़ रुपये बढ़कर 19,01,583.05 करोड़ रुपये हो गया।

## पश्चिम एशिया में तनाव जारी रहने से सोने में बना रह सकता है उतार-चढ़ाव

**नयी दिल्ली :** पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के बीच सोने की कीमतों में अगले सप्ताह भी उतार-चढ़ाव जारी रहने की संभावना है। निवेशकों की पश्चिम एशिया से जुड़े घटनाक्रमों और घरेलू बाजार की धारणा को प्रभावित करने वाले प्रमुख वृहत आर्थिक आंकड़ों पर नजर होगी। विश्लेषकों ने यह कहा। जेएम फाइनेंशियल सर्विसेज लि. के उपाध्यक्ष प्रणव मेर ने कहा, ''पश्चिम एशिया में जारी घटनाक्रमों पर नजर बनी रहेगी। तनाव बढ़ने से सोने की कीमतों पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा, लेकिन तनाव कम होने के संकेत मिलने पर भारी बिकवाली हो सकती है।'' मेर ने कहा, ''चांदी में अभी सीमित दायरे में घट-बढ़ हो रही है। लेकिन इसमें भारी अस्थिरता देखी जा रही है। इसका कारण सोने और तांबा तथा जस्ता जैसी



औद्योगिक धातुओं में सीमित दायरे में घट-बढ़ के कारण इसके लाभ सीमित हैं।'' पिछले सप्ताह घरेलू बाजार में सर्राफा वायदा में भारी उतार-चढ़ाव देखने को मिला। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज में चांदी 14,359 रुपये यानी 5.08 प्रतिशत टूटी, जबकि सोना 470 रुपये यानी 0.3 प्रतिशत फिसला। एंजल वन के गैर-कृषि जिंस और मुद्रा विभाग के शोध मामलों के डिप्टी वाइस प्रेसिडेंट प्रथमेश एम ने कहा, ''पिछले सप्ताह सोने की कीमत 1.59 लाख से 1.70 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में रही। उन्होंने कहा कि वैश्विक स्तर पर तनाव, एशियाई मांग, केंद्रीय बैंकों की मजबूत खरीद, अमेरिकी ट्रेजरी बॉन्ड का उच्च प्रतिफल और डॉलर की मजबूती सर्राफा बाजार में कीमतों को प्रभावित करने वाले प्रमुख कारक बने हुए हैं।

## ईरान संघर्ष के बीच भारत ने कच्चे तेल की आपूर्ति के लिए वैकल्पिक स्रोतों का रुख किया

**नयी दिल्ली :** पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के लंबा खिंचने की आशंका के बीच भारतीय खुदरा ईंधन कंपनियों ने अमेरिका, रूस और पश्चिम अफ्रीका से अतिरिक्त कच्चे तेल के लिए बातचीत शुरू कर दी है। उद्योग अधिकारियों और विश्लेषकों ने यह जानकारी दी। कच्चे तेल को पेट्रोल और डीजल जैसे ईंधनों में परिशोधित करने वाली रिफाइनरियों ने फिलहाल अपनी प्रस्तावित मरम्मत बंदी को टाल दिया है और सामान्य परिचालन दर बनाए रखी है ताकि देश की तात्कालिक जरूरतों के लिए पर्याप्त बफर स्टॉक बना रहे। भारत अपनी कच्चे तेल की जरूरतों का लगभग 88 प्रतिशत आयात करता है। फरवरी में इस आपूर्ति का लगभग आधा हिस्सा 'होर्मुज जलडमरूमध्य' से होकर




आया था, जो ईरान और ओमान के बीच एक महत्वपूर्ण समुद्री मार्ग है। ईरान, इजराइल और अमेरिका के बीच बढ़ते सैन्य तनाव के कारण इस रणनीतिक मार्ग से टैंकरों की आवाजाही लगभग ठप हो गई है। पेट्रोलियम मंत्रालय के एक उच्च पदस्थ सूत्र ने बताया, हम उन क्षेत्रों से अधिक आपूर्ति ले रहे हैं जो संघर्ष क्षेत्र से बाहर हैं। वर्ष 2025 में गैर-होर्मुज स्रोतों की हिस्सेदारी 60 प्रतिशत थी, जो अब बढ़कर 70 प्रतिशत हो गई है। भारतीय रिफाइनरियां अब पश्चिम अफ्रीका, लातिन अमेरिका और अमेरिका से तेल ले रही हैं। साथ ही, अमेरिकी ट्रेजरी (वित्त) विभाग द्वारा रूसी तेल की बिक्री और वितरण के लिए दी गई 30 दिनों की छूट ने एक नया रास्ता खोल दिया है। इस छूट के तहत पांच मार्च तक जहाजों पर लदे रूसी तेल को पांच अप्रैल तक बिना प्रतिबंधों के भारत पहुंचने की अनुमति दी गयी है। रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचपीसीएल और एचपीसीएल-मित्तल एनर्जी लिमिटेड जैसी कंपनियों ने रूसी तेल की खरीद फिर से शुरू कर दी है।



# ईरान संकट : पाकिस्तान में ईंधन खरीदने की होड़ में पेट्रोल पंप पर गोलीबारी, एक व्यक्ति की मौत

**लाहौर :** अमेरिका-ईरान संघर्ष के कारण पाकिस्तान में ईंधन की कमी की आशंका से मची अफरा-तफरी के बीच पेट्रोल पंप पर विवाद में ग्राहकों द्वारा की गई गोलीबारी में एक व्यक्ति की मौत हो गई और दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि यह घटना शनिवार को लाहौर से लगभग 100 किलोमीटर दूर सियालकोट में हुई, जब दस्का रोड पर एक पेट्रोल पंप पर ग्राहकों और कर्मचारियों के बीच कहासुनी हो गई। पुलिस के अनुसार, अमेरिका-ईरान संघर्ष के बीच होर्मुज जलडमरूमध्य के बंद



होने के बाद तेल आपूर्ति को लेकर बढ़ती चिंताओं के कारण पेट्रोल पंपों पर वाहनों की लंबी कतारें लग गई थीं। पुलिस के मुताबिक, एक कार से आए दो व्यक्तियों ने अपनी गाड़ी में पेट्रोल भरवाया और फिर पेट्रोल पंप के कर्मचारी को अपने साथ लाए दो डिब्बों में पेट्रोल भरने को कहा। पेट्रोल पंप कर्मचारी ने यह कहते हुए मना कर दिया कि सरकारी नीति के तहत डिब्बों में पेट्रोल भरना मना है। पुलिस अधिकारी दोस्त मोहम्मद ने कहा, ''इससे पेट्रोल पंप के कर्मचारियों और कार सवार लोगों के बीच कहासुनी हो गई।'' उन्होंने बताया कि कार सवार उन्हें गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी देकर वहां से चले गए। पुलिस अधिकारी ने कहा, ''लगभग एक घंटे बाद, कार सवार हथियारों के साथ आए, पेट्रोल पंप के कर्मचारियों पर हमला किया और उन पर गोलियां चलाईं, जिससे तीन कर्मचारी गंभीर रूप से घायल हो गए।'' उन्होंने बताया कि घायलों में शामिल 25 वर्षीय मोहम्मद सिबतैन ने अस्पताल में दम तोड़ दिया, जबकि अन्य दो की हालत गंभीर बनी हुई है।

### सीमा पर जारी अभियान में 583 अफगान तालिबान आतंकवादी मारे गए: पाकिस्तान

**इस्लामाबाद :** पाकिस्तान के सुरक्षा बलों ने पिछले महीने सीमा पर शुरू किए गए सैन्य अभियान में 583 अफगान तालिबान आतंकवादियों को मार गिराया है। रविवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों से यह जानकारी प्राप्त हुई। अफगान तालिबान द्वारा सीमावर्ती इलाकों में 53 स्थानों पर हमले के बाद पाकिस्तान ने 26 फरवरी को ऑपरेशन गजब-लिल-हक शुरू किया। सूचना मंत्री अत्ताउल्लाह तरार ने सोशल मीडिया पर अपडेट देते हुए कहा कि तालिबान को हुए नुकसान में 583 लोग मारे गए और 795 घायल हुए हैं। उन्होंने यह भी कहा कि पाकिस्तान ने मौजूदा अभियान के दौरान तालिबान की 242 चौकियों को नष्ट कर दिया, जबकि 38 अन्य चौकियों पर कब्जा कर लिया गया और बाद में उन्हें नष्ट कर दिया गया। तरार ने कहा कि तालिबान के 213 टैंक, बख्तरबंद वाहन और तोपें नष्ट कर दी गई हैं और अफगानिस्तान भर में 64 स्थानों को हवाई हमले से प्रभावी ढंग से निशाना बनाया गया है।

### आईरिस देना' के 22 ईरानी नाविकों को श्रीलंका के अस्पताल से छुट्टी मिली

**कोलंबो :** अमेरिकी हमले में क्षतिग्रस्त हुए ईरानी नौसेना पोत 'आईरिस देना' के कम से कम 22 नाविकों को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है। अस्पताल अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया, ''भारी सुरक्षा के बीच ईरानी सैन्यकर्मियों को एंबुलेंस से गाले के बाहरी इलाके कोग्गला स्थित श्रीलंका वायु सेना केंद्र भेजा गया।'' करापितिया स्थित राष्ट्रीय अस्पताल गाले में 10 अन्य नाविकों का इलाज किया जा रहा है। श्रीलंका के दक्षिणी तट पर स्थित गाले के पास एक अमेरिकी पनडुब्बी के टॉरपीडो से किए गए हमले में ईरानी नौसेना के पोत आईरिस देना के डूब जाने के बाद उन्हें बुधवार को अस्पताल में भर्ती कराया गया। श्रीलंका ने बुधवार को कहा कि उसने हमले में मारे गए 84 ईरानी नाविकों के शव बरामद किए हैं। नौसैनिक पोत समीक्षा अभ्यास के बाद भारत के विशाखापत्तनम से स्वदेश लौट रहा था। श्रीलंका ने शनिवार को कहा कि उनके शवों को वापस स्वदेश भेजने के लिए कदम उठाए जा रहे हैं।

## शंघाई में भारतीय महावाणिज्य दूतावास ने वसंत कार्यक्रम का आयोजन किया

**बीजिंग :** शंघाई स्थित भारतीय वाणिज्य दूतावास ने 'इंडियन कल्चर सेंटर' में भारतीय शास्त्रीय संगीत और नृत्य के साथ 'वसंत बैठक' का आयोजन किया। इस कार्यक्रम का आयोजन चार मार्च को किया गया, जिसमें विविध पृष्ठभूमि के 1,000 से अधिक लोग शामिल हुए। वाणिज्य दूतावास द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, उपस्थित लोगों में राजनयिक, विशिष्ट अतिथि, भारतीय समुदाय के लोग और दुनिया भर से आये भारत के मित्र शामिल थे, जिन्होंने सांस्कृतिक आदान-प्रदान और सद्भाव को बढ़ावा दिया। कार्यक्रम ने शंघाई में रहने वाले बड़ी संख्या में चीनी नागरिकों को भी आकर्षित किया जिससे यह शहर में वाणिज्य दूतावास द्वारा



आयोजित अब तक का सबसे बड़ा आयोजन बन गया। महावाणिज्यदूत प्रतीक माथुर ने इस अवसर के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा, ''वसंत नवजीवन, रंगों और आनंद का मौसम है।''

## बहरीन में ईरानी ड्रोन हमले में विलवणीकरण संयंत्र को नुकसान पहुंचा

**दुबई :** बहरीन ने आरोप लगाया कि ईरान के ड्रोन हमले से उसके एक विलवणीकरण संयंत्र को नुकसान पहुंचा है। नौ दिनों के युद्ध के दौरान किसी अरब देश द्वारा ईरान के किसी विलवणीकरण (खारे पानी को पीने योग्य बनाना) संयंत्र को निशाना बनाने की घटना की जानकारी देने का यह पहला मामला है। फारस की खाड़ी के तट पर सैकड़ों विलवणीकरण संयंत्र स्थित हैं और इस क्षेत्र के अरब देश पीने के पानी के लिए इन संयंत्रों पर बहुत अधिक निर्भर हैं। पश्चिम एशिया में



जारी युद्ध के नौवें दिन इजराइल ने रविवार तड़के दक्षिणी लेबनान पर हमले तेज कर दिए और इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने युद्ध के अगले चरण में ''कई आश्चर्यजनक कदम उठाए जाने'' की चेतावनी दी। इस बीच, बहरीन ने कहा कि ईरान के ड्रोन हमले से उसके एक विलवणीकरण संयंत्र को नुकसान पहुंचा है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और नेतन्याहू ने नौ दिन पुराने अभियान को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया है, जिसका असर पूरे क्षेत्र में फैल चुका है और फिलहाल इसका कोई अंत नजर नहीं आ रहा है। ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियान ने रविवार को पश्चिम एशिया में अमेरिकी ठिकानों पर हमले तेज करने की धमकी दी।

### भारत ने सऊदी अरब में अपने नागरिकों को मदद का आश्वासन दिया

**दुबई :** सऊदी अरब में भारत के राजदूत सुहेल एजाज खान ने रविवार को भारतीय समुदाय के प्रतिनिधियों के साथ डिजिटल माध्यम से बातचीत की और ईरान पर अमेरिका-इजराइल के संयुक्त हमलों के बाद उन्हें सहायता का आश्वासन दिया। खान के साथ मिशन के उप प्रमुख अबू मथेन जॉर्ज और काउंसलर (सामुदायिक कल्याण) वाई साबिर भी थे। सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर किए गए एक पोस्ट के अनुसार, राजदूत ने समुदाय को आश्वासन दिया कि दूतावास जरूरतमंद भारतीय नागरिकों को हरसंभव सहायता देने के लिए तैयार है। खान ने समुदाय के प्रतिनिधियों को दूतावास की हालिया पहल के बारे में भी जानकारी दी, जिसमें त्वरित सहायता प्रदान करने के लिए 24 घंटे चालू रहने वाले नियंत्रण कक्ष की स्थापना शामिल है। समुदाय के प्रतिनिधियों ने दूतावास की पहल और सहयोग की सराहना की। भारतीय मिशन ने सऊदी अरब में रविवार को अपने नागरिकों के लिए परामर्श जारी किया कि वे सतर्क रहें और सुरक्षा दिशानिर्देशों का पालन करें। उनसे यह भी कहा गया है कि वे स्थानीय अधिकारियों द्वारा जारी सलाह का सावधानीपूर्वक अनुसरण करें। यह परामर्श अमेरिका और ईरान के बीच टकराव के मद्देनजर जारी किया गया है।

## नेपाल चुनाव में आरएसपी ऐतिहासिक जीत की ओर अग्रसर, बालेन शाह के अगले प्रधानमंत्री बनने की संभावना

**काठमांडू :** नेपाल में रैपर से नेता बने बालेंद्र शाह की राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी (आरएसपी) रविवार को आम चुनाव में शानदार जीत की ओर अग्रसर है जिसमें पारंपरिक पार्टियों को करारी हार का सामना करना पड़ा। नेपाल के निर्वाचन आयोग (ईसी) के अनुसार, वर्ष 2022 में गठित आरएसपी ने उन 165 सीट में से 120 सीट पर पहले ही जीत हासिल कर ली है जिनके लिए प्रत्यक्ष मतदान प्रक्रिया के तहत निर्वाचन किया जाता है। जबकि प्रतिनिधि सभा के चुनाव में पार्टी छह अन्य सीट पर आगे है। शाम साढ़े पांच बजे तक निर्वाचन आयोग द्वारा 165 सीट में से 156 सीट के परिणाम घोषित किए जा चुके हैं।



निर्वाचन आयोग के अधिकारियों ने बताया कि केवल नौ सीट के परिणाम घोषित किए जाने बाकी हैं और यह प्रक्रिया रविवार देर रात या सोमवार सुबह तक पूरी हो सकती है। बृहस्पतिवार को मतदान समाप्त होने के तुरंत बाद मतगणना शुरू हो गई और शनिवार को परिणाम घोषित होने शुरू हो गए, जिनमें से एक प्रमुख परिणाम यह था कि प्रधानमंत्री पद के लिए आरएसपी के उम्मीदवार बालेन (35) ने झापा-5 निर्वाचन क्षेत्र में नेपाल की सबसे बड़ी पार्टियों में से एक - सीपीएन-यूएमएल - के अध्यक्ष और चार बार के प्रधानमंत्री के पी शर्मा ओली को लगभग 50,000 वोट के भारी अंतर से हराया। बालेन का नेपाल का अगला प्रधानमंत्री बनने की संभावना है। वहीं, इस चुनाव में आरएसपी की जीत देश में स्थापित दलों को जनता द्वारा नकारे जाने को दर्शाती है। बालेन हिमालयी देश के पहले मधेसी प्रधानमंत्री होंगे और साथ ही नेपाल के संसदीय इतिहास में सर्वोच्च पद पर आसीन होने वाले सबसे युवा व्यक्ति भी होंगे।

## अंतरराष्ट्रीय कानून निष्प्रभावी हुए, यूएनएससी का 'पी-5' शिखर सम्मेलन बुलाया जाए : रूस

**मास्को :** रूस ने कहा है कि ईरान पर अमेरिका-इजराइल के हमले के बाद पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच अंतरराष्ट्रीय कानून निष्प्रभावी हो गए हैं। उसने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) के पांच स्थायी सदस्यों (पी-5) का शिखर सम्मेलन बुलाने के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के प्रस्ताव पर अमल करने का आह्वान किया। क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने कहा कि मौजूदा वैश्विक स्थिति पुतिन के उस प्रस्ताव पर फिर से विचार करने की आवश्यकता को रेखांकित करती है, जो उन्होंने कोविड-19 महामारी से पहले दिया था, जिसमें वैश्विक सुरक्षा और स्थिरता पर चर्चा करने के लिए पी-5 (रूस, अमेरिका, चीन, फ्रांस और ब्रिटेन) के शिखर सम्मेलन का आह्वान किया गया था। पेस्कोव ने सरकारी टीवी चैनल रॉसिया को दिए एक इंटरव्यू में कहा, हम सबने अंतरराष्ट्रीय कानून नाम की चीज़ खो दी है... मुझे तो यह भी समझ नहीं आता कि किसी से अंतरराष्ट्रीय कानून के नियमों और सिद्धांतों का पालन करने की उम्मीद कैसे की जा सकती है।

### इजराइल-हिजबुल्ला संघर्ष में 83 बच्चों समेत 394 लोगों की मौत : लेबनान के स्वास्थ्य मंत्री

**दुबई :** लेबनान के स्वास्थ्य मंत्री ने रविवार को कहा कि इजराइल और चरमपंथी समूह हिजबुल्ला के बीच पिछले सप्ताह शुरू हुए संघर्ष में अब तक 83 बच्चों सहित 394 लोगों की मौत हो चुकी है। हिजबुल्ला की ओर से संघर्ष के शुरुआती दिनों में उत्तरी इजराइल की ओर रॉकेट दागे जाने के बाद इजराइल ने पिछले सप्ताह अपने हमले फिर से शुरू कर दिए।

## कराची स्थित अमेरिकी वाणिज्य दूतावास में सुरक्षा बढ़ाई गई

**कराची :** इजराइल-अमेरिका के हमले में ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत के विरोध में, पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच हाल में हुई झड़पों के बाद पाकिस्तान के सिंध प्रांत की सरकार ने अमेरिकी वाणिज्य दूतावास में पुलिस और अर्धसैनिक बलों की तैनाती बढ़ाकर 1,000 से अधिक कर दी है। कराची में अमेरिकी वाणिज्य दूतावास का सुरक्षा घेरा तोड़ने की कोशिश में एक मार्च को 12 से अधिक प्रदर्शनकारी मारे गए और लगभग 47 अन्य घायल हो गए। लाहौर और इस्लामाबाद में भी



इसी तरह के प्रदर्शन हुए थे। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने रविवार को बताया कि वाणिज्य दूतावास पर हमले के बाद पुलिस और रेंजर्स कर्मियों की संख्या लगभग 100 से बढ़ाकर 1,088 कर दी गई है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अमजद अहमद शेख ने बताया कि पिछले रविवार को करीब 300 लोगों की भीड़ द्वारा की गई हिंसा के बाद सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई है। सरकार ने इस घटना की जांच के लिए एक न्यायिक जांच आयोग का गठन किया है, जिसकी पहली बैठक शनिवार को हुई। वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने बताया कि पुलिस ने 150 से 200 अज्ञात प्रदर्शनकारियों के खिलाफ आतंकवाद, हत्या और हत्या के प्रयास के तीन मामले दर्ज किए हैं और जांच के लिए एक समिति का गठन किया है।

# 'स्काय इज द लिमिट' : विश्व कप विजेता कप्तान सूर्यकुमार ने आलोचकों को गलत साबित किया



**अहमदाबाद :** तिलक वर्मा ने जैसे ही जैकब डफी का कैच लपककर टी20 विश्व कप में भारत की खिताबी जीत पर मुहर लगाई, कप्तान सूर्यकुमार यादव के चेहरे पर एक शरारती मुस्कान दौड़ गई। कई मिथक तोड़कर मिली खिताबी जीत की मुस्कान। यह मुस्कान उस कप्तान की थी जिसने बतौर बल्लेबाज खराब प्रदर्शन के लिये आलोचना झेलने के बावजूद खिताबी जीत दिलाकर आलोचकों का मुंह बंद किया। वैसे जीत हो या हार, सूर्यकुमार भावनाओं पर काबू रखना बखूबी जानते हैं। विश्व कप से पहले द्विपक्षीय श्रृंखला में न्यूजीलैंड से मिली हार और पिछले दो साल में बड़ी पारी नहीं खेलने के कारण आलोचना से सूर्यकुमार पर भारी दबाव था। उनसे पहले अपनी सरजमीं पर सिर्फ महेंद्र सिंह धोनी ने भारत को 2011 में वनडे विश्व कप दिलाया था। कपिल देव (1987) और रोहित शर्मा (2023) भारत में विश्व कप नहीं जीत सके थे। रोहित शर्मा की कप्तानी में भारत ने 2024 में वेस्टइंडीज में टी20 विश्व कप जीता था। सूर्यकुमार की मुंबई के ही रोहित से तुलना लाजमी थी। लेकिन सूर्यकुमार का एक ही मंत्र था कि दबाव नहीं लेने का। टूर्नामेंट के दौरान उनकी प्रेस कांफ्रेंस में यह साफ था। चाहे अभिषेक शर्मा को लेकर सवाल हो या कुलदीप यादव के बारे में, उन्होंने चुटीले जवाब मुस्कुराते हुए दिये। सूर्यकुमार ने टीम में भी कभी 'सूर्या दादा' यानी बड़ा भाई बनने की कोशिश नहीं की बल्कि सभी को अपना रास्ता खुद बनाने की आजादी दी। उन्होंने फाइनल से पहले प्रेस कांफ्रेंस में कहा था, ''मैं कप्तान बनने के पांच छह महीने के भीतर टीम को समझने लगा और जुड़ने लगा। फिर मुझे लगा कि बड़ा भाई या पिता बनने की जरूरत नहीं है। उन्हें खुद अपना रास्ता तय करने की आजादी देनी चाहिये।' यह रोहित की शैली से बिल्कुल अलग था जो गलत होने पर डांटने से नहीं हिचकिचाते थे। लेकिन सूर्यकुमार ने कहा, ''मैने रोहित के साथ काफी क्रिकेट खेली है। मुझे पता है कि वह कैसे काम करता था। मैने उन्हीं चीजों को अपने तरीके से अपनाया।'' अपनी बल्लेबाजी, कप्तानी और भाव भंगिमा, सभी में सूर्यकुमार अलग हैं। लेकिन जब वह खेल से विदा लेंगे तो उनका नाम एम एस धोनी, रोहित और कपिल देव के साथ लिया जायेगा। भारत को विश्व कप जिताने वाला कप्तान। एक आम आदमी का कप्तान।

## एक महान टीम ने हमे हराया : सेंटनेर

भारत से फाइनल में 96 रन से मिली हार के बाद न्यूजीलैंड के कप्तान मिचेल सेंटनेर ने कहा कि टी20 विश्व कप के फाइनल में उनकी टीम को एक महान टीम ने हराया। सेंटनेर ने मैच के बाद कहा ,'' आज हमें एक महान टीम ने बेहतरीन दर्शकों के सामने हरा दिया।'' उन्होंने कहा ,'' यह अच्छी विकेट थी। हम पावरप्ले में कुछ विकेट लेते तो भारत को 220 तक रोक सकते थे। यह अच्छा लक्ष्य होता।'' उन्होंने कहा ,'' लगातार फाइनल्स हारना अच्छा नहीं है। भारत को हराना हमेशा चुनौतीपूर्ण होता है। हम अंडरडॉग थे।'' उन्होंने कहा ,'' भारत को अपनी सरजमीं पर खिताब जीतने के लिये बधाई। मुझे लगता है कि स्काय (सूर्यकुमार यादव) और टीम को अपने प्रदर्शन पर गर्व होगा।''

## राष्ट्रपति मुर्मू ने टीम इंडिया को टी20 विश्व कप जीतने पर बधाई दी

**नयी दिल्ली :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने रविवार को भारतीय क्रिकेट टीम को आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप जीतने पर बधाई दी और कहा कि इस सामूहिक जीत के लिए टीम का हर खिलाड़ी, पूरा प्रबंधन और सहयोगी स्टाफ तारीफ का हकदार है। राष्ट्रपति ने कहा कि भारतीय टीम को तीन बार टी20 विश्व कप जीतने वाला एकमात्र देश बनने का गौरव प्राप्त हुआ और भारत लगातार दो खिताब जीतने वाली भी एकमात्र टीम है।

## प्रधानमंत्री मोदी ने दी बधाई

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को लगातार दूसरा आईसीसी टी20 विश्व कप जीतने वाली भारतीय टीम को बधाई दी। भारत ने अहमदाबाद में हुए फाइनल में न्यूजीलैंड को 96 रन से हराकर लगातार दूसरी आईसीसी टी20 विश्व कप ट्रॉफी अपने नाम की जो उसका तीसरा टी20 विश्व कप खिताब है। मोदी ने 'एक्स' पर लिखा, ''चैंपियंस! आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप जीतने पर भारतीय टीम को हार्दिक बधाई।'' उन्होंने लिखा, ''यह शानदार जीत उनके असाधारण कौशल, दृढ़ संकल्प और टीमवर्क को दर्शाती है। पूरे टूर्नामेंट के दौरान उन्होंने बेहतरीन जज्बा दिखाया।'' उन्होंने लिखा, ''इस जीत ने हर भारतीय के दिल को गर्व और खुशी से भर दिया है। शाबास, टीम इंडिया। ''

## बुमराह एक राष्ट्रीय धरोहर हैं: सूर्यकुमार यादव



भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने रविवार को तीसरा आईसीसी टी20 विश्व कप खिताब जीतने के बाद जसप्रीत बुमराह को उनकी शानदार गेंदबाजी के लिए 'राष्ट्रीय धरोहर' करार दिया जो इस करिश्माई तेज गेंदबाज के लिए सबसे उपयुक्त उपमा मानी जा सकती है। न्यूजीलैंड के खिलाफ 96 रन से जीत के साथ सूर्यकुमार की टीम पुरुष क्रिकेट में लगातार विश्व टी20 खिताब जीतने वाली पहली टीम बन गई और साथ ही घरेलू मैदान पर ट्रॉफी जीतने वाली भी पहली टीम बनी। सूर्यकुमार ने मैच के बाद पुरस्कार वितरण समारोह में कहा, ''बुमराह एक पीढ़ी में एक बार आने वाले गेंदबाज हैं। मैं उन्हें राष्ट्रीय धरोहर कह सकता हूं। उन्हें पता है कि विकेट कैसे झटके जा सकते हैं, वह इस खेल के सबसे बेहतरीन खिलाड़ी हैं।'' बुमराह ने फाइनल में चार ओवर में 15 रन देकर चार विकेट झटककर शानदार गेंदबाजी की और न्यूजीलैंड को 159 रन पर आउट करने में अहम भूमिका निभाई। सूर्यकुमार ने कहा, ''मुझे लगता है अभी थोड़ा समय लगेगा, लेकिन मैं निश्चित रूप से बहुत खुश हूं। यह लंबा सफर रहा है। यह 2024 विश्व कप के बाद शुरू हुआ। जय शाह, रोहित भाई, उन्होंने मुझमें विश्वास दिखाया और मुझे नेतृत्व करने का मौका दिया। वहां से यह लंबा सफर रहा और यहां आकर जीत हासिल करना सुखद है। '' कप्तान ने अपने खिलाड़ियों की जमकर प्रशंसा की जिन्होंने टीम को अभूतपूर्व सफलता दिलाने में मदद की।

## मुश्किल पिच पर पहाड़ जैसे स्कोर के बाद टीम इंडिया की गेंदबाजी छाई

भारतीय टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए रविवार को न्यूजीलैंड को 96 रन से हराकर तीसरी बार टी20 विश्व कप का खिताब जीत लिया। कप्तान सूर्यकुमार यादव की अगुआई में टीम इंडिया ने नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेले गए फाइनल में हर विभाग में दबदबा बनाकर भारतीय क्रिकेट के इतिहास में एक और स्वर्णिम अध्याय जोड़ दिया। पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किए जाने पर भारत ने संजू सैमसन और अभिषेक शर्मा की विस्फोटक पारियों की बदौलत पांच विकेट पर 255 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। सैमसन ने 46 गेंदों में 89 रन की यादगार पारी खेली, जिसमें आठ शानदार छक्के शामिल थे। वहीं अभिषेक शर्मा ने 21 गेंदों में 52 रन बनाकर टीम को तेज शुरुआत दिलाई। दोनों ने मिलकर पावरप्ले में ही रन गति को तेज करते हुए जीत की मजबूत नींव रख दी। अभिषेक और सैमसन की आक्रामक बल्लेबाजी के बाद ईशान किशन ने भी चार छक्कों और चार चौकों की मदद से तेजतर्रार पारी खेली। सैमसन और ईशान ने तीसरे विकेट के लिए 48 गेंदों में 105 रन की साझेदारी कर भारत को 200 के पार पहुंचाया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी न्यूजीलैंड की टीम भारतीय गेंदबाजों के सामने टिक नहीं सकी और 159 रन पर सिमट गई। जसप्रीत बुमराह ने शानदार गेंदबाजी करते हुए चार ओवर में केवल 15 रन देकर चार विकेट झटके और मैच के नायक बने। इस जीत के साथ भारत लगातार दूसरी बार टी20 विश्व कप जीतने वाली पहली पुरुष अंतरराष्ट्रीय टीम भी बन गई। कप्तान सूर्यकुमार यादव ने महेंद्र सिंह धोनी और रोहित शर्मा के बाद टी20 विश्व कप जीतने वाले भारतीय कप्तानों की सूची में अपना नाम दर्ज कराया। भारत की यह ऐतिहासिक जीत देशभर के क्रिकेट प्रशंसकों के लिए गर्व का क्षण बन गई और लंबे समय तक याद रखी जाएगी।

## आलिंगन, आंसू और वंदे मातरम के शोर के बीच मना विश्व कप जीतने का जश्न



भारत के तीसरी बार टी20 विश्व कप जीतने के बाद मैदान पर खिलाड़ियों ने जिस तरह से जश्न मनाया, आने वाले कई दिनों तक सोशल मीडिया पर इसके वीडियो, रील और तस्वीरें छाई रहेंगी। मसलन हार्दिक पंड्या तिरंगे के साथ मैदान में घूमे तो अर्शदीप सिंह ने मैच के दौरान अनजाने में थ्रो फेंकने के लिये डेरिल मिचेल से माफी मांगी , ईशान किशन ने नम आंखों के साथ अक्षर पटेल को गले लगा लिया तो 'प्लेयर आफ द टूर्नामेंट' बने संजू सैमसन को साथी खिलाड़ियों ने घेर लिया। अर्शदीप ने कमेंटेटर हर्षा भोगले से बातचीत में कहा कि वह अपने लोकप्रिय इंस्टाग्राम अकाउंट के लिये कुछ रील्स बना रहे हैं। अपनी भावनाओं को जाहिर नहीं होने देने वाले मुख्य कोच गौतम गंभीर को डगआउट में सभी ने बधाई

## कौन क्या बोला ?

### हार्दिक ने माहिका को दिया श्रेय

हार्दिक पांड्या ने कहा, ''मेरे लिए यह पांचवां कम बैक था। मैं क्रिकेट इसीलिए खेला हूं। बारबाडोस के बाद तय किया था कि जो ट्रॉफी खेलूंगा, उसे जीतना चाहूंगा। इस जीत के पीछे बहुत सारी मेहनत है। मुझे भी सिर्फ मेहनत आती है। माहिका जब से आई है, तब से जिंदगी में जीत ही जीत की बात हुई है। माहिका का खास तौर पर जिक्र करना चाहूंगा। इनका सबसे बड़ा सपोर्ट है। मेरे सपोर्ट स्टाफ ने भी बहुत मेहनत की। लोगों को जो हार्दिक पांड्या दिखता है, उसके पीछे इन लोगों की मेहनत है। मेरा आधा करियर बाकी है। मैं कम से कम 10 ट्रॉफी जीतना चाहूंगा। कल से मुझे पता था कि हम चैंपियन हैं। माहिका से भी कहा था कि चिंता मत करो, हम ही जीतेंगे। अभिषेक और ईशान से भी मैंने आज कहा कि याद करो कि जिंदगी में सबसे अच्छा लम्हा क्या था। उसे याद करो और खेलो। संजू सैमसन पर हमें गर्व है।''

### अर्शदीप ने मिचेल से मांगी थी माफी

फाइनल मैच के दौरान माहौल उस वक्त गर्म हो गया था जब अर्शदीप सिंह और न्यूजीलैंड के बल्लेबाज डेरिल मिचेल के बीच नोकझोंक हुई। इस विवाद को लेकर अर्शदीप ने कहा, मैं तुरंत भागकर मिचेल से माफी मांगने गया था। जब मैंने गेंद फेंकी तो वह रिवर्स स्विंग हो गई और थ्रो में उन्हें लग गई। अभी तो जीत की खुशी बहुत अच्छी लग रही है, लेकिन असली अहसास शायद अगले दो-चार दिनों में आएगा। यह बहुत शानदार टीम है, जिसमें कई मैच जिताने वाले खिलाड़ी हैं। एक गेंदबाज के तौर पर हमारी भूमिका साफ होती है। अगर हमारी टीम 250 रन बनाती है तो प्रतिद्वंद्वी टीम को 250 से नीचे रोकना है और अगर पहले गेंदबाजी कर रहे हों, तो उन्हें जितना कम हो सके उतने स्कोर पर रोकना है। अभिषेक जब कल नेट में अभ्यास कर रहा था, तभी लग गया था कि अभिषेक बड़ी पारी खेलने वाला है।

### मैने सचिन सर से लंबी बातचीत की थी : संजू सैमसन

संजू सैमसन ने टी20 विश्व कप में अपने शानदार प्रदर्शन का श्रेय सचिन तेंदुलकर से लंबी बातचीत को देते हुए कहा कि पिछले दो महीने से वह लगातार इस महान बल्लेबाज के संपर्क में थे। सैमसन को पिछले तीन मैचों में शानदार प्रदर्शन के लिये 'प्लेयर आफ द टूर्नामेंट' चुना गया। सैमसन ने कहा,''पिछले दो महीने से मैं सचिन सर से लगातार संपर्क में था। मैने उनसे लंबी बात की। उनसे मार्गदर्शन मिलने से बेहतर क्या हो सकता है।'' उन्होंने कहा,''जिसने भी मेरा समर्थन किया, मैं उनका शुक्रगुजार हूं।'' विश्व कप से पहले खराब फॉर्म से जूझ रहे सैमसन ने कहा,''यह सपने जैसा है। मैं बहुत खुश हूं। मेरे पास शब्द या भाव नहीं है।'' उन्होंने कहा, ''ईमानदारी से कहूं तो इसकी शुरूआत एक दो साल पहले हुई। जब मैं 2024 विश्व कप टीम में था लेकिन खेला नहीं। मैं सोचता रहा और काम करता रहा। न्यूजीलैंड श्रृंखला के बाद मैं टूट गया था, मेरे सपने टूट गए थे।''

### जब खुद पर शक होने लगा था तब कप्तान और कोच को मुझ पर भरोसा था : अभिषेक

विस्फोटक सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने रविवार को भारतीय टीम प्रबंधन का धन्यवाद किया जिन्होंने टी20 विश्व कप के दौरान उनके खराब प्रदर्शन के बावजूद उन पर पूरा भरोसा बनाए रखा जबकि एक समय उन्हें खुद अपनी क्षमता पर संदेह होने लगा था। मैच के बाद अभिषेक ने कहा, ''एक बात बिल्कुल साफ थी, जिसे मैं पहले भी साझा करना चाहता था, लेकिन आज सबसे सही दिन है। कप्तान और कोच को मुझ पर भरोसा था। यहां तक कि मुझे खुद पर शक होने लगा था। मैंने पहले कभी ऐसा अनुभव नहीं किया था, यह मेरे लिए मुश्कल टूर्नामेंट था।'' उन्होंने कहा, ''मैं बस अपनी प्रक्रिया पर ध्यान दे रहा था और हर मैच को एक-एक करके लेने की कोशिश कर रहा था, लेकिन यह आसान नहीं था। मुझे इस टीम से प्यार है क्योंकि उन्होंने जिस तरह से मेरा साथ दिया, वह खास है। पूरे साल मैं टीम के लिए अच्छा कर रहा था, लेकिन बड़े टूर्नामेंट में वैसा प्रदर्शन नहीं कर पा रहा था।''

### सूर्यकुमार एंड कंपनी के विस्फोटक क्रिकेट का कोई मुकाबला नहीं: कोहली

महान क्रिकेटर विराट कोहली ने रविवार को भारत की लगातार दो बार टी20 विश्व कप की जीत की ऐतिहासिक उपलब्धि की प्रशंसा करते हुए कहा कि सूर्यकुमार यादव और उनकी टीम द्वारा खेले गए धमाकेदार क्रिकेट का कोई मुकाबला नहीं है। कोहली ने जून 2024 में बारबाडोस में आईसीसी खिताब दिलाने के बाद खेल के छोटे प्रारूप से संन्यास की घोषणा की थी। कोहली ने 'एक्स' पर लिखा, ''चैंपियन। अहमदाबाद में टीम इंडिया के लिए शानदार जीत। पूरे टूर्नामेंट में हमारी टीम के धमाकेदार क्रिकेट का कोई मुकाबला नहीं। लड़कों ने मुश्किल परिस्थितियों में लड़ते हुए विश्व चैंपियन बनने के लिए बेहतरीन जज्बा और साहस दिखाया। सभी खिलाड़ियों और प्रबंधन टीम के सदस्यों को इस उपलब्धि के लिए बधाई। जय हिंद।'' महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर ने कहा कि भारत ट्रॉफी जीतने का हकदार था। उन्होंने कहा, ''टी20 प्रारूप में किसी भी टीम द्वारा पहली बार लगातार दो बार विश्व कप जीतना। पूरी तरह से ट्रॉफी के हकदार। हमारी टीम ने शानदार प्रदर्शन किया। बधाई टीम इंडिया। जय हिंद।'' भारत के दबदबे को प्रतिद्वंदी टीमों ने भी स्वीकार किया जिनमें वेस्टइंडीज के मुख्य कोच डैरेन सैमी शामिल हैं। सैमी ने कहा, ''मैंने पहले कहा था कि आईसीसी टी20 विश्व कप जीतने के लिए आपको नॉकआउट मैच में भारत को हराना होगा। कोई टीम ऐसा नहीं कर सकी। बीसीसीआई को उनकी तीसरी विश्व कप टी20 ट्रॉफी के लिए बधाई। न्यूजीलैंड के लिए निराशा-जनक जिन्हें हार का सामना करना पड़ा।'' दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज डेल स्टेन ने भी भारतीय टीम को बधाई दी।



# पॉप स्टार रिकी मार्टिन ने टी20 विश्व कप के समापन समारोह में धूम मचाई



**अहमदाबाद :** दुनिया भर में मशहूर पॉप आइकन और दो बार के ग्रैमी विजेता रिकी मार्टिन ने रविवार को यहां आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप फाइनल से पहले आयोजित समापन समारोह में अपने हिट गाने 'लिविन ला विदा लोका' और 'द कप ऑफ लाइफ' से मंच पर धूम मचा दी। मार्टिन के साथ भारतीय गायक सुखबीर और फाल्गुनी पाठक ने भी दर्शकों का मनोरंजन किया।अहमदाबाद में भारत और न्यूजीलैंड के बीच फाइनल मुकाबले से पहले तीनों गायकों ने मिलकर संगीत का शानदार माहौल बनाया। 'प्रिंस ऑफ भांगड़ा' के नाम से मशहूर सुखबीर ने अपने डांस ट्रूप के साथ अपने लोकप्रिय पंजाबी गीत 'ओ हो हो हो - ओ हो हो हो' सहित कई हिट गाने प्रस्तुत किए। वहीं 'डांडिया क्वीन' के नाम से मशहूर फाल्गुनी पाठक ने लगभग 50 डांसरों के साथ गुजराती लोकगीतों और बॉलीवुड गीतों से कार्यक्रम की शुरुआत की। लैटिनो गायक-गीतकार मार्टिन ने अपनी प्रस्तुति का समापन अपने सबसे बड़े हिट गाने 'मारिया' और 'ला कोपा डि ला विदा' के साथ किया। नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में मौजूद दर्शक इन प्रस्तुतियों से झूम उठे।

# लक्ष्य का साहसिक अभियान आल इंग्लैंड ओपन फाइनल में थमा, उपविजेता रहे



**बर्मिंघम :** लक्ष्य सेन ने पूरा जुझारूपन दिखाया लेकिन आल इंग्लैंड बैडमिंटन खिताब के लिये भारत का 25 साल का इंतजार खत्म नहीं कर सके और पुरूष एकल फाइनल में रविवार को चीनी ताइपै के लिन चुन यी से हार गए। चार साल पहले उपविजेता रहे लक्ष्य दूसरी बार आल इंग्लैंड फाइनल खेल रहे थे। अलमोड़ा के 24 वर्ष के इस खिलाड़ी को 57 मिनट तक चले मुकाबले में 15 . 21, 20 . 22 से पराजय झेलनी पड़ी। लक्ष्य ने बाद में कहा ,'' यह अच्छा मैच था। पहले गेम में वह बेहतर खेल रहा था लेकिन मैं दूसरे में बेहतर वापसी कर सकता था। इस पूरे सप्ताह हालांकि अपने प्रदर्शन से मैं खुश हूं।' उन्होंने कहा ,'' मैच के बारे में सोचकर भावुक हो रहा हूं। लेकिन बहुत कुछ सकारात्मक रहा।'' लिन आल इंग्लैंड पुरूष एकल खिताब जीतने वाले चीनी ताइपै के पहले खिलाड़ी बन गए। भारत के लिये प्रकाश पादुकोण (1980) और पुलेला गोपीचंद (2001) ही आल इंग्लैंड पुरूष एकल खिताब जीत सके हैं। प्रकाश नाथ (1947) और साइना नेहवाल (2015) भी करीब पहुंचे थे लेकिन उपविजेता रहे।

## एफआईएच महिला विश्व कप क्वालीफायर्स में भारत ने उरुग्वे को 4-0 से हराया

**हैदराबाद :** भारतीय महिला हॉकी टीम ने रविवार को यहां उरुग्वे पर 4-0 की शानदार जीत से एफआईएच विश्व कप क्वालीफायर्स 2026 अभियान की शुरुआत की। घरेलू टीम के लिए सुनेलिता टोप्पो (21वें मिनट), इशिका (40वें मिनट), लालरेमसियामी (49वें मिनट) और रुतुजा दादासो पिसल (58वें मिनट) ने गोल किए। भारत का अगला मुकाबला सोमवार को स्कॉटलैंड से होगा।

## डायमंड हार्बर की आईएफएल में पहली जीत

**कल्याणी :** डायमंड हार्बर एफसी ने रविवार को यहां कल्याणी स्टेडियम में डेम्पो एससी को 2-1 से हराकर इंडियन फुटबॉल लीग (आईएफएल) 2025-26 में अपनी पहली जीत दर्ज की। डायमंड हार्बर के लिए एंटोनियो मोयानो और ह्यूगो डियाज ने गोल किया। डेम्पो एससी की ओर से मार्कस जोसेफ ने एकमात्र गोल किया। दिन के दूसरे मैच में शिलांग लाजोंग एफसी ने एक गोल से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए रीयल कश्मीर एफसी को हराकर सत्र की अपनी पहली जीत हासिल की। रीयल कश्मीर के लिए सेइजोसेफ हाओकिप ने पहला गोल किया जबकि फ्रांगकी बुआम और केनस्टार खारशोंग के गोल से शिलांग लाजोंग को पूरे तीन अंक मिले।

## शिवम लोहकरे ने पुरुष भाला फेंक में स्वर्ण पदक जीता

**पटियाला :** भाला फेंक एथलीट शिवम लोहकरे ने रविवार को यहां इंडियन ओपन थ्रो प्रतियोगिता के पांचवें चरण के अंतिम दिन 81.08 मीटर दूर भाला फेंककर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। लोहकरे पहले ही थ्रो में 81.08 मीटर का शानदार प्रदर्शन करने के बाद बाकी पांच प्रयासों में कोई अंक दर्ज नहीं कर सके। एसएससीबी का प्रतिनिधित्व कर रहे आनंद सिंह ने 76.94 मीटर के थ्रो से रजत पदक जीता जबकि ओडिशा के अनुभवी भाला फेंक खिलाड़ी और एशियाई खेलों के पदक विजेता किशोर कुमार जेना ने 74.75 मीटर की दूरी से कांस्य पदक हासिल किया।

# ऑस्ट्रेलिया ने एकमात्र टेस्ट में भारत को 10 विकेट से रौंदा



**पर्थ :** ऑस्ट्रेलिया ने महिलाओं के एकमात्र दिन-रात्रि क्रिकेट टेस्ट में अपना दबदबा बरकरार रखते हुए रविवार को यहां तीसरे दिन भारत के खिलाफ 10 विकेट की आसान जीत दर्ज की। ऑस्ट्रेलिया ने भारत को दूसरी पारी में 149 रन पर समेटने के बाद 25 रन के मामूली लक्ष्य को बिना किसी परेशानी के हासिल कर लिया। यह कप्तान एलिसा हीली के लिए शानदार विदाई रही जिन्होंने अपने करियर का अंत एक ऐसे विरोधी पर शानदार जीत के साथ किया जिसके खिलाफ उन्होंने हमेशा अच्छा प्रदर्शन किया। भारतीय टीम अपनी दूसरी पारी में छह विकेट पर 105 रन से आगे खेलते हुए 48.2 ओवर में 149 रन पर सिमट गई जिसमें प्रतिका रावल ने 137 गेंद में 63 रन की पारी खेली। एशले गार्डनर (आठ रन पर दो विकेट) ने कल की दोनों नाबाद बल्लेबाजों स्नेहा राणा (30) और प्रतिका को आउट किया। गार्डनर ने स्नेह को बोल्ड करके इस साझेदारी को तोड़ा।
प्रतिका भी इसके बाद ऑफ स्पिनर गार्डनर की गेंद को पुल करने की कोशिश में हवा में लहरा गईं और मैच की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी एनाबेल सदरलैंड ने उनका शानदार कैच लपका जिससे भारतीय पारी का अंत हुआ। ऑस्ट्रेलिया की सबसे सफल गेंदबाज लूसी हैमिल्टन रहीं जिन्होंने 32 रन पर तीन विकेट चटकाए जबकि सदरलैंड ने 15 और एलेना किंगा ने 23 रन पर दो-दो विकेट हासिल किए। ऑस्ट्रेलिया को जीत के लिए सिर्फ 25 रन की दरकार थी और सलामी बल्लेबाजों जॉर्जिया वोल (नाबाद 16) और फोबे लिचफील्ड (नाबाद 11) ने 4.3 ओवर में ही बिना विकेट खोए 28 रन बनाकर मेजबान टीम को जीत दिला दी। इससे पूर्व भारत ने पहली पारी में 198 रन बनाए थे जिसके जवाब में ऑस्ट्रेलिया ने सदरलैंड के 129 रन की मदद से 323 रन बनाकर मेजबान टीम को पहली पारी में अहम बढ़त दिलाई थी। मैच के बाद भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर ने कहा, ''हमने टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला जीतकर अच्छी शुरुआत की लेकिन एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय और टेस्ट मैच में अच्छा काम जारी नहीं रख सके लेकिन ऑस्ट्रेलिया में पूर्ण श्रृंखला खेलना एक अच्छा अनुभव था। गुलाबी गेंद का टेस्ट एक अलग चुनौती थी।'' ऑस्ट्रेलियाई कप्तान हीली ने कहा, ''टी20 श्रृंखला में हार के बाद वापसी करना अविश्वसनीय था और मुझे टीम पर गर्व है। इस टीम को आगे बढ़ते और कुछ अच्छे नतीजे हासिल करते देखकर खुश हूं। पिछले एक हफ्ते से अधिक का समय बहुत बढ़िया रहा।''

वर्ष 10, पूर्णांक 3525 अंक 335 RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सरोज राय द्वारा रजि. 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित। सम्पादक- अनिल कुमार राय (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), कॉर्पोरेट आफिस : 230, चित्तरंजन एवेन्यू, कोलकाता-700 006, विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in